# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 06 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 213, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 308 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट रही और सेंसेक्स 308 अंक की गिरावट के साथ 80,710 .25 अंक पर बंद हुआ। } 14

## मुद्रा तरुण प्लस योजना के तहत जारी किये चार हजार नौ सौ करोड़

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा बैंकों ने मुद्रा योजना की तरुण प्लस श्रेणी के तहत 34,697 लेनदारों के लिए 4,930 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए हैं। } 16



# उत्तरकाशी में फटा विनाशकारी बादल, बाढ़ में सैकड़ों लापता

### चार लोगों की मौत, दो दर्जन होटल मलबे में दबे, धराली में भारी तबाही, पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख, सीएम धामी को हर संभव मदद का दिया भरोसा

प्रमुख संवाददाता

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के पर्वतीय जनपद उत्तरकाशी में मंगलवार की दोपहर प्रकृति का भयानक तांडव देखने को मिला। गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थल हर्षिल क्षेत्र के समीप धराली गांव में दोपहर लगभग 1:50 बजे खीर गढ़ में अचानक बादल फटने से आई बाढ़ और मलबे ने पूरे क्षेत्र को तबाह कर दिया। कुछ ही मिनटों में थराली बाजार जलप्रलय की चपेट में आ गया।

प्राकृतिक आपदा इतनी तेज थी कि दर्जनों दुकानें, वाहन, होटल और होम स्टे देखते ही देखते मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 20 मीटर तक ऊंचा मलबा कुछ ही क्षणों में पूरे बाजार में भर गया, जिससे कई लोग फंसे रह गए। स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक हताहतों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 1012 लोगों के लापता या प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इलाके में मोबाइल नेटवर्क और बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे संचार बाधित हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियां सक्रिय हो गईं। आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्यों में जुट गई हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए भारी मशीनरी और विशेषज्ञ खोजी दल लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा को अत्यंत दुखद और पीड़ादायक बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राहत कार्यों को तेज करने के लिए दो चिनूक और दो एमआई हेलीकॉप्टर की मांग की है। लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में हूं और घटनास्थल की पल-पल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सीएम धामी ने यह भी कहा कि प्राथमिकता फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने और घायलों को इलाज पहुंचाने की है। आपदा की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से फोन पर बात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने इस दुखद त्रासदी पर शोक जताते हुए कहा कि राज्य सरकार को हरसंभव केंद्रीय सहायता दी जाएगी। प्रभावित नागरिकों को शीघ्र राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग और एनडीआरएफ को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। शाह ने मुख्यमंत्री से संपर्क कर कहा कि केंद्र सरकार राज्य के साथ खड़ी है और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बल भी भेजे जाएंगे। राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जो लगातार राहत एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहा है। पीड़ितों और उनके परिजनों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि लोग राहत और पुनर्वास से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकें। धराली की यह घटना उत्तराखंड की हालिया सबसे गंभीर आपदाओं में से एक मानी जा रही है। राज्यभर में इस त्रासदी को लेकर गहरी चिंता और शोक की लहर है। सामाजिक ...शेष पृष्ठ 14 पर





## प्रधानमंत्री मोदी ने प्रभावितों के प्रति व्यक्त कीं शोक संवेदना



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तरकाशी के धराली में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों को पूरी मदद का आश्वासन दिया है। मोदी ने एक्स पर लिखा मैं उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही, मैं सभी प्रभावित लोगों की कुशलता की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमित शाह ने सीएम धामी से की बात, बचाव के लिए भेजीं टीमें



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर धराली में अचानक आई बाढ़ के बारे में जानकारी ली और प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सात बचाव टीम भेजने का आदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि धराली में बादल फटने के कारण खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से चार व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा कई मकान और होटल तबाह हो गए। शाह ने एक्स पर लिखा धराली (उत्तरकाशी) ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रभावितों की मदद के लिए हर संभव प्रयास जारी : धामी



उत्तरकाशी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली में हुए भारी नुकसान पर दुख जताया और प्रभावितों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि सेना, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) तथा जिला प्रशासन की टीम राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। धामी ने कहा कि वह निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में हैं और स्थिति की नियमित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सेना का कैम्प भी चपेट में आया, कई जवान लापता

निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से 8-10 भारतीय सेना के जवान लापता बताए जा रहे हैं। इस घटना में अपने साथ के लोगों के लापता होने के बावजूद, भारतीय सेना के जवान राहत कार्यों में लगे हुए हैं। एसडीआरएफ की पोस्ट भटवाड़ी व गंगोत्री से रेस्क्यू टीमें उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई है। रेस्क्यू टीम द्वारा सैटेलाइट फोन के माध्यम से अवगत कराया गया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र से अभी तक 60 से 70 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। एसडीआरएफ की अन्य टीमें रास्ते में है जो जल्दी ही प्रभावित क्षेत्र में पहुंच जाएगी। धराली में आपदा और मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए कल बुधवार को उत्तरकाशी के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार, सेना का हर्षिल कैंप घटनास्थल से केवल चार किलोमीटर दूर है और इस कारण सेना के करीब 150 जवान केवल 10 मिनट में ही वहां पहुंच गए और 20 ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन



नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मलिक के निजी स्टाफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार अपराह्न चार बजे लोदी रोड स्थित श्मशान घाट में होगा।

## ट्रंप ने भारत को दी और टैरिफ बढ़ाने की धमकी

### रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर जतायी नाराजगी

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है और वह अगले 24 घंटों में इस दक्षिण एशियाई देश पर शुल्क को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएंगे।

ट्रंप ने सीएनबीसी स्क्वॉक बॉक्स को दिए साक्षात्कार में कहा भारत के बारे में लोग जो कहना पसंद नहीं करते, वह यह है कि वह सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाला देश है। उसका शुल्क किसी भी देश से ज्यादा है। हम भारत के साथ बहुत कम व्यापार करते हैं क्योंकि उसके शुल्क बहुत ज्यादा हैं। उन्होंने कहा भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है। वह हमारे साथ काफी व्यापार करता है, लेकिन हम उसके साथ व्यापार नहीं करते। इसलिए हमने 25 प्रतिशत शुल्क पर समझौता किया, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटों में इसे काफी बढ़ा दूंगा, क्योंकि वे रूस से कच्चा तेल खरीद रहे हैं। वे जंगी मशीन को ईंधन मुहैया करा रहे हैं। और अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, तो मुझे खुशी ...शेष पृष्ठ 14 पर




## राजग ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी को किया सम्मानित

### गठबंधन की स्वाभाविक और जैविक रूप से सामूहिक पहचान स्थापित करने पर दिया जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों को मंगलवार को करीब एक साल से अधिक समय के अंतराल के बाद संबोधित करते हुए स्वाभाविक और जैविक गठबंधन के रूप में इसकी (गठबंधन) सामूहिक पहचान स्थापित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि 1998 में राजग की स्थापना के बाद से इसकी यात्रा सफलताओं से भरी हुई है तथा इसमें और भी कई उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राजग के अन्य घटक दलों को सत्तारूढ़ गठबंधन के हिस्से के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में उनकी अपनी पार्टी अपने सहयोगियों की तुलना में कमजोर हो सकती है। राजग के संसदीय दल की पिछली बैठक दो जुलाई, 2024 को हुई थी। करीब एक साल के अंतराल ...शेष पृष्ठ 14 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- अब योगी राज में हो रही निवेश क्रांति (पृष्ठ-02)
- रालोद में प्रकोष्ठों के प्रभारियों की हुई नियुक्ति (पृष्ठ-02)
- सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 11 महीने के उच्च स्तर पर (पृष्ठ-14)
- रुपया 16 पैसे टूटकर 87.82 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- नीतिगत ब्याज दर पर आज आएगा फैसला (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

सीएम योगी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण, एनडीआरएफ की 16, एसडीआरएफ की 18 तथा पीएसी फ्लड यूनिट की 31 टीमें तैनात

## बाढ़ प्रभावित जिलों के राहत-बचाव कार्यों में लायें तेजी

जिला संवाददाता

औरैया (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य के 21 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं और सभी में तेजी से राहत व बचाव का कार्य जारी हैं। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को औरैया कलेक्ट्रेट में राहत सामग्री बांटी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा पिछले 10-15 दिन में अत्यधिक बरसात के कारण उत्तर प्रदेश के 21 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण और राहत कार्यों के कुशल संचालन के लिए हर जनपद में प्रभारी मंत्रियों को तैनात किया गया है। योगी ने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में बाढ़ राहत कार्यों के कुशल संचालन और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने पीएसी की बाढ़ इकाई, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की 16, एसडीआरएफ की 18 तथा पीएसी फ्लड यूनिट की 31 टीम बाढ़ प्रभावित ...शेष पृष्ठ 14 पर





## बाढ़ से 24 जिलों के 1245 गांव प्रभावित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों और राहत विभाग के अधिकारी लगातार राहत कार्यों में लगे हुए हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 24 जिलों की 59 तहसीलें और 1245 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में बाढ़ से 2,06910 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने इला. हाईकोर्ट जज को क्रिमिनल केसों की सुनवाई से रोका

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक अप्रत्याशित आदेश में, उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को कार्यकाल समाप्त होने तक आपराधिक मामलों की सुनवाई से हटा दिया है। यह कार्वाई तब की गई जब न्यायाधीश ने एक दीवानी विवाद में त्रुटिपूर्वक आपराधिक प्रकृति के समन को बरकरार रखा।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश पर कड़ा रुख अपनाते हुए न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने उनकी (न्यायाधीश की) सेवानिवृत्ति तक उनके रोस्टर से आपराधिक मामलों को हटाने का निर्देश दिया और उन्हें एक खंडपीठ में वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ बैठने का कार्य सौंपा। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने एक कंपनी के खिलाफ मजिस्ट्रेट के समन आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया था। इस कंपनी पर दीवानी प्रकृति के एक व्यापारिक लेनदेन में शेष राशि का भुगतान न करने का आरोप था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि शिकायतकर्ता को राशि वसूलने के लिए दीवानी उपाय अपनाने के लिए कहना अनुचित है, क्योंकि इसमें बहुत समय लगता है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश को त्रुटिपूर्ण बताते ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कभी गड्ढों से होती थी यूपी की पहचान, आज एक्सप्रेस-वे दिला रहे सम्मान

## 2017 से पहले यूपी में था बुनियादी सुविधाओं का अभाव, आज सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर का राष्ट्रीय मॉडल बना

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, जो कभी गड्ढों से भरी सड़कों, बदहाल बुनियादी ढांचे और विकास की सुस्त रफ्तार के लिए पहचाना जाता था, आज देश के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में शुमार हो चुका है। 2017 से पहले की सरकारों के कार्यकाल में न तो ठोस इच्छाशक्ति थी और न ही स्पष्ट योजना।

- अब एक्सप्रेसवे और बेहतरीन कनेक्टिविटी दे रहे विकास को नयी रफ्तार
- 2017 के बाद रोड कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी के साथ वॉटरवेज के माध्यम से कनेक्टिविटी को मिला विस्तार
- आज उत्तर प्रदेश के पास 16 एयरपोर्ट और 4 इंटरनेशनल टर्मिनल, यूपी में सबसे ज्यादा शहरों में मेट्रो नेटवर्क

राज्य में निवेश का सूखा था, सड़कों की हालत जर्जर थी, हवाई और रेल कनेक्टिविटी सीमित थी और शहरी विकास अव्यवस्थित था। 'एक जिला, एक माफिया' की पहचान वाला उत्तर प्रदेश, कानून-व्यवस्था और अधोसंरचना दोनों के मामले में पिछड़ा हुआ माना जाता था। लेकिन 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब प्रदेश में सुशासन की बागडोर संभाली गई, तब केंद्र-राज्य समन्वय की बदौलत उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति की नींव पड़ी। आज एक्सप्रेसवे से लेकर एयरपोर्ट तक, मेट्रो से लेकर वॉटरवे तक हर क्षेत्र में यूपी देश को नेतृत्व दे रहा है। आज सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की नई आर्थिक रफ्तार का इंजन बन चुका है।

**बदहाल सड़क से लेकर एक्सप्रेसवे के विस्तार तक :** 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गड्ढायुक्त सड़कों से होती थी। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे अधूरा था और पूर्वांचल, बुंदेलखंड तथा गंगा एक्सप्रेसवे जैसी योजनाएं केवल फाइलों में सिमटी थीं। गांव और कस्बे शहरों से कटे हुए थे, जिससे आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती थीं। आज वही प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और आने वाले दिनों में गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7 एक्सप्रेसवे संचालित हो रहे हैं, जबकि 15 एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन और प्रस्तावित हैं। गंगा एक्सप्रेसवे के पूरा होते ही देश में हर 10 में 6 किमी. एक्सप्रेसवे का हिस्सा उत्तर प्रदेश में होगा। यूपी में एक्सप्रेसवे न केवल राजधानी या बड़े शहरों, बल्कि बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई जैसे क्षेत्रों को भी जोड़ रहे हैं। यही नहीं, प्रत्येक एक्सप्रेसवे के साथ औद्योगिक क्लस्टर, एमएसएमई पार्क और कृषि आधारित व्यवसाय विकसित किए जा रहे हैं जो अर्थव्यवस्ता और रोजगार को बढ़ावा दे रहे हैं।

**हवाई कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक छलांग :** 2017 से पहले यूपी में केवल लखनऊ और गोरखपुर एयरपोर्ट प्रमुख रूप से क्रियाशील थे। इंटरनेशनल कनेक्टिविटी केवल लखनऊ तक सीमित थी। आज उत्तर प्रदेश में 16 हवाई अड्डे क्रियाशील हैं, जिनमें 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट (लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर, अयोध्या) शामिल हैं। जेवर में देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है, जिसके 2025 के अंत तक परिचालन में आने की पूरी संभावना है। प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट और 16 घरेलू हवाई अड्डों के साथ 21 एयरपोर्ट वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

**रेल, मेट्रो और वॉटरवे में भी क्रांति :** 2017 से पहले केवल लखनऊ मेट्रो पर काम चल रहा था, जिसकी रफ्तार भी बेहद धीमी थी। आज यूपी में लखनऊ, कानपुर और आगरा समेत 5 शहरों में मेट्रो की सुविधा है, जबकि दिल्लीझ्रमेरठ के बीच देश की पहली रैपिड रेल शुरू हो चुकी है और जल्द ही मेरठ में मेट्रो सुविधा शुरू होने वाली है। इसके अतिरिक्त कई अन्य शहरों (प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, बरेली) में मेट्रो ग्राउंड-वर्क जारी है, जिन्हें 2025झ्र26 तक चरणबद्ध तरीके से शुरू करने की योजना है। इस तरह, यूपी अब देश का वह राज्य है जिसमें सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हैं। वहीं, वाराणसी से हल्दिया तक वॉटरवे और अन्य जलमार्गों पर भी काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश में भारत का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क (16 हजार किमी. से अधिक) है।

**औद्योगिक ढांचे में नयी ऊर्जा :** 2017 से पहले यूपी निवेश के नक्शे से बाहर था। लॉजिस्टिक हब और वेयरहाउसिंग की कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। आज जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल डिवाइस पार्क और डेटा सेंटर पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स से यूपी निवेश और रोजगार का हब बनता जा रहा है। केवल यीडा क्षेत्र में ही 2023-25 के दौरान 27,521 करोड़ का निवेश और 16,405 नए रोजगार सृजित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, लखनऊ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांस गंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, वाराणसी में पहला फ्रेट विलेज समेत कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

**शहरी विकास में नयी पहचान :** 2017 से पहले यूपी के शहर कूड़े और अराजकता के लिए बदनाम थे। आज 17 नगर निगम स्मार्ट सिटी बन चुके हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सभी 17 नगर निगमों में 10 हजार 300 करोड़ से अदिक की 757 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। लखनऊ, कानपुर और वाराणसी को स्टेट डेवलपमेंट रीजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीसीटीवी नेटवर्क, सेफ सिटी प्रोजेक्ट और क्लीन सिटी मिशन ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी शुरू होने जा रही है।

**ग्रामीण कनेक्टिविटी से व्यापार और सेवा पहुंच मजबूत :** बीते 8 वर्षों में प्रतिदिन औसतन 11 किमी नई सड़क और 9 किमी सड़क चौड़ीकरण हुआ है। अब तक 32,000+ किमी ग्रामीण मार्ग और 25,000 किमी सड़कें सुदृढ़ हो चुकी हैं। हर जिला मुख्यालय को फोरलेन, तहसील को फोरलेन और ब्लॉक को टू/फोरलेन सड़कों से जोड़ने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए सुधार से पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। 2017 में जहां यूपी में 21 करोड़ पर्यटक आते थे, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ तक पहुंच गई। प्रयागराज महाकुंभ में ही 67 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। बढ़ती कनेक्टिविटी, धार्मिक शहरों का कायाकल्प और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ने यूपी को पर्यटन की राजधानी बना दिया है।

- 17 नगर निगम बने स्मार्ट सिटी, शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर में भी हुआ है क्रांतिकारी बदलाव
- सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की नई आर्थिक रफ्तार का बन चुका है इंजन

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाकर लोगों का करें स्वास्थ्य परीक्षण :केशव

## विद्युत फाल्ट की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कौशाम्बी के माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जनपद कौशांबी में बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि बाढ़/वर्षा के कारण जिन लोगों के मकान गिर गए हैं, उन सभी लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना की सुविधा से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करें, जिससे बीमारियां न फैले, इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिया जाय। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित किया जाय। बाढ़ का पानी घटने के बाद हुई फसल क्षति का सर्वे कराकर शीघ्र ही संबंधित किसानों को उनकी फसल क्षति का मुआवजा उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने अधीक्षण अभियंता, विद्युत से कहा कि मां शीतला धाम में खराब ट्रांसफार्मर को आज ही बदलवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद के नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों एवं महत्वपूर्ण स्थानों के लिए स्टॉक में ट्रांसफार्मर रखा जाय, ताकि खराब होने पर तत्काल ट्रांसफार्मर बदला जा सकें। विद्युत फाल्ट की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि पर भी विशेष ध्यान देते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित कर दिए जाय।

- प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने जनपद कौशाम्बी के अधिकारियों के साथ की बैठक

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अझुवा में फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से लाभान्वित किये गये लाभार्थियों का सर्वे कर उन्हें अन्य विभिन्न योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कहा कि वर्षा के दृष्टिगत वर्षा का जल अमृत सरोवरों व तालाबों में जा रहा है या नहीं, इसे देख लिया जाए तथा आवश्यक कार्यवाही करा लिया जाय। वृहद वृक्षारोपण अन्तर्गत रोपित किए गए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाय।

जनपद में गठित स्वयं सहायता समूहों की समीक्षा कर समूहों के सुचारू रूप से संचालन को सुनिश्चित कराया जाय। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उद्यम करने के लिए उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि आगामी त्यौहार के दृष्टिगत विशेष सजगता बरती जाय। जनपद में आपराधिक घटनायें न होने पाए, आवश्यक कार्रवाई पूर्व में ही सुनिश्चित कर लिया जाए।

# विधानसभाध्यक्ष ने सत्र की तैयारियों का लिया जायजा



**लखनऊ।** आगामी 11 अगस्त से शुरू होने वाले वर्ष 2025 के द्वितीय सत्र के मद्देनजर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, अपर महानिदेशक, सुरक्षा, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग, पुलिस आयुक्त, लखनऊ, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ, जिलाधिकारी, लखनऊ, नगर आयुक्त, लखनऊ, विशेष सचिव एवं राज्य सम्पत्ति अधिकारी, हेड मार्शल, विधान परिषद एवं विधानसभा, अपर पुलिस उपायुक्त, विधान भवन सुरक्षा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, विधान भवन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहत सहायता दिये जाने के लिए 164 लाख रुपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश के राजस्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा घोषित विभिन्न आपदाओं से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों को राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिए 164 लाख रुपए मंजूर किये हैं। यह धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि के तहत मंजूर की गयी है। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार हमीरपुर के लिए 01 करोड़ रुपए, प्रयागराज के लिए 60 लाख रुपए तथा मैनपुरी के लिए 04 लाख रुपए मंजूर किये गये हैं। शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि स्वीकृत धनराशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित जनपदीय कोषागार से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट (डी.बी.टी.) के माध्यम से ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

# पुलिस के डर से पीडीए पाठशाला नहीं रुकने वाली : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती पर माल्यार्पण कर किया नमन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के खिलाफ है। जो शिक्षा के खिलाफ हैं वे सबसे बड़े माफिया हैं। भाजपा सरकार पढ़ाई को लेकर एफआईआर लिखा रही है। अंग्रेजों ने भी कभी पढ़ाई को लेकर एफआईआर नहीं लिखायी थी। भाजपा सरकार सोचती है कि पुलिस के बल पर पीडीए पाठशाला बंद कर देगी तो यह उसकी गलतफहमी है। हम समाजवादियों ने संकल्प लिया है कि जब तक सरकार बंद किए स्कूलों में अध्यापक और प्रिंसिपल नहीं पहुंचा देगी तब तक समाजवादियों की पीडीए पाठशाला और पीडीए ट्यूशन चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के डर से पीडीए पाठशाला नहीं रुकने वाली है। प्राथमिक स्कूलों को बंद और मर्जर करने का फैसला गलत है, यह सरकार ने स्वीकार कर लिया है। मर्जर योजना खत्म होनी चाहिए। सरकार बंद किए स्कूल फिर से खोले।

- सपा अध्यक्ष ने कहा, सरकार ने बंद किए स्कूल फिर से खोले

गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्रा पार्क में अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में नए स्कूल बनाए गए थे। अभिनव स्कूल खोले थे। राजधानी लखनऊ में संस्कृति स्कूल खोला गया लेकिन भाजपा सरकार ने नहीं चलने दिया। मुख्यमंत्री को पाठशालाओं में जाना चाहिए। देखना चाहिए कि स्कूलों की हालत कितनी जर्जर है। मुख्यमंत्री के जिले में पाठशाला की छत गिरी बच्चे घायल हो गये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पास जनता को दिखाने के लिए अपना कोई काम नहीं है। जनेश्वर मिश्रा पार्क समाजवादियों ने बनाया। इसके गेट पर भाजपा सरकार के लोगों ने अपना पत्थर और होर्डिंग लगा दिया है। इस सरकार ने पार्क को बर्बाद कर दिया। सरकार के पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं होता है तो झूठा मुकदमा लगाकर लोगों को जेल भेजना शुरू कर देती हैं। उन्होंने पंचायती राज विभाग से जाति और धर्म विशेष को लेकर जारी पत्र को भाजपा सरकार की सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जो भी गैरकानूनी हो उसके खिलाफ कार्रवाई हो लेकिन एक जाति और धर्म विशेष को टारगेट करना संविधान विरोधी काम है। हम इसके खिलाफ कोर्ट जायेंगे। न्याय पालिका तुरंत संज्ञान ले। यादव ने कहा कि पीडीए को जितना प्रताड़ित किया जाएगा, पीडीए एकता उतनी ज्यादा बढ़ेगी। भाजपा सरकार बुनियादी मुद्दों बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बाढ़ से ध्यान हटाने और बहस बदलने के लिए इसी तरह के हथकंडे अपनाती है। भाजपा ने पहले सांसद इकरा हसन के खिलाफ अपने लोगों से कहलाया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर सांसद डिम्पल यादव के खिलाफ भी अपने लोगों से बयान दिलाया। तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे भाजपा की मानसिकता उजागर होती है लेकिन पीडीए के लोग जागरूक हैं। इन बातों पर ध्यान नहीं देंगे। पीडीए का लक्ष्य भाजपा का सफाया करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा भाजपा के लोगों ने किया है।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर दलों ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर विभिन्न राजनैतिक दलों ने शोक व्यक्त किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया। ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति देने की कामना की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनायें जतायी। वहीं, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के पांच दशकों में अनेक संवेदनशील पदों पर कार्य करते हुए भारतीय राजनीति और समाज सेवा में जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से क्षति अवर्णनीय है। उनकी आत्मा को शांति मिले और परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति मिले। इस प्रकार पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर रालोद ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी के नेताओं ने उन्हें जनहित, किसान हित और ईमानदारी की बुलंद आवाज बताया। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सत्यपाल मलिक का संपूर्ण जीवन संघर्ष, सच्चाई और सिद्धांतों के लिए समर्पित रहा। वह न केवल विभिन्न राज्यों के राज्यपाल के रूप में गरिमामय भूमिका में रहे, बल्कि किसानों, युवाओं और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज भी बने। उनके स्पष्ट विचार, निर्भीकता और साहसी वक्तव्यों ने उन्हें जननेता के रूप में एक विशेष पहचान दिलाई। रालोद परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस दुःखद क्षति को सहन करने की शक्ति दे।

# रोजगार मेले में 56 युवाओं का हुआ चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में वेकमेट इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, बी-एबल फाउंडेशन (डॉ. लाल पैथलैब्स) तथा श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक युवाओं को चयनित करने का आग्रह किया और चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र जॉइनिंग हेतु प्रेरित भी किया। एम.ए. खाँ, ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि रोजगार मेले में 78 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 56 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित युवाओं को कंपनियों द्वारा 10,000 से 19,000 रूपए प्रतिमाह तक का वेतन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो अभ्यर्थी इस मेले में भाग नहीं ले सके, वे आगामी रोजगार मेले में 21 अगस्त 2025 को आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस रोजगार मेले को सफल बनाने में मकबूल कादिर, जेड रहमान (अनुदेशक), ग्रे सिम फाउंडेशन तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# कालिंजर किला बनेगा पर्यटन हब : जयवीर सिंह

## कालिंजर-पन्ना एवं कालिंजर बांदा मार्ग पर डेकोरेटिव पथ प्रकाश व्यवस्था पर 4 करोड़ रुपये होंगे खर्च

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा जिले स्थित ऐतिहासिक कालिंजर किले में अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 12 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही कालिंजर-पन्ना एवं कालिंजर-बांदा मार्ग पर डेकोरेटिव पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 04 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। दोनों परियोजनाओं के लिए कुल 16 करोड़ रुपए राशि की स्वीकृति मिली है।

- 16 करोड़ की योजनाओं से होगा समग्र विकास

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बांदा जनपद स्थित कालिंजर का किला देशी-विदेशी पर्यटकों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा है। पर्यटन विभाग किले और उसके आसपास सुविधाओं का विकास कर हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मानसून के दस्तक देते ही बुंदेलखंड की धरती हरियाली से ढक जाती है। झरनों, तालाबों और नदियों में उफान के साथ पूरा क्षेत्र मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। विंध्य पर्वतमाला पर स्थित ऐतिहासिक कालिंजर किला मानसून की बूंदों के बीच बेहद आकर्षक नजर आता है। लगभग 800 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह किला न केवल स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि भारत के सबसे विशाल और मजबूत किलों में भी गिना जाता है। मानसूनी मौसम में इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। जयवीर सिंह ने बताया कि कालिंजर किला देखने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। वर्ष 2022 में कालिंजर आने वालों की संख्या 1,35,566 थी, जो 2023 में बढ़कर 4,54,177 हो गई। साल 2024 में पर्यटकों की संख्या लगभग 6,25,000 रही, तो मौजूदा वर्ष 2025 के जनवरी से जुलाई तक करीब 4,03,012 रही है। पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी के पीछे सरकार द्वारा विरासत पर्यटन को प्रोत्साहन, बेहतर पहुंच व्यवस्था और डिजिटल प्रचार-प्रसार जैसे प्रयास प्रमुख रहे हैं। पर्यटकों की लगातार बढ़ती रुचि को देखते हुए विभाग किले में पर्यटक सुविधाओं के विस्तार की योजना पर काम कर रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि ऐतिहासिक कालिंजर किले को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। कालिंजर-पन्ना एवं कालिंजर-बांदा मार्गों पर डेकोरेटिव पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 04 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना से इन मार्गों पर रात्रिकालीन दृश्यता बेहतर होगी और पर्यटकों को आकर्षक वातावरण मिलेगा। परियोजना का उद्देश्य न केवल पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय विकास और यातायात की सुविधा भी सुनिश्चित करना है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कालिंजर किले को विरासत पर्यटन के मानचित्र पर विशेष रूप से उभारने के लिए व्यापक योजना बनाई है। इस दिशा में किले के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है।

# बिजली दरों में कमी पर आयोग ने तलब की रिपोर्ट

**लखनऊ।** बिजली की नई दरें तय करने के लिए हुई सुनवाई में बिजली दरों में कमी और प्रस्तावित निजीकरण रद्द किए जाने की मांग पर आयोग ने बिजली कंपनियों से रिपोर्ट तलब की है। बीते महीने नियामक आयोग ने बिजली की नई दरें तय करने के लिए सभी बिजली कंपनियों के प्रस्तावों पर खुली सुनवाई की थी। बिजली कंपनियों की तरफ से पावर कॉरपोरेशन ने दरों में इजाफे का प्रस्ताव दिया था जबकि राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद और अन्य उपभोक्ताओं ने मौजूदा दरों में कमी की मांग रखी थी। आयोग ने सभी बिजली कंपनियों को इस आशय का पत्र जारी करने के साथ ही पावर कॉरपोरेशन के नियामक मामलों की इकाई को भी पत्र लिखकर जवाब दाखिल करने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने मांग की थी कि उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ रुपये बकाया है। लिहाजा मौजूदा बिजली दरों में एकमुश्त 45 प्रतिशत की कमी की जाए या अगले पांच वर्षों तक हर साल 9 प्रतिशत कमी करके उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। पूर्वांचल और दक्षिणांचल को दाखिल करना होगा निजीकरण पर जवाब उपभोक्ता परिषद ने कहा कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को अब खुद निजीकरण के मसले पर जवाब दाखिल करना होगा। सुनवाई में बिजली दरों में कमी किए जाने और निजीकीरण की प्रक्रिया रद्द किए जाने की मांग उठी थी। इसके अलावा यह भी दिलचस्प होगा कि बिजली कंपनियों के जवाब के साथ ही नियामक आयोग क्या जवाब देता है। आयोग ने दोनों मसलों पर बिजली कंपनियों से बिंदुवार जवाब मांगा है। अब तक दोनों बिजली कंपनियां इस मामले में चुप थीं और पावर कॉरपोरेशन ही निजीकरण के तर्क दे रहा था। उन्होंने कहा कि अब यह मामला भी नियमन प्रक्रिया का हिस्सा बन चुका है, लिहाजा नई दरें तय होने तक निजीकरण की प्रक्रिया पर आगे बढ़ना असंवैधानिक होगा।

# 31 मार्गों के चालू कार्यों के लिए धनराशि अवमुक्त

**लखनऊ।** उप्र सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत विभिन्न मण्डलों के विभिन्न जनपदों के कुल 31 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 02 करोड़ 80 लाख 83 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 31 चालू कार्यों में जनपद कुशीनगर के 15, देवरिया के 05, सहारनपुर व बदायूं के 04-04 तथा शाहजहांपुर के 03 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल, 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कार्यों की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

# अब 9 मीटर से कम चौड़ी सरकारी सड़क पर नक्शे पास करेगा एलडीए

## नयी बिल्डिंग बायलॉज को मंजूरी व नयी योजनाओं के लिए 13,500 करोड़ रुपये पास, मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में एलडीए बोर्ड ने 62 प्रस्तावों को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने भवन निर्माण को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। अब 9 मीटर से कम चौड़ी सरकारी सड़क पर भी आवासीय भवन का मानचित्र पास कराया जा सकेगा। इससे पहले केवल 9 मीटर या उससे चौड़ी सड़कों पर ही निर्माण की अनुमति मिलती थी। हालांकि एकल आवासीय भवन मानचित्रों को कुछ शर्तों के साथ स्वीकृत किया जाएगा। 9 मीटर से कम चौड़ी कम सड़क पर मानचित्र उसी स्थिति में पास हो सकेगा, जबकि एकल आवासीय भवन मानचित्र किसी सरकारी विभाग की ओर से सड़क निर्मित हो। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मंगलवार को हुयी प्राधिकरण बोर्ड की 185वीं बैठक में विकास एवं जनहित के प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। इनमें प्रमुख रूप से नई बिल्डिंग बायलॉज, नई वरूण विहार व नैमिष नगर आवासीय योजना के लिए 13,500 करोड़ रुपये, नई ग्रुप हाउसिंग, को पास कियाग या है। इसके अलावा जेपीएन इंटरनेशनल सेंटर, नई आवासीय योजनाओं के लिए भूमि अर्जन, नियोजन, भू उपयोग तथा ले आउट परिवर्तन समेत 62 प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, बोर्ड के सदस्य पुष्कर शुक्ला एवं पीएन सिंह समेत सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राधिकरण से पास प्रस्ताव की जानकारी देते हुए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध कालोनियों को छोड़कर आवासीय भू-उपयोग में शासकीय विभागों की ओर से निर्मित नौ मीटर से कम चौड़ी सड़क पर भवन निर्माण के लिए नक्शे पास हो सकेंगे। इससे अवैध निर्माण की संख्या में कमी आएगी। मुख्य नगर नियोजक केके गौतम ने बताया कि सड़क की चौड़ाई 9 मीटर से कम होने पर भवन निर्माण के लिए मानक पूरे करने के लिए फ्रंट सेट बैक छोड़ना होगा। वहीं जो निर्माण पहले से हो चुके हैं वह शमन मानचित्र भी पास करा सकते हैं। दूसरी तरफ शहर में भवनों के निर्माण के लिए लागू किये गये न्यू बिल्डिंग बायलॉज एंड जोनिंग रेग्युलेशन-2025 को प्राधिकरण की ओर से अंगीकृत करने के प्रस्ताव को बोर्ड से मंजूरी मिल गयी है। इससे राजधानी में ऊंची इमारतों आदि के निर्माण का रास्ता साफ होगा और नियोजित विकास को बल मिलेगा।



### वरूण विहार व नैमिष नगर से शहर के विकास को लगेंगे पंख

■ आगरा एक्सप्रेस-वे पर वरूण विहार व सीतापुर-रैथा रोड पर प्रस्तावित नैमिष नगर से शहर के विकास को पंख लगेंगे। दोनों योजनाओं के सम्बंध में तैयार किये गये प्रस्तावों को बैठक में स्वीकृति मिल गयी है। जिसमें योजनाओं से जुड़े गांवों में सहमति के आधार पर भूमि खरीद को लेकर एसओपी का निर्धारण किया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे पर 2664 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्रस्तावित वरूण विहार योजना के लिए जमीन जुटाने में लगभग 7472 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च है। इसी तरह सीतापुर-रैथा रोड पर 1084 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्रस्तावित नैमिष नगर के लिए भूमि अर्जित करने में 4785 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

### नेहरू इन्क्लेव में खत्म होगा वर्षों पुराना रक्षा जमीन का विवाद

■ नेहरू इन्क्लेव योजना में सेना और प्राधिकरण के बीच जमीन को लेकर चल रहा वर्षों पुराना विवाद खत्म होगा। इसके लिए योजना में स्थित 61 एकड़ भूमि सेना के पक्ष में विनियमितीकृत की जाएगी। जिसके एवज में सेना की ओर से अवशेष 57 एकड़ भूमि को अपने कब्जे से मुक्त करते हुए सहमति से प्रकरण को निक्षेपित करना होगा। इसके अलावा ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत गोमती नदी से पिपराघाट शहीद पथ तक बंधा निर्माण के लिए रक्षा भूमि समान लागत के आधार पर लिए जाने, कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उप्र सैनिक स्कूल की निष्प्रयोज्य भूमि लेने, दि हिमालयन सहकारी आवास समिति लि. के अनरजिस्टर्ड अनुबंध को निरस्त करने तथा बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति से उसे समायोजन के तहत दी गई 14309 वर्गमीटर भूमि वापस लेने का का प्रस्ताव बोर्ड की ओर से पास किया गया है।

### जेपीएनआईसी की सोसाइटी भंग शासन को भेजा जायेगा प्रस्ताव

■ जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र परियोजना के लिए गठित जे.पी.एन.आई.सी. सोसाइटी को भंग करते हुए उसको पूर्ण कराने, संचालन एवं रख-रखाव के लिए एलडीए को दिए जाने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। अब इसके संचालन के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर शासन की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

### चारबाग में पीपीपी मोड पर बनेगा बस टर्मिनल

चारबाग में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन कारपोरेशन को आवंटित भूमि पर निजी विकासकर्ता की ओर से पीपीपी मोड पर बस टर्मिनल के निर्माण के लिए महायोजना मार्ग को ले-आउट के अनुसार 30 मीटर चौड़ा करने के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। गोमती नगर रेलवे लाईन के पास अर्जित भूमि पर नियोजन व पुनर्नियोजन, भूखण्ड संख्या-6/ बी-175 से 6/वी-180, सेक्टर-6 गोमती नगर विस्तार में 90मी0 चौडे मार्ग को 120 मी0 किये जाने का प्रस्ताव को मंजूर दी गई है।

### अडानी एयरपोर्ट के 110 एकड़ में ले-आउट प्लान मंजूर

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा अडानी लखनऊ इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि. के मध्य कन्सेशन एग्रीमेन्ट के माध्यम से संचालन के लिए दिये गये एयरपोर्ट के क्षेत्रान्तर्गत 110 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तुत ले-आउट प्लान को स्वीकृति दी गयी है।

### अवैध अध्यासियों को नियमित करेगा एलडीए

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि मंडी परिषद को आवंटित भूमि के स्थान पर अतिरिक्त भूमि की संशोधित गणना, आवंटियों की समस्याओं को दृष्टिगत रतन खण्ड योजना, रायबरेली रोड पर प्राधिकरण एवं मेसर्स यूनीटेक लि. के मध्य हुए अनुबन्ध को निरस्त किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके अलावा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवंटित आश्रयहीन व ईडब्ल्यूएस भवनों के आवंटियों को विवाद एवं अपरिहार्य कारणों से आवंटित भवनों के स्थान पर अन्य योजनाओं में भवन समायोजित किये जाने पर समायोजन तिथि से ब्याज लिये जाने का निर्णय लिया गया है। समायोजित भूखण्डों/फ्लैटों के विनिमय विलेख के लिए स्टैम्प शुल्क व अन्य शुल्क (कोर्ट फीस) प्राधिकरण की ओर से वहन किये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।

### विशेष सुख-सुविधा शुल्क बढ़ा

उपाध्यक्ष ने बताया कि शहीद पथ, किसान पथ व ग्रीन कॉरिडोर को विशेष सुख सुविधा के रूप में अधिसूचित कराने का निर्णय लिया गया है। इसके दायरे में भवन मानचित्रों पर लगने वाले विशेष सुख सुविधा शुल्क में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया कि शुल्क के मद में प्राप्त होने वाली धनराशि को अवस्थापना निधि की तरह ग्रीन कॉरिडोर (पक्का पुल से डालीगंज तक) के निर्माण में उपयोग किया जाएगा। बढोतरी के बाद भवन निर्माण के लिए लगभग 500 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से शुल्क देना होगा। हालांकि सचिव विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि अभी कमेटी बनाई गई है।

### टेलीफोन एक्सचेंज व बिजली घर की जगह बनेंगे ग्रुप हाउस

गोमती नगर योजना के विकास खण्ड-2 में नर्सिंग होम भूखण्ड से जुड़े 545.38 वर्गमीटर व्यवसायिक उपयोग की भूमि का भू-उपयोग तलपट मानचित्र में नर्सिंग होम में परिवर्तित किये जाने तथा प्राधिकरण की नियोजित विभिन्न योजनाओं में सुविधाओं के भू उपयोग को बदला जाएगा। इसके लिए गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-4 में टेलीफोन एक्सचेंज एवं 33 के0वी0 सबस्टेशन के लिए नियोजित दोनो भूखण्डों पर ग्रुप हाउसिंग उपयोग, पोस्ट ऑफिस, टेलीफोन एक्सचेंज व अन्य उपयोगों के लिए आरक्षित भूखण्डों के उपयोग परिवर्तन के लिए तलपट मानचित्र में संशोधन के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

### इन प्रस्तावों को भी दी गई मंजूरी

ट्रान्सपोर्ट नगर, कानपुर रोड योजना के तलपट मानचित्र में भूखण्ड सं.-सीपी-525 व्यवसायिक उपयोग के स्थान पर पेट्रोल पम्प (व्यवसायिक) उपयोग के लिए संशोधित किये जाने की स्वीकृति मिल गई है। मै० अंसल हाउसिंग इनरीजिंग लिविंग स्टाइलेश द्वारा विकसित की गयी सेक्टर-एम एवं एन, आशियाना कानपुर रोड योजना लखनऊ के पूर्व स्वीकृत मानचित्र में किये गये विचलन के कारण संशोधित तलपट मानचित्र स्वीकृति दी गई है। आईआईएम रोड पर प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण तथा आगरा एक्सप्रेस वे पर प्रस्तावित योजनाआओं की भूमि अधिग्रहण के लिए वित्तीय संस्थाओं से ऋण लिये जाने, नवीन योजनाओं के भूमि अधिग्रहण एवं विकास कार्यों तथा डिजिटाइजेशन, कम्प्यूटराइजेशन, नई ई.आर.पी. आदि का कार्य बजट प्राविधान किए जाने, लखनऊ विकास प्राधिकरण में दो सहायक लेखापरीक्षा / वरिष्ठ लेखापरीक्षक को मानदेय के आधार पर तैनाती तथा पीएमसी सेल के सम्बन्ध में, पीआईयू/पीएमसी अन्तर्गत तैनात सेवानिवृत्त अधिकारियों का मानदेय बढ़ाये जाने से जुड़े प्रस्ताव भी पास किए गए हैं।

### गोमती नगर समेत चार जगहों पर बनेंगे हाईटेक ग्रुप हाउसिंग फ्लैट्स

लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, ऐशबाग व बसंतकुंज योजना में हाईटेक ग्रुप हाउसिंग फ्लैट्स बनाएगा। जिनमें स्वीमिंग पूल, जिम, क्लब हाउस, योगा सेंटर, प्ले जोन, ग्रीन एरिया समेत अन्य विश्वस्तरीय आवासीय सुविधाएं होंगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर के विराज खण्ड में 4.5 एकड़, गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में राप्ति अपार्टमेंट के पास 3.5 एकड़, ऐशबाग में मिल रोड पर 4.63 एकड़ और बसंतकुंज के सेक्टर-जे में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने 3.7 एकड़ क्षेत्रफल में ग्रुप हाउसिंग का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें 3 बीएचके (स्टडी), 3 बीएचके व 2 बीएचके (स्टडी) श्रेणी के 1100 से अधिक फ्लैट्स बनाये जाएंगे। इन चारों जगहों पर ग्रुप हाउसिंग के निर्माण के लिए ऑनलाइन डिमाण्ड सर्वे भी करा लिया गया है।

### बसंतकुंज में ई-ऑटो चार्जिंग स्टेशन

बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास कालोनी के पास 1000 वर्गमीटर जमीन पर ई-ऑटो चार्जिंग स्टेशन विकसित किया जाएगा। जिसके लिए उक्त भूमि सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को प्रतिवर्ष 01 रुपये के टोकन मनी पर पांच वर्ष के लिए आवंटित की जाएगी। वहीं, देवपुर पारा स्थित एलडीए की प्रसून विहार योजना में 1832 बहुमंजिला आवासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इन भवनों में लिफ्ट, डीजी सेट, अग्निशमन संयंत्र व वाह्य विकास की नवीन विधियों का प्रावधान किया गया है। जिसके चलते योजना में निर्मित किये जा रहे 01 बीएचके, 02 बीएचके भवनों को एफोरडेबल हाउसिंग के रूप में बेचा जाएगा, जिसके लिए शीघ्र पंजीकरण खुलेगा।

### पहले आओ-पहले पाओ से बिकेंगी दुकानें

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में निर्मित करीब 152 व्यावसायिक दुकानों, हॉल व स्टोर को अब ई-नीलामी के बजाये पहले आओ-पहले पाओ योजना के तहत बेचा जाएगा। इससे आम नागरिक प्राधिकरण की आरक्षित दरों पर ही दुकानें खरीद सकेंगे। इससे व्यवसाय करना आसान होगा और लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। वहीं, नंदाखेड़ा तुलसी कॉम्पलेक्स पर काबिज 42 अध्यासियों को विस्थापन नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया गया है। प्राधिकरण के सिण्डर्स डम्प योजना स्थित व्यवसायिक भूखण्ड संख्या- सीपी 1 से सी.पी.-2 के निकट भूमि आवंटन का प्रस्ताव व प्राधिकरण में सृजित एवं संरक्षित पत्रावलियों को पूर्णतः स्कैन कर संरक्षित रखने के उपरान्त शासनादेश के क्रम में वीडिंग किए जाने का प्रस्ताव भी पास हो गया है।

### हिमालयन व बहुजन समिति का अनुबंध निरस्त जमीन वापस लेगा एलडीए

पूर्व भू माफिया दिलीप बाफिला की द हिमालयन सहकारी आवास समिति लिमिटेड तथा बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति से भूखंड खरीदने वाले सैकड़ों लोग फंस गए हैं। जांच में इन समितियों में भारी फजीवाड़ा और भ्रष्टाचार सामने आने के बाद एलडीए बोर्ड बैठक में जमीन देने के संबंध में किए गए चारों अनुबंध निरस्त कर दिए गए। एलडीए ने दिलीप बाफिला की समिति से 27 जून 2006, 27 मार्च 2007, 4 अप्रैल 2016 और 28 जनवरी 2017 को अनुबंध किए थे। अब बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति से उसे समायोजन के तहत दी गई 14309 वर्ग मीटर भूमि वापस लेने का का प्रस्ताव बोर्ड ने पास कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित करने, कामधेनु नगर प्रसार योजना के नदी में समाहित व नदी पार स्थित भूमि प्रतिकर भुगतान व गोमती नगर स्थित मखदूमपुर का प्रस्ताव भी पास किया गया है। अनुबंधों के जरिए उसे गोमतीनगर विकल्पखंड-4, विकल्पखंड-3, गोमतीनगर विस्तार, शारदानगर रतनखंड और हरदोई रोड वसंत कुंज योजना में भूखंड आवंटित किए गए थे। समिति ने ये भूखंड करोड़ों रुपये में आम लोगों को बेच दिए। समिति ने यह जमीन पुराने सदस्यों को न देकर नए लोगों को बेची, जो सहकारिता नियमों का उल्लंघन है। जांच में यह तथ्य प्रमाणित होने के बाद आवास आयुक्त ने एलडीए को अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिए थे। इसके अनुपालन में 5 अगस्त को एलडीए बोर्ड की बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस निर्णय के बाद बिल्डर को दी गई सभी जमीनें अब वापस एलडीए के कब्जे में आ जाएंगी। 14309 वर्ग मीटर भूमि वापस लेने का निर्णय दिलीप बाफिला की बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के खिलाफ भी एलडीए बोर्ड ने प्रस्ताव पारित किया है। इस समिति को पूर्व में 56,307 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई थी। जांच में पाया गया कि समिति को निर्धारित से अधिक भूमि दे दी गई थी और यहां भी पुराने सदस्यों की बजाय नए लोगों को भूखंड बेच दिए गए। 2016 में तत्कालीन अधिकारियों द्वारा समिति को अनियमित ढंग से अधिक भूमि आवंटित की गई थी। अब एलडीए बोर्ड ने निर्णय लिया है कि समिति को अतिरिक्त रूप से दी गई 14309 वर्ग मीटर भूमि वापस ली जाएगी।

# स्वदेशी को प्रधानमंत्री ने सराहा, व्यापारियों ने ली शपथ

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के आवाहन पर लखनऊ में प्रदेश के व्यापारियों का विशाल समागम सहकारिता भवन में सायं 4 बजे सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होती है स्थानीय उद्योग को बढ़ावा मिलता है। रोजगार के अवसर बढ़ते है इसके साथ ही यह देश भक्ति की भावना को बढ़ावा देता है। इससे देश के भीतर ही धन का संचालन होता है जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय निमार्ताओं और व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलता है स्वदेशी उद्योगों का विकास होता है रोजगार का सृजन होता है जिससे बेरोजगारी कम होती है, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने से लोगों में देश के प्रति प्रेम और गर्व की भावना जागृत होती है। स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन और उपयोग से अक्सर कम पर्यावरण हानिकारक होता है जिससे पर्यावरण संरक्षण में मद्द मिलती है। आत्म निर्भता को बढ़ावा देता है विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करता है। मुख्य अतिथि को प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल नगर चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र महामंत्री अनुराग मिश्र, उमेश शर्मा जितेन्द्र सिंह चैहान कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ मोमेन्टो एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल विरमानी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, देवेन्द्र गुप्ता, अनुराग मिश्र, उमेश शर्मा, भारत भूषण गुप्ता रामकुमार वर्मा रविन्द्र गुप्ता, साकेत शर्मा, सुशील तिवारी, एम के शुक्ला, सतवीर सिंह राजू, सुरेश कुमार, संजीव अग्रवाल, संचिन रस्तोगी मनीष अरोड़ा, कुश मिश्र, मौजूद रहे।

# भाषा विवि में हुई राखी-निर्माण और थाली-सज्जा प्रतियोगिता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाते हुए ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा राखी-निर्माण एवं थाली-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक शैलियों के समन्वय से रंग-बिरंगी राखियां तथा सजीव, कलात्मक पूजा थालियां तैयार कीं।

प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों में सांस्कृतिक विविधता, नवाचार और कलात्मक दृष्टिकोण की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

यह आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फात्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे आयोजनों से न केवल छात्रों की प्रतिभा विकसित होती है, बल्कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ते हैं। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और विभाग की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में सृजनशीलता, सांस्कृतिक चेतना और आपसी सौहार्द को मजबूत करती हैं। विश्वविद्यालय सदैव ऐसी पहल का समर्थन करता रहेगा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### आज से 13 अगस्त तक आयोजित होगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 06 से 13 अगस्त तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कौशल प्रशिक्षित एवं अन्य पात्र दिव्यांगजनों को सेवायोजन के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इससे उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी और वे स्वावलंबन की राह पर अग्रसर होंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल के निर्देशन में कौशल विकास मिशन ने दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए पहली बार ऐसी पहल की है। इसके अंतर्गत, विगत तीन वर्षों में आईटीआई, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित दिव्यांगों की जनपदवार सूची तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है, ताकि उनका स्थानीय उद्योगों में सीधा सेवायोजन सुनिश्चित हो सके। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों, दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारियों, जिला उद्योग उपायुक्तों एवं समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक कर अभियान के संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में सभी प्रशिक्षण लक्ष्यों में दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इससे उन्हें सम्मानजनक जीवन और रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। प्रदेश के दिव्यांग विश्वविद्यालयों और राजकीय संकेतक विद्यालयों के विद्यार्थियों को कोर्सवार मांग के अनुसार कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के तहत कक्षा 9 से 12 तक के दिव्यांग विद्यार्थियों को कौशल विकास से जोड़ा जाएगा। इस अभियान में शामिल होने और रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांगजन, अपने जनपद के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कार्यालय से तत्काल संपर्क कर सकते हैं।

### मानसून में सीवर सफाई के दौरान बरतें सावधानी

**लखनऊ।** सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने मानसून सीजन के दौरान सभी सफाई मित्रों से सावधानीपूर्वक कार्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बरसात के समय सीवर सफाई एक अत्यंत जिम्मेदारी भरा कार्य बन जाता है, ऐसे में कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। राजेश मठपाल ने कहा कि जिन स्थानों पर मैनहोल के पास खुले बिजली के तार हैं या नाले मैनहोल से सटे हुए हैं, वहां कार्य करते समय पूर्ण सुरक्षा उपाय अपनाएं। सुएज अपने सभी कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश जारी किए गए हैं। परियोजना निदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि सुएज कर्मचारियों को पीपीई किट, गैस डिटेक्टर और आवश्यक सुरक्षा उपकरण पहले ही उपलब्ध करवा चुका है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति से सुरक्षित रह सकें।

### टाटा एआईए ने योग्य सलाहकारों का रिकॉर्ड बनाया

**लखनऊ।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने घोषणा की है कि उसने उत्तर प्रदेश में 115 मिलियन डॉलर राउंड टेबल (एमडीआरटी) योग्य सलाहकारों को पंजीकृत किया है। 2025 की वैश्विक एमडीआरटी रैंकिंग के अनुसार, कंपनी ने प्रतिष्ठित एमडीआरटी उपाधि के लिए लखनऊ से 15 सलाहकारों को पंजीकृत किया है। भारत में सबसे अधिक एमडीआरटी योग्य सलाहकारों का रिकॉर्ड बनाया है और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली चौथा स्थान हासिल किया है। पिछले साल की तुलना में 11% की वृद्धि है। महिला सदस्यता के आधार पर दुनिया की शीर्ष 25 कंपनियों में 7वां स्थान हासिल किया है।

# यूपी को अंतरराष्ट्रीय कृषि हब बनाने में अहम भूमिका निभायेगा सीआईपी

## सीआईपी पेरू के महानिदेशक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि नवाचार को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति अब साकार होती दिख रही है। आलू और शकरकंद जैसी कंद फसलों पर विश्वस्तरीय अनुसंधान के लिए अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मंगलवार को सीआईपी, पेरू के महानिदेशक डॉ. सिमोन हेक के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और परियोजना की प्रगति पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में सीआईपी के कंट्री मैनेजर नीरज शर्मा, रमन अब्रोल, वरिष्ठ सलाहकार, दक्षिण एशिया और आ ई आ र आ र आ ई (आईआरआरआई) के साउथ एशिया प्रमुख सुधांशु सिंह शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर कहा कि जब तक आगरा के सिंगना गांव में केंद्र का निर्माण पूर्ण नहीं होता, तब तक प्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को सीआईपी की तकनीकों से प्रशिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आलू के साथ अन्य कंद फसलों की प्रजातियों पर भी अनुसंधान को प्राथमिकता दी जाए, ताकि उत्पादन बढ़े और निर्यात के अवसर खुलें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह केंद्र प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने, प्रोसेसिंग उद्योग को सशक्त करने और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय कृषि हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है। वर्ष 2024-25 में 6.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 244 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ। देश के कुल आलू उत्पादन में 35% हिस्सा यूपी का है। अकेले आगरा जनपद में 76 हजार हेक्टेयर में आलू की खेती होती है। यूपी में आलू का लगभग 40% उत्पादन अन्य राज्यों में विपणन के लिए जाता है। इतनी बड़ी उत्पादन क्षमता के बावजूद गुणवत्तायुक्त बीजों और प्रोसेसिंग योग्य किस्मों की कमी महसूस की जा रही थी। अब सीएसएआरसी इस चुनौती को दूर करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में जून में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस केंद्र की स्थापना के लिए 111.50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। यह केंद्र बीज नवाचार, एपीकल रूटेड कटिंग, जर्मप्लाज्म संरक्षण और वैल्यू चेन विस्तार का वैश्विक मॉडल बनेगा। सीएसएआरसी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (क्ळअफ), राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और निजी कंपनियों के साथ साझेदारी कर किसानों को विश्वस्तरीय तकनीक और प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। सीआईपी की स्थापना 1971 में पेरू में हुई थी और आज यह 20 से अधिक देशों में अनुसंधान कार्य कर रहा है। भारत में सीआईपी को 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस दौरान इसने जलवायु-अनुकूल किस्मों, कीट प्रबंधन और पोषणयुक्त फसलों के विकास में उल्लेखनीय कार्य किया है।सीएसएआरसी की स्थापना से उत्तर प्रदेश वैश्विक बीज और प्रोसेसिंग नेटवर्क में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

### ● आलू-शकरकंद सहित अन्य कंद फसलों के नवाचार पर हुआ विचार

बीते 28 जुलाई को भारत सरकार और सीआईपी के बीच एमओए पर हस्ताक्षर हुए। डॉ. सिमोन हेक ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर उनके सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएसएआरसी न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि यूपी को दक्षिण एशिया का आलू इनोवेशन हब बना देगा।

# 15 अगस्त को लाल किले पर ध्वजारोहण की साक्षी बनेंगी यूपी की 14 लखपति दीदियां

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण समारोह में उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियां विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी इन महिलाओं को केंद्र सरकार की ओर से विशेष सम्मान दिया जाएगा। देशभर से आ रही 700 से अधिक महिलाओं में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश का रहेगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान इन सभी लखपति दीदियों की मेजबानी करेंगे। ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था रक्षा मंत्रालय की तरफ से की जा रही है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की टीम के साथ यूपी से दो विशेष प्रतिनिधि भी दिल्ली जाएंगे।

मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ की सोच और योजनाओं के परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश की लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी हैं।

### यूपी से दो विशेष प्रतिनिधि भी होंगे शामिल

इन महिलाओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दो विशेष प्रतिनिधि भी दिल्ली जाएंगे, जो वहां इनका मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनकी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ से इन सभी को रवाना करेंगे। यह अवसर न केवल सम्मान का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मबल और मेहनत की खुली पहचान भी है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त हो रही हैं। लखपति दीदी अभियान ने गरीब ग्रामीण महिलाओं को सशक्त उद्यमी बनने का मार्ग दिखाया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# यूएई से भेजी गयी रकम पर नवीन ने दिया गोलमोल जवाब

## ईडी संतुष्ट नहीं, छांगुर के बयान को भी सामने रखा, 63 करोड़ की रकम को लेकर नवीन करता रहा गुमराह




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अवैध धर्मान्तरण को लेकर ईडी की रिमांड पर नवीन घनश्याम रोहरा से छांगुर के दिये गए बयानों को सामने रखा गया। नवीन से यूएई से भेजे गए दो करोड़ 54 लाख रुपए का ब्यौरा मांगा। जिस पर नवीन ईडी को लगातार गुमराह करता रहा। इसके अलावा ईडी ने जुम्मन खा, अफसर अली और इक्तिदा खान से भी नवीन के सामने बैठाकर पूछताछ किया है।अवैध धर्मान्तरण के मामले में एटीएस ने मुख्य आरोपी छांगुर बाबा के साथ नवीन घनश्याम रोहरा को भी आरोपी बनाया है। जिसको लेकर करोड़ों की फंडिंग के जरिए धर्मान्तरण का खेल उजागर हुआ था।इसी क्रम में ईडी ने सोमवार को नवीन घनश्याम रोहरा को आठ अगस्त तक रिमांड पर लिया है।ईडी सूत्रों की माने तो ईडी ने मंगलवार को यूएई से भेजे गए दो करोड़ 54 लाख के बारे में जानकारी मांगी। जिस पर नवीन ने ईडी को बताया कि वह यूएई में कम्प्यूटर इंजीनियर के पद पर एक प्रतिष्ठित कंपनी में काम कर रहा था। जहां से कमाई की रकम को उसने विदेश से अपनी पत्नी नीतू उर्फ नसरीन और प्रापट्री कारोबारियों के खातों में भेजा था। इसके अलावा ईडी तीन बैंकों के विभिन्न खातों से करीब 63 करोड़ के लेन-देन का बैंक स्टेटमेंट सामने रखकर जानकारी जुटायी।ईडी सूत्रों की माने तो नवीन ट्रांजेक्शन को लेकर लगातार गोलमोल जबाब देता रहा या फिर याद न होने की बात कही है। इसके अलावा उसने बताया कि 42 लाख खेती की जमीन खरीदने के लिए मधपुर के जुम्मन खान और 65 लाख अफसर अली और इक्तिदा खान को भेजा था।वहीं महाराष्ट्र के कुछ कारोबारियों को भेजी गयी रकम के बारे में नवीन कुछ सही जानकारी नहीं दे सका है।

### जमीन बेचने वाले तीन किसानों से भी पूछताछ

नवीन को बैंक खातों से भेजी गयी रकम की तस्दीक के लिए ईडी ने जुम्मन खान, इक्तिदा खान और अफसर अली को भी तलब किया था। जहां नवीन के साथ दिये गए रकम को लेकर उनके बीच काफी विरोधाभास मिला है। तलब किए गए किसान को दी गयी रकम काफी दी जबकि नवीन रकम को कम बता रहा है। जिसके बाद अब ईडी मुम्बई के कारोबारियों को भी तलब किया है।

### छांगुर को परिजनों ने नहीं मिलने दिया गया

अवैध धर्मान्तरण के मामले में जिला कारागार में बंद छांगुर बाबा की तबियत लगातार बिगड़ती जा रही है।जिसकी जानकारी होने पर मंगलवार को छांगुर की बहु व परिवार को तीन सदस्य जिला कारागार कपड़े और कुछ खाने के सामान लेकर पहुंचे थे। जहां जेल अफसरों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मिलने से मना कर दिया। यही नहीं परिवार के सदस्यों द्वारा लगाये गए सामान को भी वापस भेज दिया। जिसको लेकर परिवार के सदस्य काफी देर जेल के पास खड़े रहे फिर केस के अधिवक्ता से सम्पर्क कर वापस लौट गये।

# स्कूल की तीसरी मंजिल से गिरी छात्रा, घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर में एक पुलिस उपाधीक्षक की बेटी अपने स्कूल की तीसरी मंजिल से अचानक नीचे आ गिरी। जिसके बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गयी। स्कूल प्रशासन ने आनन-फानन में एम्बुलेंस बुलाकर छात्रा को इलाज के लिए डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मामला गोमतीनगर के विरामखंड-5 स्थित मार्डन एकेडमी स्कूल का है। जहां करीब दस बजे कक्षा-10ए से निकली एक छात्रा अचानक स्कूल की तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरी। जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि घायल छात्रा 15वर्षीय है जोकि 10ए में पढ़ती थी।



उसके पिता हरदोई में डिप्टी एसपी के पद पर तैनात है। जानकारी पर पहुंची पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पुलिस ने बताया कि छात्रा सीसीटीवी कैमरे में क्लास से निकली और अचानक नीचे जा गिरी।सम्भावताः उसने खुदकुशी करने की कोशिश की है लेकिन छानबीन की जा रही है।

# आर्थिक तंगी के चलते खाया जहरीला पदार्थ, मौत

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने आर्थिक तंगी के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जब पता चला तो उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत में सिविल अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गोसाईंगंज के सेमनापुर गांव में रहने वाले दीपक (38) ने मंगलवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब परिजनों को जानकारी हुई तो उसे लेकर सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचे जहां हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक मृतक मजदूरी करता था। इधर कई दिनों से वह परेशान था। भाई प्रदीप ने बताया कि वह आर्थिक तंगी का शिकार था। परिवार में पत्नी पूर्णिमा, मा चंद्रावती व 2 बेटियां व एक बेटी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस मुख्यालय के निकट युवकों पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने किया हमला,एक युवक चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल,एक युवक का मोबाइल छीना।

# चोरी के मुकदमे का वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

लखनऊ। आलमबाग कृष्णा नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक चोरी के मुकदमे के वारन्टी को उसके घर से गिरफ्तार कर थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने अपना परिचय अमन पुत्र अमृत पाल सिंह डी एस नियर मानसरोवर गुरुद्वारा एलडीए कालोनी थाना कृष्णा नगर निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपित को थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# चौक में 50 लाख की ज्वैलरी लेकर कारीगर फरार

## 700 ग्राम सोने की थी ज्वैलरी, एफआईआर दर्ज, चार वर्षो से कर रहा था काम, छानबीन में जुटी पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चौक इलाके में चार वर्षो से ज्वैलरी शॉप में काम कर रहा कारीगर करीब 50 लाख कीमती ज्वैलरी लेकर फरार हो गया। शॉप से निकलकर जाते हुए वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कई घंटे तक वापस शॉप पर न आने पर मालिक को शक हुआ। जिसके बाद छानबीन की तो करीब 700 ग्राम सोने की ज्वैलरी गायब थी। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गयी। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कारीगर की तलाश शुय करदी है।

चौक बाजार में धर्मेन्द्र कुमार की एक ज्वैलरी शॉप है। जिसमें वजीगंज के चौधरी गढई का रहने वाला अनिल चौधरी करीब चार वर्षो से कारीगर का काम कर रहा था। शॉप मालिक धर्मेन्द्र ने बताया कि वह काफी भारोसे का था,




लिहाजा उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। सोमवार की दोपहर में सभी लोग खाना खाने लगे कि इसी बीच अनिल घर खाना खाने जाने की बात कह कर निकल गया। कई घंटे बीत जाने के बाद जब अनिल नहीं आया तो उसे फोन मिलाया गया लेकिन उसका फोन बंद बता रहा था। जिसके बाद एक कर्मचारी उसके घर गया तो पता चला कि वह घर ही नहीं आया। जिस पर शक हुआ फिर सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया। जिसमें अनिल एक थैला हाथ में ले जाता हुआ दिख रहा था। छानबीन में पता चला कि शॉप से करीब 700 ग्राम सोने की ज्वैलरी गायब है। इसके बाद शॉप मालिक धर्मेन्द्र ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद अनिल चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

### 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये

दोपहर में खाना खाने के बहाने कारीगर अनिल घर के लिए निकला था। उसके हाथ में थैला था लेकिन किसी को शक नहीं हुआ। जब सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया तो अनिल की करतूत पता चली। प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय का कहना है कि करीब 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया, जिसमें वह बाजार से केजीएमयू की ओर जाता हुआ दिखायी दिया है। उसके मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लेकर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### घटना के बाद व्यापारियों में रोष

धर्मेन्द्र की ज्वैलरी शॉप में हुई घटना की जानकारी के बाद दर्जनों व्यापारी आ जुटे। सुरक्षा को लेकर उन्होंने पुलिस अफसरों के साथ कोतवाली में बैठक की। जिसमें पुलिस अफसरों ने ज्वैलरी शॉप पर काम करने वाले लोगों का वैरीफिकेशन कराए जाने की बात कही। इसके साथ ही मालिकों को हिदायत दी गयी कि नौकर के सहारे शॉप को कताई ने छोड़े। वहीं व्यापारी संगठनों ने इस पर चिंता जताते हुए पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# वाहन चोर गैंग के सरगना सहित पांच गिरफ्तार, 21 बाइकें बरामद




संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना पुलिस ने सूचना तंत्र आधार मंगलवार को थाना क्षेत्र स्थित देवीखेड़ा रोड से गैंग का सरगना सहित पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की कुल 21 दो पहिया वाहन बरामद कर 9 चोरियों का खुलासा किया है। आशियाना थाने पर मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह एक नया गिरोह है जो 2025 में ही बना है जिनका सॉफ्ट टारगेट मॉल और अस्पताल होते है।इस गिरोह का मुख्य सरगना आशियाना क्षेत्र का ही सेक्टर एम1 तिवारी मार्केट निवासी सूरज गौतम उर्फ छोटू पुत्र उदयराज है जो मूलरूप से ग्राम महादेवा जनपद बाराबंकी का रहने वाला है इसके अलावा इस गिरोह में पांच अन्य सदस्य शामिल है जिसमें चार सदस्य पुलिस हत्थे लगे है जिसमें सुमित सिंह उर्फ शानू पुत्र सुदेश सिंह निवासी मानस नगर आशाराम बापू रोड थाना कृष्णा नगर, अभिषेक राजपूत उर्फ गंगू पुत्र स्व राजू राजपूत निवासी रिक्शा कॉलोनी सेक्टर एम1 थाना आशियाना,रवि थापा उर्फ एनडी पुत्र अमर सिंह थापा निवासी रिक्शा कॉलोनी सेक्टर एम1 एवं सूरज उर्फ अंश सिंह पुत्र शिलवाल सिंह निवासी ई 192 एलडीए कॉलोनी सेक्टर ई थाना सरोजनीनगर के है जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है इसके अलावा उन्नाव जनपद का रहने वाला अरुण उर्फ गब्बर है जिसे पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है और मुकदमे में वांछित है। गिरफ्तार इन गिरोह के निशानदेही पर विभिन्न घरों चोरी के कुल 21 दो पहिया वाहन बरामद किया गया है जिसमें से आठ वाहन चोरी के मुकदमे विभूतिखंड, गौतमपल्ली, चिनहट, काकोरी, सुशांत गोल्फ सिटी और तीन मुकदमे आशियाना में दर्ज है अन्य बरामद वाहनों के विषय में पता किया जा रहा है। फिलहाल गिरफ्तार शातिरों के खिलाफ कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

**मौज मस्ती के लिए करते थे वाहन चोरी:** आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए इस गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ में कबूल किया कि यह लोग इसी वर्ष यह गैंग बनाकर अय्याशी के खर्चे पूरी करने के वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू किए थे गिरोह के दो सदस्य मॉल और अस्पतालों के आसपास वाहन की रेकी करते जिसके बाद दूसरे साथी चोरी की घटना को अंजाम देते थे और चोरी के वाहनों को सस्ते दामों में बेच देते थे जो वाहन नहीं बिक पाते थे उसे उन्नाव में गब्बर के यहां कटवा देते थे और जो रुपए मिलते थे उससे अपने शौक की पूर्ति करते थे।

# मंदिर से मुकुट चोरी

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के तमोरिया गांव स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में बीती रात बेखौफ चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम देते हुए मंदिर में स्थापित मूर्ति एवं कीमती मुकुट को चुरा लिया यह चोरी न सिर्फ आस्था पर चोट है बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई और सभी में भारी रोष देखने को मिला। बताया जा रहा है कि चोरों की पूरी करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है फुटेज में दो संदिग्ध युवक मंदिर परिसर में दाखिल होते और चोरी की वारदात को अंजाम देते स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं नगराम पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वीडियो फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है।

# घर में घुसकर की मारपीट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र के सेलेब्रिटी ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाले एक व्यक्ति से उसके ही परिचित ने घर में घुसकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया, घरेलू सामान तोड़ डाले, और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला, पीड़ित के सहयोगियों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी, और उसे वेल्सन अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। संदीप मिश्रा फ्लैट नम्बर एल-1001 सेलिब्रिटी ग्रीन अपार्टमेंट, लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। संदीप मिश्रा के मुताबिक बीते 02 अगस्त करीब 11.30 बजे अपनी पत्नी प्रियंका मिश्रा एवं सहयोगी लवकुश, कुलदीप मिश्रा, एवं गीता के साथ घर में थे। तभी प्रदीप मिश्रा निवासी फ्लैट एच - 01 राप्ती अपार्टमेंट, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, घर में घुसते हुए प्रार्थी एवं प्रार्थी की पत्नी को गाली देते हुए, घर में लगी टीवी, एवं अलमारी में लगा हुआ कांच तोड़ दिया। तथा प्रार्थी के साथ मार पीट किया और प्रार्थी के सिर पर भारी वस्तु से हमला किया।संदीप बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। प्रार्थी के जमीन पर गिरते ही प्रदीप मिश्रा पुनः आकर गोली मारने की धमकी देते हुए चले गये। उक्त घटना की सूचना मौके पर मौजूद कुलदीप मिश्रा द्वारा 112 पर पुलिस को दिया गया तथा प्रार्थी को उपचार के लिए निकटतम अस्पताल बेलसन मेडिसिटी में ले जाया गया जहा प्रार्थी के सिर मे 4 से 5 टांके लगे। उपचार के दौरान 112 पर दिया गया सूचना के अनुसार पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस नामजद तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

**चार लोगों पर चाकुओं से दबंगो ने किया चाकुओं से हमला:** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित पुलिस मुख्यालय के पास चार लोगों पर दस से पंद्रह लोगों ने चाकुओं से हमला कर दिया जिसने एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित एक व्यक्ति का मोबाईल छीनकर फरार हो गए। हाल पता मानस इन्कलेव इन्द्रानगर के रहने वाले गौरव मिश्रा के अनुसार 2 अगस्त की रात लगभग लगभग 1.30 बजे उनके भाई सौरभ मिश्रा व उनके 3 अन्य मित्र पुलिस मुख्यालय के पास एक चौराहे पर थे।तभी लगभग 10-15 लोगो ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की नियत से सभी लोगों पर चाकुओं से हमला कर दिया।

# बाइक मैकेनिक ने लगायी फांसी

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी स्थित राधा पुरम कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन फंदे से नीचे उतारकर उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके परपहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ? हालांकि खुदकुशी किए जाने की वजह साफ नहीं हो सकी है। चिनहट क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी स्थित राधा पुरम कॉलोनी निवासी गोविंद वर्मा परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे गोविंद वर्मा का 23 वर्षीय बेटा अमित कुमार वर्मा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक अमित की कुछ आहट नहीं मिली तो घरवालों ने कमरे जाकर देखा तो दंग रह गए। अमित का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। परिजनों ने आनन-फानन में उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक अमित ने यह कदम क्यों उठाया इसके बारे में जांच-पड़ताल की जा रही है। अमित बाइक मैकेनिक का काम करता था।

# फिल्म निर्देशक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने इंडिगो के खिलाफ किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी निवासी फिल्म निर्देशक विपिन अग्निहोत्री ने इंडिगो एयरलाइंस और इंडिगो के मालिक राहुल भाटिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एयरलाइन का विरोध इसलिए किया है क्योंकि पिछले दिनों इंडिगो एयरलाइंस में एक विशेष धर्म से ताअल्लुक रखने वाले एक यात्री को फ्लाइट के ही एक अन्य यात्री ने थप्पड़ मार दिया था। जिसके विरोध में विपिन ने कहा है कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी उस यात्री के खिलाफ इंडिगो एयरलाइंस और इंडिगो के मालिक राहुल भाटिया ने कोई कार्रवाई नहीं की। निर्देशक विपिन अग्निहोत्री का साथ इस विरोध में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी और सेलिब्रिटी योग प्रशिक्षक शिल्पी चुघ ने भी दिया है। तीनों ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इंडिगो एयरलाइंस के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। बता दें कि पिछले दिनों मुम्बई कोलकाता इंडिगो फ्लाइट में पैनिक अटैक के दौरान एक व्यक्ति को अन्य यात्री ने थप्पड़ मार दिया था। विपिन अग्निहोत्री ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि भारत में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं और कोई भी इन बातों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

# किशोरी लापता, पड़ोसी युवक पर भगाने का आरोप

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी रविवार को घर से बिना किसी को बताए लापता हो गई। वहीं किशोरी के भाई ने पड़ोसी युवक पर बहन को भगा ले जाने की आशंका जता स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर योजना रजनी खण्ड निवासी नीरज साहू पुत्र स्व राजकुमार साहू के अनुसार उसकी 14 वर्षीय बहन आयुषी रविवार को बिना किसी को घर में बताए कहीं चली गई और वापस घर नहीं लौटी। आरोप है कि उसी दिन से पडोस में रहने वाला युवक आदर्श भी गायब है। जिसके चलते उन्होंने उक्त पड़ोसी युवक पर लापता किशोरी बहन को बहला फुसला कर भगा ले जाने की आशंका जता आशियाना थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

# कमिश्नरेट कार्यालय के प्रधान लिपिक पर शोषण का आरोप

- महिला आरक्षी ने लगाये गंभीर आरोप, नहीं हुई कार्रवाई
- कमिश्नर ने अपर पुलिस उपायुक्त को सौंपी जांच

जितेन्द्र प्रताप सिंह (vol)

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में दरिंदगी, शारीरिक शोषण व प्रताड़ना का आरोप। पुलिस अफसर कार्रवाई के बजाए पीड़िता महिला आरक्षी को ही टरका रहे। पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। यह संगीन आरोप एक महिला आरक्षी ने कार्यालय में तैनात प्रधान लिपिक पर लगाया है। गंभीर आरोप के बाद भी प्रधान लिपिक अपने पद पर बना हुआ है। पुलिस अफसर जांच का हवाला देकर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया हैं।

पीड़िता महिला आरक्षी ने अपने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय के कमरा नंबर-57 में प्रधान लिपिक शाखा में स्थापित कार्यालय में वह कुछ महिला आरक्षियों के साथ तैनात है। चार जून को वह बाथरूम जा रही थी कि तभी प्रधान लिपिक अरविन्द कुमार वर्मा बाहर निकलते ही उसका हाथ पकड़कर खींच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उसे पटक दिया और अश्लीलता करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि शोर मचाने पर उर्दू अनुवादक आ गये लेकिन बचाने के बजाये वह भी देख कर चले गए। किसी तरह से बच कर निकलने पर पीड़िता महिला आरक्षी ने प्रार्थना पत्र के जरिए इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर और अन्य अफसरों से की। जहां पुलिस कमिश्नर ने प्रकरण की जांच अपर पुलिस उपायुक्त मध्य ममता रानी चौधरी को सौंप दी। उन्होंने जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़िता का आरोप है कि गंभीर आरोप के बाद भी प्रधान लिपिक अपने ही कार्यालय में बने हुए है, उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

**प्रधानमंत्री, न्यायाधीश, महिला आयोग से की शिकायत:** पीड़िता ने अपने साथ हुए कृत्य का पूरा विवरण प्रधानमंत्री, न्यायाधीश उच्च न्यायालय, महिला आयोग, पुलिस महानिदेशक यूपी और पुलिस कमिश्नर से की है। पीड़िता ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसे न्याय न मिला तो वह आत्महत्या कर लेगी। वह प्रकरण में मेडिकल कराने को तैयार है। उसने प्रधान लिपिक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

मेरे द्वारा प्रकरण की जांच की जा रही है, अभी तक पीड़िता ने बयान नहीं दर्ज कराया है, प्रकरण की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। किसी पर आरोप मात्र से कार्रवाई नही की जा सकती।
**ममता रानी चौधरी**
**अपर पुलिस उपायुक्त मध्य**
**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

# दूध के दाम को लेकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के नबीपनाह स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दबंग नशेड़ी सोमवार सायं अमूल दूध लेने पहुंचा था। जहां दूध की कीमत को लेकर कहा सुनी हो गई तो दबंग ने अपने साथियों को फोनकर बुला लिया और गालियां देने लगे। जब डाक्टर ने विरोध किया तो दबंग मारपीट करने पर आमादा हो गए। तब डाक्टर ने पुलिस सहायता 112 पर सूचनाकर मदद मांगी। तब जाकर डाक्टर नबीपनाह से अपने घर जा सके थे।



मंगलवार को डॉक्टर बेचेलाल मौर्य अपने मेडिकल स्टोर पर बैठे थे, तभी लगभग बारह बजे दोपहर नशेड़ी दबंग रामपुर गांव निवासी मजरे मसीढा रतन के सुरेन्द्र यादव, गुड्डू यादव लाइन मैंन( संविदा कर्मी), रामचंद्र यादव, रामप्रसाद अपने दस पंद्रह साथियों के साथ मेडिकल स्टोर पर आ गए और डा.बेचालाल मौर्य को गालियां देने लगे। साथ ही अभद्रता करने लगे।जब डाक्टर ने विरोध किया तो दबंगों ने उनको लाठी डंडों और लात घुसो से मारा पीटा।साथ ही स्टोर का काउंटर व दुकान की फर्नीचर में भी तोड़ फोड़ कर काउंटर से लगभग पचास से पचपन हजार रुपए भी उठा ले गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक हमलावरों के पास लाठी बांके थे जब डाक्टर ने वीडियो बना लिया तो दबंगों ने डाक्टर को गिराकर मोबाइल छीन लिया और पुलिस आते देख भाग निकले।इस संबंध में पीड़ित ने थाने पर दी गई तहरीर में रुपए उठा लेकिन का भी जिक्र किया था तो पीड़ित ने बताया कि इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने पीड़ित को अपने कार्यालय में बुलाकर स्वयं बोलकर तहरीर लिखवाया। जो पीड़ित के साथ ना इंसाफी है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | प्रोविशन ऑफ न्यू एयर प्रेशर लाइन ऑफ लिफ्टिंग शॉप, बोगी शॉप, व्हील शॉप, आर०एम०पी०यू० शॉप, रोलर बेअरिंग शॉप, लाइन नं.-22, 24 एन्ड एल०एच०बी० शेड इन कैरिज वर्कशॉप आलमबाग, लखनऊ। | | |
| कार्यस्थल | सवारी एवं डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,56,58,561.87 मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹2,28,300/- मात्र | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.08.2025 समय 15:00 बजे तक | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है | | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा-47
दिनांक: 02.08.2025 2379/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रंग-बिरंगी राखियों से सजने लगे बाजार, डिजाइनर राखी की मांग ज्यादा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन का त्योहार में बस कुछ ही दिन बाकी हैं। इस खास दिन बहनें अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांधने का इंतजार कर रही हैं। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूती देने का है, वैसे तो बहनें अपने भाइयों को राखी के तौर पर एक कलावा भी बांधकर इस त्योहार को मना सकती हैं, लेकिन बहनें अपने पसंद की राखी बांधना ज्यादा पसंद करती हैं और बाजार में सुंदर और अद्भुत राखी की खोज करती है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कई छोटे-बड़े बाजार है जहां राखी की दुकानें सज गई हैं, इनमें से एक अमीनाबाद मार्केट है जो रंग-बिरंगी राखियों से सजी हुई है। यहां राखियों की खरीदारी करने वालों से अच्छी भीड़ जुट रही है। यहां के दुकानों में विभिन्न डिजाइन और प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, जिनमें से बहनें अपनी पसंद की राखी चुन सकती हैं।

त्योहार को लेकर दुकानदारों में भी खास उत्साह है। यहियागंज राखी बाजार में खरीदारी करने के लिए लोग नजर आ रहे थे। बाजार में रेशम के धागे और मोती वाली राखियों के अलावा स्पाइडर मैन, छोटा भीम, गणेश, कान्हा-भीम, एंग्री बर्ड, सेंटा, पब्जी, बाबा का बुल्डोजर समेत अन्य राखियां हैं। इसके अलावा लाइट वाली राखियां भी आकर्षित कर रही हैं। ज्यादातर दुकानदारों ने कोलकाता से ही माल मंगाया है। कुछ ने दिल्ली और मुंबई से भी राखियां मंगवाई हैं। दूसरी ओर अमीनाबाद और चारबाग के बाजार में पांच रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक की राखियां मौजूद हैं। कार्टून और लाइट वाली राखियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं।

**बाजार में कम हैं चाइनीज राखियां:** बाजार में चाइनीज राखियां इस बार कम हैं। चाइनीज राखी 264 से लेकर 340 रुपये दर्जन तक है। फुटकर बाजार में चाइनीज राखी की कीमत 22 से लेकर 45 रुपये तक है। राखी कारोबारी अनूप वर्मा ने बताया कि बाजार में चाइनीज माल न के बराबर है। कुछ लोगों ने लाइट वाली राखियां मंगवाई हैं।

**चांदी की राखी भी बाजार में:** चांदी की राखी की भी मांग है। सराफा कारोबारी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को चांदी की राखी के बारे में जानकारी दे रहे हैं। चांदी की राखी की कीमत 350 से 950 रुपये तक है। जबकि चांदी का ब्रेसलेट पांच से दस हजार रुपये के बीच है। बद्री प्रसाद ज्वैलर्स के मालिक रवि केसरवानी ने बताया कि एक दिन में लगभग पांच से सात चांदी की राखी बिक रही है। सोने का ब्रेसलेट भी लोग खरीद रहे हैं। दस ग्राम सोने के ब्रेसलेट की कीमत 50 हजार रुपये है।

**चांदी की घड़ी:** बाजार में चांदी की राखियों की भी मांग बढ़ी है। चौक सराफा बाजार से राखियां बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, गोरखपुर, सीतापुर लखीमपुर, हरदोई, संडीला तक जा रही हैं। चांदी की घड़ी की कीमत 5 से 8 हजार रुपये तक है। बाजार में महाराष्ट्र की डिजाइनर, गुजरात की हल्की और दिल्ली की स्टोन फिनिश चांदी की राखियां 150 से 3000 रुपये तक में हैं।

**हल्की राखियां आ रहीं पसंद:** अमीनाबाद में राखी व्यापारी अविनाश सोनकर ने बताया कि राखियों का बाजार गुलजार हो गया है। लोग अमूमन हल्की राखियां लेना पसंद कर रहे। वहीं, कुछ हट के चाहने वालों के लिए राजस्थानी जरीदार ट्रेडिशनल राखियों की मांग है।

**रिटर्न गिफ्ट में चांदी के नोट:** बहनों के लिए रिटर्न गिफ्ट में सोने के टॉप्स 4 से 20 हजार रुपये तक में उपलब्ध हैं। वहीं, चांदी के टॉप्स 150 से एक हजार रुपये तक में है। इसके साथ ही चांदी के नोट 200 से 500 रुपये तक में हैं।

**विशेष थाली लें और सीधे पहुंच जाये घर:** बाजार में इस बार विशेष तरह की थालियां आई हैं। कारोबारी हर्षित गुप्ता बताते हैं कि इसे लेकर सीधे भाई को टीका करने पहुंचा जा सकता है। इसमें रोली, चावल, दिया, सूती और डिजाइनर राखियां हैं। विशेष क्ले से बनी इन रंगीन डिजाइनर थालियों में पर्व की जरूरत से जुड़ा करीब-करीब सारा सामान मौजूद रहता है। खास बात यह है कि सिर्फ बड़ी थालियां ही नहीं, नन्हीं-नन्हीं हथेलियों पर पूजन सामग्री ले जाने वाली छोटी थालियां भी हैं। जहां बड़ी थाली की कीमत 160 से 180 तो छोटी थाली 50 रुपये प्रति पीस है।

## कार्टून कैरेक्टर्स की राखियां बच्चों की पहली पसंद





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह राखी की दुकानें सज चुकी हैं। इस बार बाजार में कार्टून कैरेक्टर्स की राखियां धूम मचा रही हैं। खरीदारों के के बीच ये खासे लोकप्रिय हैं। बच्चों से लेकर बड़ों के बीच मशहूर छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरेमॉन जैसे कार्टून कैरेक्टर की राखियों की धूम है।

अमीनाबाद से लेकर शहर में तमाम दुकानें ऐसी राखियों से पटे पड़े हैं। इस बार के इन राखियों में लाइट जलने वाला सिस्टम भी लगाया गया है। जो बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी लुभा रहे हैं। स्पाइडरमैन वाली राखियां भी बच्चों की कलाइयों पर दिखेंगीं। किसी राखी पर चश्मा लगाए छोटा भीम मौजूद है तो कहीं घड़ी वाली राखियों पर मोटू-पतलू नजर आ रहे हैं। स्थायी दुकानदारों का कहना है कि बच्चों के बीच मशहूर होने से ऐसी राखियों की बिक्री खूब ज्यादा हो रही है।

**रक्षाबंधन पर बढ़ा ऑनलाइन गिफ्ट का चलन:** पढ़ाई और नौकरी के लिए अपनी बहनों से दूर हैं, तो क्या हुआ, हम सभी मिलकर खुशियां बांटेंगे। रक्षाबंधन पर घर न पहुंच पाने पर भी बहनों को शुभकामनाएं देने और गिफ्ट देने का तरीका समय के साथ बदलाव की ओर बढ़ता जा रहा है। जहां लोगों की व्यस्तता बढ़ती जा रही है, वहीं समय की कमी के चलते अब लोग बाजारों में जाकर खरीदारी करने की अपेक्षा इंटरनेट के जरिए अपनों तक गिफ्ट पहुंचाना पसंद कर रहे हैं। वर्तमान समय में लोग इंटरनेट के माध्यम से अपनी पसंद और पब्लिसिटी को ध्यान में रखते हुए भी राखियों और गिफ्ट की खरीदारी कर उसकी बुकिंग करा रहे हैं। हालांकि इसके लिए भी एडवरटीजमेंट एजेंसीज भी लोगों का ध्यान रखते हुए अपनी पेशकश दे रही हैं। इसमें कई ऐसी ऑनलाइन कंपनियां हैं जो दूसरे शहर में राखी या गिफ्ट के साथ मिठाई भेजने के लिए फ्री सेवाएं दे रही हैं। कुछ कंपनियां 50 से 100 रुपये तक का चार्ज भी ले रही हैं।

# सावन का अंतिम बुधवार आज, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में होगी विशेष पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन के अंतिम बुधवार को बुद्धेश्वर महादेव मंदिर आज भक्त जुटेंगे। शिवभक्त मंदिर के बाहर लगे स्टील पाइप से जलाभिषेक करेंगे। मंदिर कमिटी के सदस्य ने बताया कि बुद्धेश्वर श्रृंगार समूह द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंध समिति की संरक्षक और महंत लीलापुरी ने बताया कि मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे खुल जाएंगे और महाआरती भोर छह बजे होगी, दोपहर बारह बजे भोग लगेगा। इसके बाद भक्तों के लिए कपाट फिर से खोल दिए जाएंगे। वहीं, शाम को साढे छह बजे 51 मुखी महाआरती होगी। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि भगवान राम के काल में इस मंदिर की स्थापना की गई थी। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण ने की थी। आमतौर पर शिव मंदिरों में सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। लेकिन बुधेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को शिवजी की पूजा का विधान है। इस दिन इस मंदिर में शिवजी की पूजा के लिए बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। यहां भगवान शिव ने लक्ष्मण के सारे संदेह दूर करते हुए माता सीता के विराट स्वरूप के दर्शन करवाए।

लखनऊ में भगवान शिव के अनेक चमत्कारी मंदिर बने हुए हैं। जहां पर सावन के महीने में शिव भक्त धूमधाम से दर्शन करते हैं। भगवान शिव के शिवालयों पर भक्तों का तांता दिखाई देता है। ऐसे ही शहर में एक मंदिर है जहां सोमवार को नहीं बल्कि बुधवार के दिन पूजा की जाती है।

बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज बुधवार को भक्तों का तांता दिखायी देगा। भक्तों की सुविधा को देखते हुए मंदिर प्रसाशन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि अयोध्या वासियों ने माता सीता को भगवान राम से त्यागने के लिए कहा था। उस दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को यह आदेश दिया था कि तत्काल सीता को जंगल में छोड़ कर आएं। उसी दौरान लक्ष्मण आदेश का पालन करते हुए माता सीता को लेकर वन की तरफ चल दिए। चलते-चलते लखनऊ में स्थित बुद्धेश्वर नामक एक छोटा सा मंदिर दिखाई दिया, जहां उन्होंने माता सीता के साथ बैठकर विश्राम किया। उस दिन बुधवार का दिन था और लक्ष्मण इस बात से चिंतित थे कि माता के समान भाभी को आखिर वन में अकेले कैसे छोड़ा जाए.उस दौरान माता सीता गर्भवती थीं। तब बुद्धेश्वर महादेव ने लक्ष्मण को दर्शन दिए और यह सद्बुद्धि देते हुए कहा कि आप सीता को महर्षि बाल्मीकि आश्रम ले जाकर छोड़ दें। तभी माता सीता और लक्ष्मण ने बुद्धेश्वर महादेव के मंदिर में पूजा की और वहां से चल दिए, जिस दिन यह घटना हुई थी, उस दिन बुधवार का दिन था। तभी से बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भक्त पूजा करने लगे। श्रद्धालुओं का कहना है कि बुद्धेश्वर मंदिर में श्रद्धा सुमन के साथ जो भी भक्त यहां आकर भगवान महादेव के दर्शन करते हैं। भगवान उनकी सारी मनोकामना पूरी करते हैं। यह मंदिर लखनऊ के रेलवे स्टेशन चारबाग से करीब 12 किलोमीटर और रोडवेज आलमबाग बस स्टेशन से 10 किलोमीटर दूरी पर कानपुर बाईपास रोड पर स्थित है। भक्तगण बौद्धिक शांति और अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए बुद्धेश्वर महादेव के मंदिर आकर दर्शन करते हैं।

## शास्त्रीय संगीत के सुरों के साथ कलाकारों ने बनायी आकर्षक पेंटिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन ललित कला अकादमी, नईदिल्ली का 71वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक दिवसीय कला कार्यशाला हुई। जहां शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति के साथ स्कॉलर छात्रों ने लाइव कृतियां बनाईं। मुख्य अतिथि यूपीपीसीएफ के एमडी डा. चन्द्रभूषण थे। सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ यूपी एसएनए के अध्यक्ष प्रो. जयन्त खोत ने शास्त्रीय संगीत की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी। वहीं अथर्व प्रताप सिंह ने बांसुरी वादन से श्रोताओं को भावविभोर किया। प्रोफेसर जयंत खोत ने मियां मल्हार, गौड़ मल्हार, खमाजी मल्हार और राग भैरवी में टप्पा और तराना की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही अथर्व प्रताप सिंह ने राग शुद्ध सारंग में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल, झाला एवं दादरा ,सावन ,चैती और भजन की सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्वतंत्र कलाकार हंसराज एवं अकादमी के आठ शोधार्थी कलाकार पायल सिंह, तानिया गुप्ता, कोमल देवी, सौरभ सिंह, संजय कुमार, प्राची अग्रवाल, ट्विंकल नंदा एवं कोनूमोनु वेणु ने पेंटिंग, मूर्तिकला, सिरेमिक एवं फोटोग्राफी जैसी विभिन्न माध्यमों में अपनी कला का जीवंत प्रदर्शन किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों की विशेष बात यह रही कि ललित कलाएं, शास्त्रीय संगीत की सजीव संगत के साथ की गईं जिससे कला और संगीत का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी ने सीनियर कलाकारों, जय कृष्ण अग्रवाल, मो. शकील, किरण सिंह राठौड़, शिव बालक, आलोक कुमार कुशवाहा, विभावरी सिंह, पूनम नाग चतुर्वेदी, ममता राभा, अमित कुमार, संदीप भाटिया विनीत कुमार पांडेय आदि को पुष्प देकर सम्मानित किया।

# अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा मंगला गौरी व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पति व बच्चों की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने सावन माह के आखिरी मंगलवार को विशेष पूजा-अर्चना की और मंगला गौरी का व्रत रखा। ऐसी मान्यता है कि मंगला गौरी का व्रत रखने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सुहागिनों ने जहां परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा। वहीं कुंवारियों ने मनपसंद पति पाने के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की।

पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि बूढ़ेश्वर मंदिर में सावन माह के सोमवार को जहां सैकड़ों द्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत रखने वाली महिलाएं अपने घर में भगवान गणेश, शिवजी और मां गौरी की पूजा.अर्चना करती हैं और मंदिर में दर्शन करने आती हैं। सावन के पहले मंगलवार को महिलाएं मनकामेश्वर मंदिर सहित शहर के सभी शिव मंदिरों में पहुंची और गणेशजी को स्नान कराकर जनेऊ अर्पित किया। धूप, दीप प्रज्ज्वलित कर भोग लगाया। इसके बाद मां गौरी की आराधना करके सुहाग सामग्री अर्पित की। साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शिवजी को बेल पत्र व पंचामृत से अभिषेक करके ओम नमः शिवाय का जाप किया और मन ही मन 7 बार मनोकामना मांगी।

श्रावण मास में प्रत्येक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि श्रावण मास में मंगलवार को आने वाले सभी व्रत-उपवास सुख.सौभाग्य में वृद्धि करते हैं। मंगला गौरी व्रत के प्रभाव से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन माता मंगला गौरी का पूजन कर कथा का श्रवण करना चाहिए। सुहागिन महिलाओं को सोलह सोमवार के साथ मंगला गौरी व्रत अवश्य रखना चाहिए। यह व्रत प्रारंभ करने के पश्चात लगातार पांच वर्षों तक इस व्रत को रखा जाता है। श्रावण माह में ही इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। यह व्रत पति और संतान की लंबी आयु के लिए किया जाता है। सौभाग्य से जुड़ा होने के कारण इस व्रत को विवाहित स्त्रियां और नवविवाहिताएं करती हैं।

# 445वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत भौतिकीय एवं निर्णय विज्ञान विद्यापीठ, अम्बेडकर विश्वविद्यालय कैम्प, रायबरेली रोड, लखनऊ के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 445वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती अर्चना गुप्ता ने लोक कल्याण निमित्त भेंट किया तथा उपस्थित संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वीसी आरके मित्तल ने इस ज्ञानयज्ञ के लिये प्रसन्नता व्यक्त की। संस्थान के डीन प्रो बाल चन्द्र यादव, डॉ ज्योति पाण्डेय, प्रो कमान सिंह एवं गायत्री परिवार की डॉ नीलम गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि श्री उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ नीलम गुप्ता, श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं विश्वविद्यालय के वीसी आरके मित्तल, संस्थान के डीन प्रो बाल चन्द्र यादव, डॉ ज्योति पाण्डेय, प्रो कमान सिंह, भौतिकी विभाग, गणित विभाग, सांख्यिकी विभाग एवं रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सहित संस्थान के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## भोजपुरी व अवधि गीतों की प्रस्तुति ने दिल जीता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अकादमी के द्वारा 7-8 नगरों से लगभग 30 प्रतिभागियों को 20 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक ऑन लाइन भोजपुरी लोक गीतों का प्रशिक्षण दिया गया। 5 अगस्त को सायं 5 बजे से समापन समारोह आमोद आश्रम गोमती नगर में आयोजित हुआ जहाँ पर गुरु राकेश श्रीवास्सव के निर्देशन में प्रतिभागियों ने भोजपुरी, अवधि गीतों की सुन्द्र प्रस्तुतियां दीं। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती उमा त्रिगुणायत ने बताया कि कार्यक्रम में शिव भजन, सोहर, सावनी कजरी, देश गीत, मुंडन गीत, छट गीत, गोदना गीत प्रस्तुत किये गये। प्रतिभागियों में अनिता, कुमुद, रुपाली, अरुणा, वीना, सुमन, अंजलि, सरिता, रीता,रिंकी विश्वकर्मा, सुषमा प्रकाश ,अनीता सिंहा, सरिता अग्रवाल, अल्पना श्रीवास्तव, सुमन वर्मा आदि उपस्थित थे। ढोलक पर सत्यम शिवम्सुन्द्रम और की बोर्ड पर चंद्रेश पाण्डेय ने संगत की आमोद आश्रम की सचिव अनिता श्रीवास्सव आई.ए.एस (से.नि) ने कार्यक्रम का आयोजन सुचारु रूप से किया। समापन समारोह में पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, पद्मा गिडवानी पूर्व निर्देशक आकाशवाणी रश्मि चौधरी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं.-2 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांकः 1883/ई-टेन्डर/2025-26 दिनांकः 31.07.2025

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्न लिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) जी.एस.टी.सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं.-5 में छत बदलनेके उपरान्त लॉन विस्तार करने के साथ इण्डूरा टाइल्स लगाना, क्षतिग्रस्त फ्लोर टाइल्स को तोड़कर पुनः टाइल्स लगाना, पुरानी डाउन पाइप व पानी सप्लाई की क्षग्रिस्त पाइपों को हटाकर नई पाइप लाइन लगाना, पानी सप्लाई हेतु नई टंकियां रखना, क्षतिग्रस्त मेनेगेट, व्यू-कटर व टंकी स्टैण्ड लगाने के साथ नये किचन के निर्माण व तीन बाथरूमों का विस्तारी करण करने का कार्य एंव अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 16.94 | 169400.00 | 950.00 | 60 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक **08.08.2025** से **14.08.2025** तक उपलब्ध है जो दिनांक **14.08.2025** को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक **14.08.2025** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक **08.08.2025** से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

**UPID-236578 Date: 05.08.25**
**Website : www.upgov.nic.in**

**ई-मेलः** maintenancedivision2pwd@gmail.com

# साहित्य के प्रश्रय, प्रस्तुति व प्रशंसा का त्रिवेणी संगम है साहित्य सभा : अंबर

- उत्तर प्रदेश साहित्य सभा ने किया साहित्यकारों का सम्मान




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के चौथे स्थापना दिवस समारोह 'आश्वस्ति' में चुनिंदा साहित्यकारों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर सुषमा खर्कवाल एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, इंजीनियर अवनीश सिंह, डॉ. शिवओम अम्बर एवं साहित्य सभा के प्रधान सर्वेश अस्थाना ने चयनित रचनाकारों को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र भेंट किया। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदय प्रताप सिंह एवं प्रमिला भारती को जीवन सिद्धि सम्मान, डॉ. राम बहादुर मिश्र को लोक साहित्य उन्नयन सम्मान, डॉ. अवधी हरि को सनातन साहित्य सृजन सम्मान, माध्यम साहित्यिक संस्थान को सार्थक साहित्यिक संस्था सम्मान, अटल नारायण को साहित्य नवोन्मेष सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके साथ ही साहित्य के उन्नयन में विशेष योगदान देने वाली भावना सिंह, रीना सिंह, शर्मिला सिंह, अनिल अग्रवाल एवं आनंद शेखर सिंह को साहित्य उन्नायक सम्मान प्रदान किया गया।

उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आयोजित गीत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट गीत लिखने वाले मुरादाबाद से मयंक शर्मा को प्रथम पुरस्कार, सहारनपुर से बृजेंद्र पाल शर्मा को द्वितीय पुरस्कार एवं दिल्ली से प्रीति त्रिपाठी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सोशल मीडिया पर सर्वाधिक प्रसार प्रतियोगिता की विजयी प्रतिभागी निशा नवल को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि सुषमा खर्कवाल ने साहित्यकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश साहित्य सभा भाषा और साहित्य को सहेजने का सराहनीय कार्य कर रही है। हम ऐसे आयोजनों से अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हैं। साहित्यकारों ने सदैव समाज को नई दिशा प्रदान की है।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिवओम अम्बर ने कहा कि उत्तर प्रदेश साहित्य सभा, साहित्य के प्रश्रय, प्रस्तुति और प्रशंसा की त्रिवेणी का संगम है। सरकार को आईना दिखाते हुए शिवओम अम्बर ने कहा हवाई जहाज पर बैठे लोग जमीन की हकीकत समझें। हिंदी अपनी अंतिम सांसे गिन रही है। विद्यालयों में सभी विषय हिंदी में पढ़ाना अनिवार्य हो। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश साहित्य सभा कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शिवओम अम्बर, डॉ. विष्णु सक्सेना, मुकुल महान, गजेन्द्र प्रियांशु, अर्जुन सिंह चांद, आशीष अनल, अर्जुन सिसौदिया, बलराम श्रीवास्तव, सोनरूपा विशाल, राजीव राज, गिरिधर खरे, शफीकुर्रहमान कश्फी, रश्मि श्रीवास्तव शफक, अभय सिंह निर्भीक, योगी योगेश, प्रवीण अग्रहरि, सुभाष चंद्र रसिया सहित पूरे प्रदेश के अनेक गणमान्य साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

# मिली सहूलियत : औड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष गाड़ी के फेरे बढ़े

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व में चलाई जा रही 05163/05164 औड़िहार-सारनाथ-औड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 06 अगस्त से 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन 87 फेरों के लिए किया जायेगा।

05163 औड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष गाड़ी 06 अगस्त से 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन औड़िहार से 12.35 बजे प्रस्थान कर सिधौना रामपुर से 12.43 बजे, रजवारी से 12.53 बजे तथा कादीपुर से 13.04 बजे छूटकर सारनाथ 13.20 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में, 05164 सारनाथ-औड़िहार डेमू विशेष गाड़ी 06 अगस्त से 31 अक्टूबर, तक प्रतिदिन सारनाथ से 13.50 प्रस्थान कर कादीपुर से 14.02 बजे, रजवारी से 14.10 बजे तथा सिधौना रामपुर से 14.17 बजे छूटकर औड़िहार 14.35 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 08 डेमू कोच लगाये जाते हैं।

## बड़ा हादसा टालने वाले स्टेशन मास्टर को दिया गया प्रशस्ति पत्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सोमवार को उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत सिंदुरवां स्टेशन पर पदस्थ स्टेशन मास्टर संजीव कुमार सिंह ने अपनी सतर्कता और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने गाड़ी संख्या 43567 को स्टेशन से गुजरते समय तकनीकी गड़बड़ी का एहसास कर गाड़ी को रुकवाया।

गाड़ी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उसके सातवें वैगन संख्या 964112 के एक्सल से धुआं निकल रहा था, तथा ईएम पैड जल रहा था, जो एक गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न कर सकता था। श्री सिंह की सूझबूझ पूर्ण कार्रवाई से संभावित दुर्घटना को टाल दिया गया, जिससे रेल संपत्ति की रक्षा सुनिश्चित हो सकी।

उनकी समय पर की गई सजगता और कर्तव्यनिष्ठ कार्य के लिए मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे लखनऊ सुनील कुमार वर्मा द्वारा संजीव कुमार सिंह को संरक्षा के प्रति उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## पूर्वोत्तर रेलवे को माल लदान से की 162.488 करोड़ की आय

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा व्यापारियों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों को दी जा रही उन्नत सुविधाओं तथा मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के सुनियोजित प्रयासों से पूर्वोत्तर रेलवे पर माल लदान में वृद्धि का क्रम जारी है। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में माह जुलाई, 2025 तक कुल 1.485 मिलियन टन माल लदान से रू. 162.49 करोड़ की आय हुई तथा माह जुलाई, 2025 में कुल 0.495 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जिससे रू. 61.02 करोड़ की आय हुई। रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समेकित प्रयासों के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे पर वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में माह जुलाई, 2025 तक कुल 1.485 मिलियन टन माल लदान लदान हुआ, जो गत वित्त वर्ष 2024-25 में माह जुलाई, 2024 तक कुल 1.44 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 3.13 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, माह जुलाई, 2025 में कुल 0.495 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जो गत वित्त वर्ष 2024-25 में माह जुलाई, 2024 में कुल 0.493 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 0.406 प्रतिशत अधिक है।

## बरेका जीएम नरेश पाल सिंह ने दिलायी स्वच्छता की शपथ

**लखनऊ।** बरेका में स्वच्छता अभियान 2025 का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। बरेका प्रशासन भवन के स्वागती हॉल में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति सजगता और ईमानदारीपूर्वक साफ-सफाई को लेकर अपनी जिम्मेवारी का निर्वाह करने की शपथ ली। इसी क्रम में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक शील ने बरेका कर्मशाला में अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

तत्पश्चात महाप्रबंधक सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता में सबकी भागीदारी हेतु बनायी गयी सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खींचा कर स्वच्छता में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में महिला रेल कर्मियों में भारी उत्साह दिखा। स्वच्छता अभियान 2025 की विषय वस्तु स्वच्छता सभी का दायित्व है और इसके अंतर्गत देश भर में स्वच्छता के प्रयासों में नागरिकों की भागीदारी और सामूहिक कार्यों की भावना को प्रज्वलित किया जाएगा।




● बरेका ने स्वच्छता अभियान 2025 के तहत शपथ लेकर शुरू किया अभियान

01 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बरेका की ओर से रेल कर्मचारियों, अधिकारियों व उनके परिजनों साथ ही आमलोगों के बीच पीए सिस्टम द्वारा व्यापक जागरूकता के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करना, स्वच्छता शपथ, कॉलोनियों, कार्यालयों, कैंटीन, वर्कशॉप स्थित रेलवे ट्रैक की गहन सफाई अभियान, परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु वृक्षारोपण, सभी जल उपचार संयंत्र, फिल्टर संयंत्रों सहित जल प्रतिष्ठान, पूर्व और पश्चात निस्पंदन गुणवत्ता वाले जल के लिए, फिल्ट्रेशन प्लांट में साफ-सफाई और स्वाच्छता की जॉच करना, प्रशासनिक भवन और कार्यशाला में पेयजल नल क्षेत्र को स्ववच्छ बनाने के लिए अभियान, कार्यशाला क्षेत्र में हाइड्रेंट पाइपों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को शिक्षित करना, कार्यालयों, कॉलोनियों, अस्पतालों, विद्यालयों में सभी जल संयंत्रों का गहण निरीक्षण करना इत्यादि सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्वच्छता शपथ कार्यक्रम में बरेका के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर सुशील कुमार श्रीवास्ताव, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक शील, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक आलोक अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार मुक्तेश मित्तल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर विनोद कुमार शुक्ल, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त देवराज कुमार मौर्य, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेश कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी-प्रशासन लालजी चौधरी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी जनार्दन सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चन्द्रा, मुख्य संरक्षा अधिकारी रामजन्म चौबे, बरेका कर्मचारी परिषद सदस्य सहित काफी संख्या में बरेका विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारी ने सहभागिता की।

## सेना भर्ती रैली में अमेठी और कौशांबी के अभ्यर्थी हुए शामिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ / अयोध्या।** भर्ती रैली के पहले दिन, उत्तर प्रदेश के अमेठी और कौशांबी जिलों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती रैली के मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) के उप महानिदेशक भर्ती (राज्य) ब्रिगेडियर स्वर्ण सिंह ने 5 अगस्त 2025 को अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड में हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की।

आज की भर्ती रैली के लिए कुल 972 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 821 (84.46%) अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने 1.6 किमी दौड़, जिग-जैग संतुलन, डिच-जंप और चिन-अप्स सहित शारीरिक फिटनेस परीक्षण से गुजरा, जिसके बाद शारीरिक माप और दस्तावेज सत्यापन

● अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड में 821 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

हुआ। 06 अगस्त 2025 को, उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) अमेठी के अंतर्गत 05 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025 तक 13 जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के झांसे में न आएँ या किसी भी अनुचित तरीके का सहारा न लें। सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वश्रेष्ठ अभ्यर्थियों का चयन करना है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने किया एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई), उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) एवं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के 2022-23 श्रृंखला सर्वेक्षण के शुभारंभ के लिए मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मनोज कुमार उप महानिदेशक मध्यांचल कार्यालय द्वारा किया गया। डा. सुचिता गुप्ता, उप महानिदेशक , क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य वक्ता दिलीप कुमार सिन्हा उप महानिदेशक डीपीआईआईटी द्वारा डब्ल्यूपीआई-पीपीआई की संरचना, महत्व एवं एनएसओ तथा डीपीआईआईटी की संयुक्त भूमिका को स्पष्ट किया गया।




उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) वह आर्थिक संकेतक है जो उत्पादन के स्तर पर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में होने वाले औसत परिवर्तनों को मापता है। यह सूचकांक मुद्रास्फीति को शुरूआती स्तर पर समझने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है। पीपीआई के माध्यम से न केवल उद्योगों की लागत प्रवृत्तियों का आकलन किया जा सकता है, बल्कि यह नीति निमार्ताओं, व्यवसायों और विश्लेषकों को मूल्य निर्धारण, मुनाफा और मांग-आपूर्ति के संतुलन को समझने में भी मदद करता है।

पीपीआईकी सहायता से विभिन्न क्षेत्रों की लागत में हो रहे परिवर्तनों की निगरानी की जा सकती है, जिससे आर्थिक योजना और नीतिगत निर्णयों में सटीकता आती है। साथ ही, यह सूचकांक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के पूरक के रूप में कार्य करता है, जिससे समग्र आर्थिक परिदृश्य का आकलन और अधिक व्यापक हो जाता है।

डब्ल्यूपीआइ-पीपीआई पोर्टल प्रशिक्षण अमित दलाल संयुक्त निदेशक (एनआईसी-डीपीआईआईटी) द्वारा पीपीआई- डब्ल्यूपीआई सूचकांकों हेतु पोर्टल पर मूल्य संप्रेषण की प्रक्रिया को समझाया गया।

पीपीआई मूल्य संग्रहण अवधारणाएं: आर्थिक सांख्यिकी प्रभाग (ईएसडी), एमओएसपीआई के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गईं। प्रस्तुतिकरण रोहित नागर, बिकाश कुमार मलिक, शाश्वती हल्दर व पीयूष मिश्रा द्वारा डब्ल्यूपीआई, पीपीआई और आईआईपी से संबंधित सूचनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रशिक्षण में एनएसओ के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से लगभग 100 केन्द्रीय अधिकारी, सर्वे पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन डिंपल यादव सहायक निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## स्वच्छता अभियान में रेलकर्मियों व कुलियों ने किया श्रमदान



**लखनऊ।** भारतीय रेलवे द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को रेलवे कर्मचारियों ,रेलवे यूनियन के पदाधिकारियों एवं कुलियों के द्वारा श्रमदान का आयोजन किया गया और सभी यात्रीगण को स्वच्छता के प्रति जागरूक के लिए वर्कशॉप भी आयोजित की गई। जिसमें स्वच्छता के महत्व और इसके लाभों के बारे में चर्चा की गई। इस वर्कशॉप में रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों ने भाग लिया और स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ ली।इस अभियान में रेलवे के सभी कर्मचारियों, रेलवे यूनियन के पदाधिकारियों ,कुलियों एवं सफाई मित्रों और यात्रियों का सहयोग रहा। इसका उद्देश्य भारतीय रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता को बढ़ावा देना है। स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें सभी को मिलकर इसे बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

## बीटेक में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की सीटें आवंटित

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के संबद्ध संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत जेईई की रैंकिंग के आधार पर मंगलवार को दूसरे चरण की काउंसलिंग में बची सीटों पर अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई। विश्वविद्यालय परिसर में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में इस सत्र से बीटेक शुरू किया जा रहा है। इसमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इन एआई एंड एमएल, वीएलएसआई डिजाइन और मैकेनिकल एंड मेकाटॉनिक्स ब्रांच में 180 सीट है। जिसमें दूसरे चरण की काउंसलिंग में सभी सीटों पर आवंटन हो गया। सीट आवंटन में ज्यादातर सरकारी संस्थानों की सीटें आवंटित हो गयी हैं। इसमें बीआइटी झांसी में 605 सीटें आवंटित हुई है। इसी तरह उत्तर प्रदेश टेक्ससाइल्स टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर में 186, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनउ में 622, केएनआईटी सुल्तानपुर की 510, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पेट टेक्नोलॉजी भदोही की 23, आरईसी बांदा की 171, आरईसी बिजनौर की 145, आरईसी आजमगढ़ की 144, आरईसी अम्बेडकरनगर की 165, आरईसी कन्नौज की 267, आरईसी मैनपुरी की 321, आरईसी सोनभद्र की 249, आरईसी बस्ती की 178, आरईसी गोण्डा की 118, आरईसी मिजार्पुर की 219 और आरईसी प्रतापगढ़ की 128 सीटें आवंटित की गयी है।

## रुद्राष्टक व लिंगाष्टक स्त्रोत से वातावरण हुआ शिवमय

### लखनऊ विश्वविद्यालय में 'शिव संध्या' कार्यक्रम आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के कला संकाय एवं सांस्कृतिकी के संयुक्त तत्वावधान में 'शिव संध्या' शीर्षक से सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संध्या का आयोजन एपी सेन सभागार में मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत ज्योतिर्विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. श्यामलेश तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण रुद्राष्टकम एवं लिंगाष्टकम स्त्रोत से हुई, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को शिवमय बना दिया।

इसके बाद 'आदियोगी लाइट एंड साउंड शो' की रिकॉर्डिंग जो कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रो केया पाण्डेय एवं उनके समूह द्वारा बनाई गई थी, को प्रदर्शित किया गया, जिसके बाद आरती का सामूहिक गायन किया गया। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने इस



अवसर पर अपने प्रेरणास्पद शब्दों के माध्यम से सभी को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का समापन प्रो. अंचल श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने सभी आमंत्रित अतिथियों, सहभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण औपचारिक व्यवस्थाओं एवं समन्वय में टैगोर पुस्तकालय की मानद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. केया पांडेय की प्रमुख भूमिका रही, जिनके कुशल निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अंश शर्मा द्वारा किया गया, जबकि आयोजन का समग्र निर्देशन कला संकायाध्यक्ष प्रो अरविन्द मोहन तथा सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ।

'शिव संध्या' में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे यह आयोजन एक स्मरणीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव बन गया।

## बीबीएयू के प्रो. नरेंद्र कुमार एएनआरएफ की तकनीकी कार्यक्रम समिति के सदस्य मनोनीत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नरेंद्र कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान की एक उच्च स्तरीय समिति – एडवांस्ड रिसर्च ग्रांट की तकनीकी कार्यक्रम समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह समिति पृथ्वी एवं वायुमंडलीय विज्ञान के क्षेत्र में उच्चस्तरीय अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए गठित की गयी है, जिसके अंतर्गत चयनित शोध परियोजनाओं को 5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इस समिति में कुल 28 सदस्य हैं, जिनमें विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे



आईआईटी, आईआईएससी, एनआईटी एवं केंद्रीय विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रोफेसर एवं अनुसंधानकर्ता सम्मिलित हैं।

लखनऊ शहर से प्रो. नरेंद्र कुमार एकमात्र सदस्य हैं और बीबीएयू के इतिहास में यह पहला अवसर है जब विश्वविद्यालय का कोई प्राध्यापक इस प्रकार की राष्ट्रीय शोध समिति का हिस्सा बना है। प्रो. नरेंद्र कुमार पर्यावरणीय परिवर्तन, जलवायु विज्ञान, और सतत विकास जैसे विषयों पर लंबे समय से शोध कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और भारत सरकार की कई परियोजनाओं का नेतृत्व भी किया है। इस समिति की सह-अध्यक्षता आईआईटी खड़गपुर के प्रो. एके गुप्ता एवं आईआईटी गांधीनगर के प्रो. विमल मिश्रा द्वारा की जा रही है। इस समिति का कार्यकाल तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें देश के चुनिंदा शोध प्रस्तावों की तकनीकी गुणवत्ता, नवाचार क्षमता और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इस उपलब्धि पर प्रो. नरेंद्र कुमार ने कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत सम्मान की बात है कि इस राष्ट्रीय स्तर की शोध समिति में कार्य करने का अवसर मिला है। यह न केवल मेरे व्यक्तिगत शोध कार्यों की मान्यता है, बल्कि बीबीएयू की अकादमिक साख को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का माध्यम है।

## हस्त निर्मित उत्पाद लेकर छात्रों का बढ़ाया उत्साह



**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में आशा ज्योति संस्थान की प्रबंधकारिणी समिति सदस्या एवं एपी सेन डिग्री कॉलेज की भूतपूर्व एसोसिएट प्रो. राय के माध्यम से आशा ज्योति संस्थान के मंदबुद्धि एवं विकलांग छात्रों के द्वारा बनायी गयी बहुत सी हस्त निर्मित उत्पादों जिसमे राखी, धूपबत्ती, बैग आदि थे के स्टाल लगाए गए इन हस्त निर्मित चीजों को महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने प्रशंसा के साथ खरीदा एवं बच्चों के मनोबल को भी बढ़ाया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया के द्वारा पौधा देकर सभी को सम्मानित किया गया। डॉ राय ने छात्राओं के साथ सामाजिक मुद्दों पर बातचीत भी की तथा छात्राओं को सर्टिफिकेट भी बांटे। संपूर्ण आयोजन प्रो. अंशु केडिया के नेतृत्व में डॉ.रत्ना शुक्ला, डॉ अनामिका सिंह, प्रो ज्योत्सना पांडेय, डॉ रुचि यादव के सहयोग से संपन्न हुआ।

## छह माह से नहीं मिला वेतन कर्मचारी व पेंशनर परेशान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सातवें माह भी विगत 6 माह का बकाया वेतन/पेंशन न मिलने से त्रस्त जल निगम कर्मियों/ पेंशनरों की पीड़ा को लेकर जल निगम संघर्ष समिति का आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिला।

प्रतिनिधि मण्डल ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जल निगम में सातवां वेतनमान लागू न होने तथा मंहगाई भत्ता/राहत 252 प्रतिशत के स्थान पर 212 प्रतिशत (40 प्रतिशत कम देकर) आधा अधूरा वेतन/पेंशन ही दिया जा रहा है, वह भी सातवां महीना चल रहा है। गत 6 माह के बकाया वेतन, पेंशन का कोई अता पता नहीं है कि वह कब मिलेगा। जल निगम में वर्तमान में केवल 25 प्रतिशत स्टाफ रह जाने से चार-चार पटलों का कार्य एक कर्मचारी से लिया जा रहा है। इतने परिश्रम के बाद भी वेतन/पेंशन के नाम पर हर महीने हाथ खाली।

● उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिले जल निगम कर्मी एवं पेंशनर



उपमुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल की बात विस्तार से सुनी तथा प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि वह इस विषय को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर उनसे वेतन/पेंशन भुगतान के लिए वार्ता करेगें तथा शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास करेगें। उपमुख्यमंत्री से मिलने वालों में संघर्ष समिति के संयोजक वाईएन उपाध्याय, राम अधार पाण्डेय, एसपी मिश्रा, अजयपाल सिंह सोमवंशी, वीके बाजपेयी, विनय कुमार यादव, गिरीश कुमार वर्मा, मंजीत कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर हर घर पर तिरंगा लगाया जाये

### हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी बैठक में आगामी कार्य योजना तय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हर घर तिरंगा अभियान की जिला कार्ययोजना बैठक में अभियान की रूपरेखा तय की।

हजरतगंज हलवासिया कोर्ट में आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि घर छोटा हो या बड़ा हो हर घर पर तिरंगा होना चाहिए। 15 अगस्त स्वतंत्रता पर्व तक प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और कार्यालय में तिरंगा फहरना चाहिए। इस बार के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था ऑपरेशन सिंदूर के बाद अबकी 15 अगस्त तिरंगा अभियान के प्रति हर व्यक्ति का उत्साह और बढ़ा है। मंडल स्तर पर 8 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान की मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा,

● अभियान में बूथ स्तर तक आम जनमानस की सहभागिता करेंगे सुनिश्चित : आनंद द्विवेदी



जिसमें मंडल पदाधिकारी, पार्षद, कार्यकर्ता और क्षेत्र में निवास करने वाले सम्मानित जनों को बैठक में आमंत्रित किया जाए। इसके बाद हर मंडल में 10 अगस्त से लेकर 12 अगस्त तारीख के मध्य एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यात्रा का मार्ग पूर्व में निर्धारित करा जाए। सभी 110 वार्ड में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए। मंडल में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में सामाजिक कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों की भी सहभागिता भी सुनिश्चित करें। सेना एवं शहीद परिवार से जुड़े लोगों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएग। शहीद, स्वतंत्रता सेनानियों तथा सैनिकों के घर, महापुरुषों के प्रतिमा स्थल, प्रमुख चौराहा स्थान पर एकत्रित करके हाथ में तिरंगा लेकर के भारत माता की जय, वंदे मातरम जयघोष करते हुए तिरंगा यात्रा का निकाली जाएगी। 12 से 14 अगस्त के बीच महानगर के स्मारकों की स्वच्छता का कार्य और उसके बाद पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक सभी घर एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का अभियान किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका का आयोजन किया जाएगा। सम्पूर्ण अभियान और तिरंगा झंडा लगाकर सेल्फी को सोशल मीडिया पर हेस्टैग तिरंगा यात्रा, एवं हर घर तिरंगा के साथ अपलोड करना है।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ महानगर में हर घर तिरंगा अभियान की कार्य योजना की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद 15 अगस्त पर हर घर अभियान बड़े जोर-शोर से आयोजित किया जाएगा।

अभियान में बूथ स्तर तक आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित का कार्य करेंगे। जिसके लिए विधानसभा और मंडल स्तर पर अभियान संयोजकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में सुधीर हलवासिया, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, अशोक तिवारी, राकेश सिंह, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, अभियान संयोजक विनायक पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह, लखविंदर पाल, यूएन पांडे, सीता नेगी, अनुराग साहू उपस्थित रहें।

## 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कैंप कमांडेंट कर्नल (डॉ) दिनेश कुमार पाठक तथा प्रशासनिक अधिकारी मेजर दिव्या शर्मा के नेतृत्व में दो एमटी बटालियन एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में चल रहे 10 दिवसीय शिविर में 05 अगस्त 2025 को लखनऊ ग्रुप एनसीसी मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। उनके आगमन पर सर्वप्रथम बालिका कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया क तत्पश्चात ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने शिविर में चल रहे प्रशिक्षण, ट्रेनिंग एरिया, लिविंग एरिया, चिकित्सकीय व्यवस्था, कुक हाउस का अवलोकन किया क कैंप प्रशिक्षण अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कैंप की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कैडेटों को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को अच्छा नागरिक बनाना है ककैंप में चल रहे प्रशिक्षण की सराहना करते हुए ब्रिगेडियर श्रीवास्तव ने कैडेटों को सदैव दृढ़ संकल्प के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण से अपने लक्ष्य पर केंद्रित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने बरेली में आयोजित थल सैनिक कैंप में उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में लखनऊ मुख्यालय की टीम के कैडेटों को सम्मानित किया जिन्होंने प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंप कमांडेंट कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक ने ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप लखनऊ ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव को धन्यवाद ज्ञापित किया कतत्पश्चात एनसीसी गान, राष्ट्र गान तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

संक्षेप

## सीमा विस्तार का शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्धारित प्रारूप पर समय कट प्रस्ताव सुसंगत अभिलेख सहित उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी जिसके क्रम में एसडीएम हटा के द्वारा ग्राम सभा रामपुर चौराहा ब्लॉक सुकरौली तहसील हटा जनपद कुशीनगर को नगर पालिका परिषद हटा में शामिल किए जाने हेतु आवश्यक प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप पर मानचित्र व सीमा विवरण सहित प्रस्तुत किया गया है। डीएम ने एसडीएम हाटा द्वारा प्राप्त आख्या के क्रम में बताया कि उक्त ग्राम सभा रामपुर चौराहा ब्लॉक सुकरौली को नगर पालिका परिषद हटा में शामिल किया जाना आवश्यक है क्योंकि ग्राम रामपुर सोहरौना घनी आबादी दुकान/व्यावसायिक प्रतिष्ठान से संबंधित क्षेत्र है जो नगर पालिका हाटा से सटे व सन्निकट है जिसे नगर पालिका क्षेत्र में शामिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया 2011 की जन गणना अनुसार वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र की जन संख्या 6650 है, तथा क्षेत्रफल 395.935 हेक्टेयर व जन संख्या घनत्व 16.80 व्यक्ति/प्रति वर्ग मीटर है।

## 18 हजार रिश्वत लेते क्लर्क गिरफ्तार



**कुशीनगर।** एंटी करप्शन की टीम गोरखपुर ने मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी कार्यालय कुशीनगर के क्लर्क को 18 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार लिया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ध्रुव नारायण ओझा पुत्र स्व राम आधार ओझा निवासी सिहुलिया थाना अहिरौली बाजार से चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान हेतु बिल बनाकर प्रेषित करने के एवज में 18000/ रुपए रिश्वत लेते क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी अधिकारी कार्यालय, छावनी पडरौना के क्लर्क ओमप्रकाश भारती को एंटी करप्शन टीम गोरखपुर ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 थाना कोतवाली पडरौना में पंजीकृत कराया गया।

## चीनी मिल चलाने के लिए धरना जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति और संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में अन्य मांगों सहित बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु देवरिया के कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों का धरना आज 229वें दिन भी जारी रहा। धरना को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि जब तक बैतालपुर चीनी मिल नहीं चल जाती तब तक किसानों का ये सत्याग्रही आंदोलन जारी रहेगा। जिस प्रदेश के मुखिया अपने विकास कार्यों की श्रृंखला की गिना रहे हैं। वही देवरिया में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु चार-चार बार घोषणा करने के बाद भी नहीं चला पा रहे हैं। जो किसानों के साथ क्रूर मजाक है। धरने पर अनिरुद्ध यादव, बरकत अली, सुनील, विवेक गिरी, नईम खान, राम प्रकाश सिंह, विकास दुबे, मृत्युंजय मणि त्रिपाठी, जगदीश यादव, प्रभुनाथ पासवान, संजीव कुमार शुक्ला, अशोक मालवीय, हारून रशीद, रामनिवास पांडे, रामलाल गुप्ता, विजय शंकर कर्मयोगी, शंभू नाथ तिवारी, आदि मौजूद रहे।

# 10 नगरीय निकायों को 58 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति

### कराये जाने वाले कार्यों कीसूची जिले की वेबसाइट है उपलब्ध : डीएम

- **टाइड ग्रांट के तहत 30.53 करोड़, अनटाइड ग्रांट में 20.92 करोड़ एवं 6.38 करोड़ अवस्थापना मद में दी गयी स्वीकृति**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि जनपद के 10 नगर निकायों- नगर पालिका परिषद पडरौना, कुशीनगर, हाटा एवं नगर पंचायत रामकोला, कप्तानगंज, खड्डा, मथौली, सेवरही, छितौनी, एवं फाजिलनगर में बुनियादी सुविधाओं अंतर्गत विभिन्न कार्य सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, पोखरे का सौंदर्यीकरण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, पंप हाउस निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त गार्वेज टीपर,ट्रैक्टर, वाटर टैंकर,पडरौना सुभाष चौक स्थित विभिन्न निर्माण कार्य,वार्डों में सामुदायिक शौचालय, पुरुष/महिला/दिव्यांग/चाइल्ड शौचालय, इंडिया मार्का हैंड पंप का अधिष्ठापन, वाटर आर ओ एटीएम, ई रिक्शा कूड़ा गाड़ी क्रय, सीसी मार्ग निर्माण, इंटर लॉकिंग, आर सीसी नाली निर्माण, सड़क निर्माण, विद्यालयों में टायलिकरण कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य, विद्यालयों में बाउंड्री वाल/गेट निर्माण का कार्य, हाथ ठेला क्रय, जल संचयन संबंधी कार्य, शिवर सेक्शन मशीन ट्रैक्टर सहित, स्प्रे मशीन बैटरी चलित का क्रय सहित विभिन्न निर्माण कार्यों एवं जनता की बुनियादी सुविधाओं के दृष्टिगत अन्य सभी आवश्यक कार्य कराए जाने की अनुमति डीएम ने निकायवार दी है। डीएम ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त अन्य सौंदर्यीकरण/निर्माण कार्यों की स्वीकृति उक्त नगर निकायों को दी गई है, विवरण एनआईसी की वेबसाइट kishinagar.nic.in पर देखी जा सकती है, उन्होंने उक्त समस्त ईओ को निर्देशित किया है कि स्वीकृत कार्यों के संबंध में शीघ्र प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, तथा कार्यों की गुणवत्ता व मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण किए जाने सहित सभी कार्य 06 महीने के अंदर पूर्ण किए जाने का निर्देश डीएम ने दिए हैं।

### बंदन योजना के तहत प्रस्ताव प्रेषित

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह ने बताया कि शासन द्वारा सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं का विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में बंदन योजना अंतर्गत स्थलों का चयन कर प्रस्ताव प्रेषित किए जाने का निर्देश दिए गए थे। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक स्थलों पर अवस्थापना एवं अन्य सुविधाओं के विकास हेतु वंदन योजना से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेज दी गई है। उन्होंने बताया वंदन योजना अंतर्गत परियोजनाओं के चयन हेतु गठित समिति में नगर पंचायत नपं. राम जानकी मंदिर,खड्डा अंतर्गत काली माता मंदिर के कार्यों हेतु संस्तुति सहित प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। डीएम ने बताया जनपद के सभी नगर निकायों के ईओ द्वारा प्रस्तुत किए गए थे जिसे शासनादेश में दिए गए प्राविधानों/व्यवस्था के अनुकूल तथा उपयुक्त पाये जाने वाले प्रस्तावों को शासन को प्रेषित किया गया है।

## विधायक के प्रस्ताव पर कपरवार को नगर पंचायत बनाने की कार्रवाई को मिली गति

जिला संवाददाता (vol)

- **उच्च अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से मांगा स्पष्ट आख्या**
- **लोगों ने विधायक के इस पर पहल को सराहा है**

**बरहज, देवरिया।** बरहज तहसील क्षेत्र के जनपद के सबसे बड़ी आबादी वाले ग्राम पंचायत कपरवार को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के लिए क्षेत्रीय विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका ने नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग की थी। नगर विकास विभाग इस संबंध में जिला प्रशासन से नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के संबंध में स्पष्ट आख्या मांगी है। प्रशासनिक स्तर पर नगर पंचायत गठन के संबंध में कवायद से जनपद के सबसे बड़े गांव को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की उम्मीद जग गई है। लोगों ने विधायक के इस पर पहल को सराहा है।

क्षेत्रीय विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका के प्रस्ताव पर नगर विकास विभाग के अनु सचिव कृपा शंकर जैसवार ने जिला अधिकारी देवरिया को पत्र भेज कर औचित्य पूर्ण प्रस्ताव स्पष्ट संस्तुति तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित नगर पंचायत का गठन के संबंध में निर्धारित मानकों के आलोक में परीक्षण कर संस्तुति सहित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के लिए उप जिलाधिकारी बरहज से आख्या मांगी है।

उप जिलाधिकारी विपिन द्विवेदी ने नायब तहसीलदार को राजस्व टीम का गठन कर सात दिवस में आख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है। विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका ने देवरिया जनपद की सबसे बड़ी आबादी की ग्राम पंचायत राजस्व ग्राम कपरवार को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के लिए 25 फरवरी 2025 को नगर विकास मंत्री को पत्र लिखा था। जिसमें पटखौली, लवकनी गंगा, कुसुम्हा, लवकनी ईश्वर, लवकनी बसु, खोरी, परासिया तिवारी, महेन गांव को सम्मिलित कर नगर पंचायत के गठन का अनुरोध किया था।

ग्राम पंचायत कपरवार सरयू और राप्ती नदी के संगम तट पर राम जानकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। जनपद का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है। नगर पंचायत गठन कवायद को गति पकड़ने से नागरिकों में उम्मीद जग गई है। नगर पंचायत के गठन होने से यहां के लोगों को बेहतर जन सुविधाएं मिल सकेगी।

## समाजवाद के प्रबलतम पैरोकार थे जनेश्वर मिश्र



**देवरिया।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र डॉ. राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकी के प्रबलतम पैरोकार थे, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जनेश्वर मिश्र जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में पढ़ते वक्त से ही समाज के दबे-कुचले तबकों की दुर्दशा से द्रवित थे जो डॉ. लोहिया के संपर्क में आने के बाद समता और समानता के समाजवादी सिद्धांतों के प्रबलतम पक्षधर बन गए। जनेश्वर मिश्र द्वारा सामाजिक समता के निमित्त दिए गए योगदान को याद करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा उन्होंने लोहिया के सप्तक्रांति को सामाजिक परिवर्तन का अमोघ अस्त्र बताया और प्रत्येक सम्मेलनों में वे इस पर विशद चर्चा करते थे। जातिभेद, रंग भेद, लिंगभेद, क्षेत्र भेद, भाषा भेद, आर्थिक विषमता आदि पर जनेश्वर मिश्र का व्याख्यान अद्भुत था। छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र को उनकी जयंती पर याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख सपाइयों में सुरेशनारायण सिंह,दयानंद यादव, संजय यादव,विनोद यादव, आलिम अंसारी, अभिषेक गोंड गुड्डू,सुरेश मास्टर,उत्तिम यादव,अशोक यादव,संतोष मद्धेशिया,अयोध्या वर्मा,उत्तिम यादव, श्यामराज कन्नौजिया,नाजिर अंसारी,व्यास यादव, मुस्तकीम आदि के नाम प्रमुख हैं।

## छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती कपरवार में श्रद्धा भाव से मनायी गयी

**बरहज,देवरिया।** समाजवादी आंदोलन के प्रखर पुरोधा एवं समाजवादी पार्टी की मजबूती हेतु आजीवन संघर्षरत रहे छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती कपरवार में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने जनेश्वर मिश्र जी के संघर्षमय जीवन और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने सामाजिक न्याय, समानता, और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके सिद्धांत आज भी समाजवादियों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके पदचिह्नों पर चलने और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सपा वरिष्ठ नेता अनिल गोस्वामी , पवन तिवारी , कमलेश सिंह , राजकुमार बारी , शिवनाथ चौहान , राधारमण त्रिपाठी , राजन मिश्रा , उपेन्द्र सिंह , मंतोष गोंड , लक्की तिवारी , धीरज यादव , दिनेश शर्मा , अनिल यादव , विनोद यादव , धर्मेंद्र राजभर , प्रदीप साहनी , शिवम मौजूद रहे ।

## भाजपा ने युवाओं को धोखा दिया : रणवीर

**बरहज,देवरिया।** मंगलवार को समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं की एक बैठक बरहज नगर के लकड़ीहट्टा स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई। बैठक में एसएससी परीक्षा में हुई धांधली को लेकर नाराजगी जताते हुए भाजपा सरकार की युवा विरोधी नीतियों की आलोचना की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कर्मचारी चयन आयोग परीक्षाओं में हुई धांधली को लेकर हजारों अभ्यर्थी आज सड़को पर आंदोलन कर रहे है। इस परीक्षा में गड़बड़ियों और तकनीकी खामियों के कारण अभ्यर्थियों को हुई परेशानियों को सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। देशभर में 30 लाख से अधिक छात्र एसएससी की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

परीक्षा कुप्रबंधन की निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और परीक्षा प्रणाली में आवश्यक सुधार लागू किए जाने चाहिए। पहले 69 हजार शिक्षक भर्ती, उसके बाद नीट परीक्षा और अब एसएससी परीक्षा में हुई धांधली को लेकर युवाओं में रोष व्याप्त है। इस सरकार ने देश के युवाओं को धोखा दिया हैं। नौकरी के लिए परीक्षार्थी धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर है।विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के परीक्षार्थी लम्बे समय से परीक्षाओं का इंतजार कर रहे है। युवाओं का शोषण चरम पर है। भाजपा सरकार में नौकरी व रोजगार नहीं मिलने से युवा अवसाद में आकर आत्महत्या करने पर मजबूर है। लेकिन भाजपा सरकार को युवाओं की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। बैठक में सयुस के पूर्व महासचिव इमामुद्दीन खान, यशवंत यादव, राहुल कन्नौजिया, दिनेश यादव, संदीप यादव, अभितोष यादव, रामविश्वाश यादव, अविरल चौधरी, गोविन्द सागर, संतोष पासवान, धनंजय चौहान आदि मौजूद रहे।

## सभी मंडलों में निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा



**देवरिया ।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्टी कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति की भावना के साथ देश की एकता और अखंडता का संकल्प लेते हुए अपने राष्ट्रीय पर्वों को मनाएंगे । इस क्रम में 5 अगस्त को तिरंगा यात्रा को लेकर पार्टी कार्यालय पर जिला पदाधिकारियों और कार्यकताओं की जिला योजना बैठक का आयोजन किया जाएगा तथा 7 और 8 अगस्त को हर मंडलों में मंडल योजना बैठक आयोजित की जाएगी । इसी क्रम में 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें युवा और महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मंडलों में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा 1 से 2 किलोमीटर की होगी जो शहीद स्मारक से होकर शहर या कस्बे के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरेगी । हर मंडल में शहीदों, युद्धवीरों तथा देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा । 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

13 से 15 तक नागरिकों के घरों पर तिरंगा लगाया जाएगा तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस और प्रदर्शनी के साथ साथ संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा । जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर सभी कार्यकताओं को पोस्ट करना है साथ ही सभी कार्यक्रमों को सरल ऐप और नमो ऐप पर भी अपलोड करना है । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, जिला मंत्री अरविंद पांडे बबुना, महेश मणि त्रिपाठी, निर्मला गौतम, रामाज्ञा चौहान, रमाशंकर निषाद, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, डा विनय सिंह, संजय पांडे, रामजी सिंह, गोविंद चौरसिया, विजय बेलदार, अक्षय प्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 24 घण्टे बाद गोताखोरों ने आदित्य का शव खोज निकाला

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के बनकटा तिवारी के छोटी गण्डक नदी में डुडे आदित्य यादव का शव गोताखोरों ने नदी से निकलने में सफल हो गये । बताया गया है कि ग्राम खोरीबारी के अरुआडीह टोला के तीन युवक जंगलीनाथ बाबा के पूजन अर्जन करने घर से सोमवार को निकले थे । वहीं जंगलीनाथ बाबा के मन्दिर के सटे तीनों छोटी गण्डक नदी में स्नान करते समय डुबने लगे। वहां मौजूद लोगों ने शोर करते हुए बचाने के लिए नदी में कूद पड़े । हरिओम व प्रियान्शु को बचाने में कामयाब हो गये । लेकिन आदित्य नदी की धारा में विलीन हो गया । नदी में डुबने की घटना जंगल की आग की तरह फैल गयी भारी संख्या मे लोग घटना स्थल पर पहुंच गये। प्रशासन द्वारा गोताखोर बुलवाया गया । शव न मिलने पर एन्डीआरएफ की टीम शव को तलाश करने के लिए आ गयी । पुलिस व एनडीआरएफ की टीम को सफलता नही मिल पायी । मंगलवार को परिजनों ने फिर गोताखोरों को बुलाया और गोताखोरों द्वारा आदित्य का शव 24 घण्टा बाद नदी से उसी स्थान से खोज निकाला जिस स्थान से आदित्य डुबा था । जबकि एनडीआरएफ व गोताखोरों ने सोमवार को दूर-दूर तक तलाश किये। लेकिन शव बरामद नही हो पाया। शव के मिलते ही पुलिस शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए शव सदर अस्पताल देवरिया भेज दिया ।

## कृषि मंत्री ने किया रक्षाबंधन व कृषि मेले का शुभारंभ




- **महिलाओं को किया सम्मानित, किसानों को दी आधुनिक खेती की सीख**

**देवरिया।** देवरिया क्लब परिसर में मंगलवार को रक्षाबंधन एवं कृषि मेले का भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया गया। यह आयोजन दो विभिन्न आयामों में विभाजित है – तीन दिवसीय रक्षाबंधन मेला (5 से 7 अगस्त) और एक दिवसीय कृषि मेला (5 अगस्त)। इस संयुक्त आयोजन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना तथा किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देना है।

**मेले में महिला सशक्तीकरण को मिली प्रमुखता**

रक्षाबंधन के पावन पर्व को केंद्र में रखकर आयोजित तीन दिवसीय मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्वनिर्मित राखियों, हस्तशिल्प उत्पादों, खाद्य सामग्री एवं स्थानीय वस्तुओं की स्टॉलें लगाई गईं। कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने इन स्टॉलों का अवलोकन किया और महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मा. मंत्री जी को राखी बाँधकर रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। मंत्री जी ने भी उनके उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कुछ वस्तुएँ खरीदीं। मेले के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री वितरित की गई तथा छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। श्री शाही ने बच्चों को खीर खिलाकर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उन्होंने कहा, ह्लरक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। महिलाओं को सम्मान और किसानों को साधन देना हमारी प्राथमिकता है।

## आप के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश और जिला स्तरीय नेताओं ने दिया त्याग पत्र



**कुशीनगर।** आप के जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने पार्टी की नीतियों से नाराज होकर प्राथमिक सदस्यता और पद से त्याग पत्र दे दिया। इसी क्रम में प्रकोष्ठ के प्रदेश व जिला स्तरीय और सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को सामूहिक हस्ताक्षर कर त्याग पत्र भेज दिया है। आप के शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष और बुद्ध इंटर कालेज के प्रवक्ता श्री त्रिपाठी ने अपने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह द्वारा संगठन में गलत दायित्व वितरण, पक्षपात पूर्ण पूर्वाग्रह से ग्रस्त निर्णयों, जमीनी कार्यकताओं की उपेक्षा से मैने यह निर्णय लिया है। प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेताओं जिन लोगों ने सामूहिक रूप से त्याग पत्र दिया है। उनसे संपर्क कर जल्द ही अंतिम निर्णय से सभी को अवगत करा दिया जाएगा। आप से त्याग पत्र देने वालों में आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व प्रधानाचार्य पी के अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ प्रो डी एनएनएस यादव, संस्थापक सदस्य अजय गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव, प्रो दिग्विजय सिंह यादव, विरेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव शिक्षक प्रकोष्ठ रेखा कुमारी, दुर्गेश कुमार चौधरी, मीडिया प्रभारी डॉ अनुज मिश्रा, कोषाध्यक मुकेश यादव, राजेश कुमार राव, प्रतिभा मौर्य, राबिन मिश्रा, रामभजन चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रदेश व जिला संगठन के सदस्य शामिल हैं।

## पुलिस ने किया तीन चोरों को गिरफ्तार



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न जगहों से हुए चोरी के मामले का खुलासा किया है ।गिरफ्तार तीन चोरों के कब्जे से 6 हजार नगद नगद सहित करीब 45 हजार रुपए कीमत का चोरी का एक पंपसेट, सिलाई मशीन बरामद करते हुए पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि लवनिया में एक दुकान में हुए चोरी के मामले सहित अन्य चोरी के मामले में चोरों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी थी ।इसी दौरान मंगलवार की दोपहर फोरलेन पर स्थित महुअवा कट के पास से चोरी की सिलाई मशीन साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तार चोरों द्वारा चोरी के अन्य मामलों को स्वीकारने के बाद पुलिस इनके निशान देही पर अन्य चोरियों के मामले में एक पंपसेट, चोरी के करीब 6 हजार रुपए नगद सहित अन्य समान बरामद करते हुए पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है ।गिरफ्तार चोरों मनीष पटेल निवासी लवनिया थाना पटहेरवा,प्रकाश कुमार निवासी लवनिया थाना पटहेरवा,जाकिर अंसारी निवासी पडरी विशुन दयाल थाना पटहेरवा निवासी बताए जाते हैं। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है। इस दौरान पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा,उप नि सुनील कुमार, उपनिरीक्षक पवन कुमार, रामचंद्र सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## कृषि मेला-गोष्ठी : आधुनिक खेती और पर्यावरण संरक्षण पर बल

**देवरिया।** रक्षाबंधन मेले के साथ-साथ 5 अगस्त को एक दिवसीय किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। यह कार्यक्रम प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यूएवं कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रमके अंतर्गत आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि श्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को वैज्ञानिक विधियों से खेती, फसल अवशेष न जलाने और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने किसानों से आह्वान किया कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं और नवाचार को अपनाएं। नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या की प्रोफेसर डॉ. साधना सिंह ने मिलेट्स (श्री अन्न) के पोषण व आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला। उप कृषि निदेशक श्री सुभाष मौर्य ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों ने उन्नत कृषि तकनीक, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के उपाय साझा किए। कार्यक्रम के अंत में कृषि मंत्री श्री शाही ने उपस्थित जनसमूह को रक्षाबंधन, जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र तिवारी, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती उषा पासवान, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, राजेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी, प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधियों के निशाने पर महिलाएं

जिला संवाददाता (vol)

- **आगरा में डिजिटल अरेस्ट कर 65 लाख रुपये ठगे, मुंबई पुलिस बनकर की कॉल**

आगरा। साइबर अपराधियों के निशाने पर अब महिलाएं हैं। आगरा में ऐसे ही दो मामले सामने आए, जिनमें दो महिलाओं को डिजिटल अरेस्ट कर 65 लाख रुपये की ठगी की गई। साइबर अपराधियों ने दो अलग-अलग मामले में महिला समेत दो को डिजिटल अरेस्ट कर 65 लाख रुपये ठग लिए। दोनों को मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर कॉल की गई। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग में फंसने का डर दिखाकर जेल भेजने की धमकी दी। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित पुलिस के पास पहुंचे। जमा पूंजी चले जाने से वो सदमे में हैं। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कालिंदीपुरम, न्यू आगरा निवासी महिला के पास 16 जुलाई को कॉल आई। उनके पति जल निगम में थे। पति की मृत्यु के बाद उन्हें नौकरी मिल गई। बेटा और बेटी आगरा से बाहर रहते हैं। कॉल करने वाले ने कहा कि वह कोलाबा पुलिस स्टेशन, मुंबई से बोल रहा है। आपके नाम से मुंबई में एक खाता खोला गया था। खाते में मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित रुपयों का लेन-देन हो रहा है। केस दर्ज किया गया है। जिसमें आपका नाम है। गिरफ्तारी की जाएगी। इस पर वो घबरा गईं। उनसे खातों की जानकारी मांगी गई। इसके बाद कहा कि तभी बच सकती हैं, जब रकम देंगी। बताया गया कि उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया गया है। उन्हें बैंक भेजकर 22.50 लाख रुपये जमा करा लिए गए। बाद में उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। मामले में पुलिस खातों की जांच कर रही है।

न्यू आगरा क्षेत्र निवासी सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी ने पुलिस को बताया कि उनके पास 18 जुलाई को एक कॉल आई। बताया गया कि कोलाबा पुलिस स्टेशन, मुंबई से बोल रहे हैं। कहा कि आपके संबंध में जेल में वर्ष 2023 से बंद नरेश गोयल से हैं। दोनों ने मिलकर बड़ी धनराशि का हेरफेर किया है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। इस अपराध में संलिप्तता मान लो। मना करने पर कहा कि वो डीसीपी हैं। मेज पर अरेस्ट वारंट रखा है। गिरफ्तारी कराकर उल्टा लटकाकर पिटाई करूंगा। इसके बाद कबूलने के लिए कई बार धमकाया। बाद में खाते और एफडी की जानकारी फोन पर मांग ली। इसके बाद बैंक जाकर एफडी तुड़वाने के लिए बोला। मगर उन्होंने कह दिया कि वह चल-फिर नहीं सकते हैं। इसलिए उन्होंने अपनी पत्नी से बात कराई। उन्हें भी धमकाया। 6 दिन तक कई बार कॉल करके आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट रखा। इसके बाद खाते में 43 लाख रुपये जमा करा लिए। बाद में उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। उनके पैरों से जमीन खिसक गई। यह रकम उनकी जिंदगी भर की जमा पूंजी थी। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस कभी किसी को फोन और व्हाट्सएप पर कॉल करके डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। अगर कोई खुद को अधिकारी बताता है। वारंट जारी करने की बात करता है। गिरफ्तारी का भय दिखाकर रकम मांगता है तो समझ जाएं ठगी होने वाली है। ऐसे लोगों से घबराने की जरूरत नहीं है। तुरंत कॉल काट देनी चाहिए। अपने क्षेत्र की पुलिस से मदद लेनी चाहिए। किसी तरह की धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें।

## श्रीराम कथा सुन आनंद से सराबोर हुए रामभक्त

**भलुअनी, देवरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के मां भगवती पैलेस मे हो रहे श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन कथा का श्रवणपान कराते हुए आचार्य धीरज कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन के बारे मे बताते हुए कहा कि श्रीरामजी के जन्मोत्सव के बाद अयोध्या मे खुशी की लहर दौड रही थी, घर घर प्रसन्नता का भाव था, परिवार के लोग उनकी शिक्षा दीक्षा को लेकर चिंतित हुए तो राजा जनक ने वशिष्ठ गुरू के आश्रम मे चारो राजकुमारो को भेज कर उन्हे गुरू मंत्र से परिपूर्ण होने को कहा। आचार्य धीरज कृष्ण ने कहा कि श्रीराम कथा भगवान राम के जीवन और आदर्शो का वर्णन करती है और मानव जीवन को सत्य और सही मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने से मनुष्य को शांति, आनंद, और जीवन मे सकारात्मक का अनुभव कराती है। भगवान राम का जीवन हमे सिखाती है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। और हमे अपने जीवन मे अच्छे कर्मो को करना चाहिए भगवान कहते है कि तुम जैसे हो वैसे ही मेरे पास आओ हम तुम्हे मुक्ति देगे। भजन गायक रघुपति व दीपक ने रामभक्ति भजन सुनाकर भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान आचार्य विजय कौशल महाराज, आचार्य आदित्य त्रिपाठी, आचार्य कृष्णा जी, राहुल मद्धेशिया, मनोज कुमार मद्धेशिया, संतोष मद्धेशिया, विनोद मद्धेशिया, दुर्गेश कान्दू, भरत वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, संजय वर्मा, बृजमोहन मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मारपीट की घटना में पुलिस ने मामला दर्ज किया

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कुशहा में मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। देखते ही देखते बात गाली-गलौज से बढ़कर लाठी-डंडों और लात-घूसों तक पहुंच गई। हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में घायल किरण पत्नी मनोज कुमार लोध ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बाल किशोर उर्फ गुड्डू, गीता व सपना ने एक राय होकर उस पर हमला किया। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है, जांचोपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से गौवंशी की मौत

उन्नाव। बिजली विभाग की लापरवाही से आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। इसके बावजूद भी कोई कदम न उठाए जाने के कारण क्षेत्र वासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला कल्याणी देवी खजुरिया बाग माइनर का है। जहां आज विद्युत पोल में करंट आने से गौवंश की मौत हो गई। बता दें अभी कुछ समय पहले 11 वर्षीय अंश की भी करंट लगने से मौत हो गई थी। जिसके बाद मोहल्ले वासियों के हंगामा करने पर कागजी कार्रवाई कर मामले को शान्त कर दिया गया था। लेकिन एक बार फिर कई विद्युत पोलो में एक साथ करंट उतरने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ज्यादातर लोहे के खम्भे नीचे से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिसकी जानकारी कई बार बिजली विभाग को दी गई है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### लापता महिला को खोज रही पुलिस

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बनिगाँव निवासिनी पीडिता प्रियांशी पुत्री स्व मनोज कुमार के मुताबिक बीते 27 जुलाई की शाम उसकी 41 वर्षीया माँ सविता देवी किसी को बिना बताए घर से कहीं चली गयी थीं। नाते रिश्तेदारों में काफी तलाश के बाद भी कहीं कोई अता पता नहीं चल सका है। उनका मोबाईल नंबर बन्द जा रहा है। मां के चले जाने से घर पर सभी परेशान है। पीडिता ने बताया कि उनका गेहुंआ रंग, लम्बाई 5 फुट, के आस पास है। वह हरे रंग की धारीदार साड़ी पहने हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

महोली (सीतापुर)। महोली कोतवाली क्षेत्र के रिछाही पुलिस चैकी के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर है। घायल को लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बरेली जिले के ग्राम औरंगाबाद निवासी पुष्पेंद्र 32 अपने साथी अमित 30 के साथ बाइक से सीतापुर जा रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दोनों बाइक सवार जमीन पर गिरकर बेसुध हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया। अमित को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। महोली इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

सीतापुर। जिले के संदना इलाके के गांव अटवा में बिजली विभाग की लापरवाही से सुबह बिजली के खंभे में करेंट उतरने से उसकी चपेट में आकर 48 वर्षीय रमेश कुमार पुत्र चौधरी की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके घर के दरवाजे पर लगे खंभे में अचानक करंट आ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही से उनके पति की जान चली गई है। उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चे हैं, एक लड़का और एक लड़की, और अब उनका परिवार तबाह हो गया है। इस संबंध में जब सरवा पावर हाउस के जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी विभागीय सहायता संभव होगी, वह परिवार को दिलाई जाएगी।

# शिकायती प्रार्थना-पत्रों की आख्या गुणवत्ताहीन न हो: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों की आख्या किसी भी दशा में गुणवत्ताहीन न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्थलीय सत्यापन अवश्य किया जाये। शिकायतकर्ता से समन्वय अवश्य स्थापित किया जाये तथा निस्तारण से भी अवगत कराया जाये। शिकायतों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो शिकायतें मांग, सुझाव अथवा नीतिगत विषयों से सम्बन्धित हों, उनमें स्पष्ट कारण भी अंकित किया जाये तथा तत्संबंधी सूचना से शिकायतकर्ता को भी अवगत करायी जाये। निस्तारण के साथ सम्बंधित दस्तावेज भी संलग्न किए जाएं तथा आख्या दर्ज करने वाले अधिकारी का स्पष्ट नाम, पदनाम एवं मोहर भी अंकित किया जाये। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाये। जनपद स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दर्ज किये गये निस्तारण की नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित करें तथा निस्तारण की गुणवत्ता की भी जांच करें। जनपद स्तर से लिये गये फीडबैक में जिन विभागों का खराब प्रदर्शन मिला, उनके अधिकारियों को सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि आमनजानस की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उच्च स्तर से नियमित रूप से इसकी समीक्षा भी की जाती है, इसलिये इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्भव अभियान के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खराब प्रगति वाले विकास खण्ड सुधार करें। कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये तथा संबंधित पोर्टल पर समय से फीडिंग सुनिश्चित की जाये।

## नेतृत्व व शैक्षिक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन




सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के संरक्षण एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में निपुण सेल, सीतापुर द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय (6 घंटे) नेतृत्व एवं शैक्षिक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में किया गया। कार्यशाला में नेतृत्व, शैक्षिक डिजाइन, समीक्षा बैठकों एवं समस्या समाधान जैसे चार प्रमुख सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों का संचालन दिल्ली एवं लखनऊ से आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जनपद के सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारीगण तथा राज्य स्तरीय संसाधन समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने संदर्शिका के प्रभावी उपयोग पर बल देते हुए कहा कि आप सभी सुनिश्चित करें कि हर शिक्षक संदर्शिका आधारित शिक्षण करें। उन्होंने विस्तार से बताया कि एक बी0ई0ओ0 के लिए नेतृत्व का वास्तविक अर्थ क्या है और इसे जमीनी स्तर पर कैसे उतारा जा सकता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों से एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा कि कर्तव्य और नौकरी में क्या अंतर है? उन्होंने इस प्रश्न के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों को आत्ममंथन हेतु प्रेरित किया और वर्तमान सत्र की शैक्षिक प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए यह साझा किया कि कैसे हम इस शैक्षणिक वर्ष का अधिकतम उपयोग कर बच्चों को निपुण लक्ष्यों के और अधिक निकट ला सकते हैं।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पोषण पाठशाला का आयोजन कल

आजमगढ़। जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार की अध्यक्षता में पोषण पाठशाला का आयोजन 7 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01.30 बजे के मध्य एनआसी के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम का थीम स्टंटिंग की समझ और समाधान-जन्म के पहले 06 माह पर विशेष ध्यान है। इस पाठशाला में विशेषज्ञों द्वारा कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव, स्टंटिंग के कारण एवं समाधान, तथा 06 माह से छोटे बच्चों की देखभाल और पोषण विषय पर चर्चा की जायेगी। विशेष रूप से 06 माह 07 बार रणनीति (संभव अभियान की रणनीति) को साझा किया जायेगा, जो माँ और शिशु की पहले 06 माह में पोषण आवश्यकताओं को लेकर एक व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करती है। इसके साथ ही सिजेरियन प्रसव के बाद स्तनपान कराने में आने वाले चुनौतियों और उनके संभावित समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग तथा विभाग की प्रमुख सचिव द्वारा भी प्रतिभागियों को संबोधित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया अपने स्तर से आशा एवं एएनएम को भी उपरोक्त लिंक से जुडने हेतु निर्देशित करें।

## केयर टेकरों का बकाया मानदेय को लेकर एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

लहरपुर (सीतापुर)। सामुदायिक शौचालय केयरटेकारों के बकाया मानदेय को लेकर भारतीय समाज सेवा संघ के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। सीतापुर जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास भास्कर के द्वारा ज्ञापन सौंपना और लोगों के न्याय व हित के लिए आवाज उठा रहे है। इसी क्रम में लहरपुर खंड विकास कार्यालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास भास्कर के द्वारा केयरटेकरों के साथ बैठक की गई। बैठक के उपरांत खंड विकास अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी पंचायत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि भारत सरकार के द्वारा आम जनमानस को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके रखरखाव के लिए प्रत्येक शौचालय पर एक महिला केयरटेकर की नियुक्ति की गई है। जिसका मासिक मानदेय 6000 और रखरखाव के लिए 3000 रुपए निर्धारित किया गया है। लेकिन केयरटेकरों को सचिव व ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते केयरटेकरों को समय से मानदेय व रखरखाव का पैसा नहीं दिया जाता। जिस कारण केयरटेकरों का कई वर्षों का मानदेय बकाया है। जिससे उनके जीवन यापन करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष भास्कर यादव के द्वारा रक्षाबंधन से पहले केयरटेकरों का बकाया मानदेय दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार दुबे, जिला अध्यक्ष रिंकू वर्मा, मीडिया प्रभारी रियाजुद्दीन अंसारी, प्रधान संघ अध्यक्ष रामू वर्मा, प्रमोद तिवारी, समेत पदाधिकारी व बड़ी संख्या में केयर टेकर मौजूद रहे।

## बालक-बालिका जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन



नवाबगंज, उन्नाव (वीओएल)। नगर के श्याम लाल इंटर कॉलेज में तहसील एवं जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कराटे 14 17 19 आयु वर्ग में बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कालेज के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह, निशा सिंह तोमर जिला व्यायाम शिक्षिका, प्रधानाचार्य माधुरी लता जीजीआईसी नवाबगंज, कीड़ा अध्यक्ष शिक्षक धर्मेश प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम यादव जिला व्यायाम शिक्षक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माला व दीपप्रज्वलन कर खेल का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता का आयोजन श्याम लाल इंटर कॉलेज एवं कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव ने संयुक्त रुप कराया। प्रतियोगिता में जीजीआईसी नवाबगंज, जीजीआईसी चमरौली की बालिकाएं, श्यामलाल इंटर कॉलेज के बालक एबीसी इंटर कॉलेज नवाबगंज प्राथमिक विद्यालय हसनगंज प्राथमिक विद्यालय जनसार माध्यमिक विद्यालय सहित अनेक विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले बच्चो का चयन मंडल स्तर पर हुआ। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार व प्रेसिडेंट रवि कुमार, कैप्टन संतोष तिवारी, संदीप मिश्र, प्रेम प्रकाश, श्याम नारायण, धीरज सिंह, हिमांशु, मुस्कान कराटे कोच, पिंकल कराटे कोच, गोविंद कराटे कोच, लक्ष्मी कराटे कोच, सहित अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बरसात से जनजीवन प्रभावित



सीतापुर। लगातार तीन दिनो से हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। शहर के विभिन्न इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि डीएम कार्यालय परिसर, विकास भवन परिसर, तहसील परिसर, नगर पालिका परिसर जैसे अहम सरकारी दफ्तरों में भी जलभराव हो गया। बारिश की मार केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं रही।

बल्कि प्रशासनिक कामकाज भी प्रभावित हुआ। नगर पालिका की ओर से जल निकासी के लिए किए जा रहे दावों की हकीकत तब उजागर हो गई। जब नगर पालिका परिसर में भी पानी भर गया। डीएम कार्यालय परिसर में पानी निकालने के लिए टैंक की मदद से जल निकासी करवाई गई। लेकिन घंटों तक कर्मचारियों और फरियादियों को जलमग्न परिसर में परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर कीचड़ और फिसलन से हादसों का खतरा भी बना रहा। शहर के अन्य प्रमुख स्थानों जैसे पूर्णागिरी मोहल्ला, विकास नगर कॉलोनी, अंबेडकर नगर समेत कई इलाकों में पानी भर गया है। नालियों की सफाई न होने और जल निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने से हालात और बिगड़ गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ताकि बारिश के चलते शहर में होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। लगातार हो रही बारिश के चलते अगले कुछ दिनों तक हालात और खराब हो सकते हैं। मौसम विभाग ने भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

## प्रशिक्षण में बुनियादी शिक्षा और शिक्षण विधियों पर हुई चर्चा

लहरपुर (सीतापुर)। लहरपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। मंगलवार को इस प्रशिक्षण में बुनियादी शिक्षा के महत्व और शिक्षण विधियों पर चर्चा हुई। साथ ही एनसीईआरटी की नवीन पाठ्य पुस्तकों के प्रयोग और शिक्षण के बारे में संदर्भ दाताओं द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। एआरपी ऋषिकेश बाजपेई ने अभियान गीत कथा प्रस्तुत की। अंकुर शुक्ला ने प्रेरक प्रसंग साझा किए। प्रशिक्षक सुरेश कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण भारत मिशन में बुनियादी शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शिक्षा की बुनियाद जितनी मजबूत होगी। उस पर खड़ी होने वाली इमारत भी उतनी ही विशाल और मजबूत होगी। इसलिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों को भाषा और गणित के कौशल में दक्ष बनाने से अन्य विषयों के शिक्षण में भी आसानी होगी। सुरेश कुमार ने यह भी बताया कि एनसीईआरटी की नवीन पुस्तकें बच्चों की आयु के अनुसार दक्षताओं और कौशल विकास में पूरी तरह से सक्षम हैं। इस अवसर पर संकुल शिक्षक जुबेर वारिस, मीना सिंह, मोहम्मद आमिर और सत्येन्द्र कुमार ने हिन्दी और गणित विषय पर शिक्षण योजना निर्माण कर समूह चर्चा की। उन्होंने अपनी प्रस्तुति भी दी। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर ऑपरेटर सौरभ शुक्ला, लेखाकार पंकज वर्मा और प्रतिभा लोधी ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। शिक्षक पवन कुमार, मोहम्मद अतीक, रोशन लाल और फिरदौस खानम ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किए।

## सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना ही उद्देश्यः इंदु सिंह

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको रेनुसागर के प्रेक्षागृह में पारंपरिक उत्सवों की श्रृंखला को आगे बढ़ाने के क्रम में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सदस्याओं ने हरियाली तीज के उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर शिव वंदना की प्रस्तुति से किया गया। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया।सावन का महीना प्रकृति, भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, जब भगवान शिव शक्ति के साथ विचरण करते हैं। यह ऋतु प्रकृति की सुंदरता और उसके हमारे जीवन में महत्व को रेखांकित करती है। हमारे त्योहार हमें ऊर्जा से भर देते हैं वहीं ऊर्जा हमें कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने कहा कि, इस आयोजन का उद्देश्य हमारी सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है और समाज की महिलाओं को एक साथ संगठित कर उनके आत्मशक्ति और सामाजिक योगदान को बढ़ावा देना है।

## पौधों की जियोटैगिंग शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जायेः डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अभियान 2025 के अंतर्गत पौधों की जियोटैगिंग शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सूची में स्थल के नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी औद्योगिकों एवं अस्पतालों की सूची तैयार करें। जो अपना अपशिष्ट जल नदियों में प्रवाहित करते हैं, उनको नोटिस जारी की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि नदियों के किनारे अवैध कब्जों को खाली कराया जाये तथा नहरों को सरांयन नदी से जोड़ा जाये।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम बनाते हुए इसकी जांच करायी जाये। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के बल्क सप्लायर्स को भी चिन्हित करते हुये कड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि चिकित्सालयों एवं पशु चिकित्सालयों के बायोमेडिकल वेस्ट के नियमानुसार निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगा स्नान व मेला की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक



पाटन, उन्नाव। आगामी रक्षाबंधन पर्व पर माँ चंद्रिका अम्बिका धाम बक्सर में गंगा स्नान और मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को बक्सर स्थित पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह ने की। बैठक में क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुप कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी बारा सगवर धर्मेंद्र मिश्रा, ग्राम प्रधान रामबदन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, मंदिर समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मेला व्यापारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक के दौरान रक्षाबंधन के अवसर पर अम्बिका धाम में उमड़ने वाली भारी भीड़, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, पुलिस बल की तैनाती, महिला सुरक्षा समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या माहौल बिगाड़ने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों ने रात्रिकालीन प्रकाश, शौचालय की उपलब्धता तथा गंगा घाट पर बैरिकेडिंग की मांग रखी, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जायेगा सम्मानित

मीरजापुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, राजेश सोनकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन व्यक्तियों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं, सेवायोजकों को निम्नलिखित श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तरीय स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार। प्रेरणास्त्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक, बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के लिये राज्य पुरस्कार दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकल बेबसाइट हेतु राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार ।सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार ।दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार उन्होंने बताया है कि उक्त पुरस्कार के लिए इच्छुक पात्र दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों, सस्थाओं एवं सेवायोजकों को अपने आवेदन पत्र की समस्त औपचारिकता पूर्ण कर तीन प्रतियों में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में यथाशीघ्र जमा करायें।

## बच्चों में बढ़ते मोटापे की वजह दिनचर्या में बदलाव

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव, (वीओएल)। बच्चों में तेजी से बढ़ते मोटापे का मुख्य कारण बच्चों की दिनचर्या में भारी बदलाव। आउटडोर खेलों से दूरी और गैजेट्स पर निर्भरता के चलते उनकी शारीरिक गतिविधि घट गई है, जिससे कम उम्र में ही मोटापा उन्हें अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पहले जहां बच्चे खेल के मैदानों में घंटों दौड़ते-भागते थे। अब वे मोबाइल,लेपटॉप और टीवी स्क्रीन में उलझे रहते हैं।

डॉक्टरों के अनुसार, आज की पीढ़ी की जीवनशैली पिछली पीढ़ी की तुलना में काफी बदल गई है। पहले कबड्डी, खो-खो, गिल्ली डंडा जैसे देशी खेल बच्चों के शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाते थे।वे न केवल उन्हें व्यायाम का मौका देते थे, बल्कि बच्चों के बीच टीम वर्क और सामूहिकता की भावना मजबूत करते थे। पर आज के बच्चे इंटरनेट की दुनिया में इतने मशगूल हो गए हैं कि उनके जीवन से खेल लगभग गायब हो चुके है। इसके साथ ही घर में बने ताजे भोजन की जगह प्रोसेस्ड और जंक फूड ने ले ली है। जिससे कैलोरी अधिक और पोषण कम होता है। वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया अक्सर मोटे बच्चों को स्वस्थ मान लिया जाता है। जबकि हकीकत में यह भविष्य में कई बीमारियों की नींव डालता है। इसके तहत सबसे अहम कदम बच्चों का स्क्रीन टाइम सीमित करना है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को खेल के मैदान में भेजें। और उनको सक्रिय खेल के लिए प्रोत्साहित करें। खान-पान में बदलाव भी जरूरी है। जंक और प्रोसेस्ड फूड की जगह घर का ताजा बना भोजन दें। जिसमें फल और हरी सब्जियां अधिक हो। चीनी और मैदे का सेवन कम करें। और परिवार के साथ बैठकर खाने की आदत डालें। जिससे बच्चे अच्छे खानपान के महत्व को समझें। वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव ने सलाह दी मोटापा कई बीमारियां लेकर आता है। जैसे डायबिटीज, दिल की बीमारियां और फैटी लीवर अगर बच्चों में इन्हें समय रहते नहीं रोका गया, तो ये समस्याएं उम्र के बढ़ते और भी गंभीर हो सकती हैं।

## बुढ़वा मंगल पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

जौनपुर। बुढ़वा मंगल का पर्व जिले में आस्था और विशवास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न हनुमान मन्दिरों पर पूजन दर्शन कर लोगों ने रोट और लडडू चढ़ाया। कई स्थानों पर मेलों का आयोजन भी किया गया। कई जगह पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गयइस अवसर पर श्री माँ शारदा शक्तिपीठ, मैहर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। भक्तगण दूर-दराज से पहुंचकर ष्जय श्री रामष के जयकारों के साथ हनुमान जी के दर्शन व पूजन के लिए मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर विशेष पूजन एवं आरती संपन्न की गई। उन्हें सिंदूर, चमेली का तेल, जनेऊ, लाल वस्त्र, तुलसी पत्र की माला व पुष्प अर्पित किए गए। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष हवन, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा सुंदरकांड व मंगल पाठ का भावपूर्ण पाठ किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

## कच्ची दीवार ढही एक की मौत

सीतापुर। लगातार हो रही तेज बारिश से एक और दर्दनाक की जानकारी मिली। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के टीकर बहादुरपुर गांव के नेमपुर मजरे में देर रात कच्ची दीवार गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में छप्पर के नीचे बंधी नौ बकरियों की भी मलबे में दबकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी शराफत 25 वर्ष और शाबान 20 वर्ष अपने घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहे थे। लगातार हो रही बारिश के कारण छप्पर के सहारे बनी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के साथ छप्पर भी गिर गया। जिससे दोनों युवक और उनके पास बंधी 9 बकरियां मलबे के नीचे दब गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाया और दोनों भाइयों को बाहर निकाला। इस दौरान नौ बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल शराफत और शाबान को तुरंत सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने शराफत को मृत घोषित कर दिया। शाबान का इलाज जारी है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला आयोजित



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष व मुख्य अतिथि द्वारा भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि की गई तत्पश्चात अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि नीरज वर्मा ने बताया की स्वतंत्रता दिवस हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है और इसको हर्ष और उल्लास के साथ हर भारतवासी मानता है। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान मनाती है। जिसमें पार्टी का कार्यकर्ता व समर्थक घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा देते हैं और तिरंगा के सम्मान के लिए जागृत करते हैं।

उन्होंने आगामी अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं मंडल व शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यक्रम के निर्धारित दिन एवं कार्य योजना पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पार्टी के पदाधिकारीयों से इस अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया। उन्होंने मंडल अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान मात्र एक अभियान नहीं है। यह हमारी राष्ट्रभक्ति से जुड़ी एक कड़ी है। जिसे हमें सच्चे मन और राष्ट्रभक्ति के भाव से करना है। उन्होंने सभी से अभियान की सफलता के लिए तन मन से जुटने का आवाहन किया। कार्यक्रम में अभियान संयोजक सुधाकर शुक्ला व सह संयोजक नीरज वर्मा झल्लर ने अभियान से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश पार्टी पदाधिकारी के समक्ष रखें। इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, कंचन प्रभा पांडे, नैमिष रतन तिवारी, इंदू सिंह चैहान, उदित वाजपेई, जया सिंह, महेश शर्मा, विष्णु मौर्य, राजन गुप्ता, कुसुम सिंह, अमित दीक्षित, कौशलेंद्र सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## डीएम से की सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने की शिकायत

बांदा। भू-माफिया से सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के लिए नरैनी तहसील के ग्राम गोखिया गांव निवासी विजयकिशोर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि गांव के धोबिया तालाब पर अवैध अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने घर बना लिया है और सती मंदिर के परिक्रमा मार्ग को भी बाधित कर दिया है। अपने चक के पश्चिमी सिरे पर बने चक पर कब्जा कर रखा है और दक्षिणी सिरे का आधा चकरोड अपनी जमीन में मिला लिया है। इससे किसानों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। इसी तरह गांव के राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी को मंदिर के अंदर घुस कर पीटा था, जिसका मुकदमा थाना अतर्रा में दर्ज कराया गया है। बताया कि आरोपी सकूर खां के तीनों लड़के गांव के शातिर अपराधी हैं, जावेद पुत्र सकूर के ऊपर मध्यप्रदेश में अपहरण के दो मुकदमे पंजीकृत हैं। पीड़ित विजयकिशोर तिवारी ने प्रकरण की न्यायिक जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## अतिवृष्टि.से नष्ट हुई फसलें, सर्वे की मांग

बांदा। सदर तहसील के अरबई गांव के किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी आपबीती बताई। पूर्व प्रधान बिहारीलाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे किसान जसवंत सिंह, प्रवीण सिंह, भोला प्रसाद, ओमप्रकाश, बच्चा, लोटन, राकेश, जन्मेजय, मुन्नीशाह ने कहा कि बारिश से उनकी बोई खरीफ की फसल तिल, सोयाबीन, अरहर, उर्द आदि की फसल खराब हो चुकी है। कृषि कार्य के लिए बैंक से ऋण लिया गया है लेकिन अतिवृष्टि के चलते धन व फसल बर्बाद हो चुकी है। उनके पास आय का कोई श्रोत नहीं है। किसानों ने हुए नुकसान का सर्वे कराकर भरपाई की मांग की है। इस दौरान बलवंत सिंह, बाबूराम, कामता, रामराज, जहीर, बरातीलाल, दरबारीलाल आदि मौजूद रहे।

## कल मनाया जायेगा पर ब्लॉक वन क्रॉप सप्ताह

ललितपुर। औद्यानिक विशिष्ट फसलों का चयन एवं उत्पादन के साथ उपज के मूल्य संवर्द्धन, पैकेजिंग, विपणन, ब्रांडिंग और उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिए तथा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के निर्धारित महत्वकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से पर ब्लॉक वन क्रॉप सप्ताह कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। इसी क्रम में सात अगस्त को कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र में उप निदेशक उद्यान झांसी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी/किसान सभा का आयोजन किया जा रहा है।

# तेज बारिश में दो मकान की छत गिरने से बच्ची की मौत, सात घायल



बिजनौर। तेज बारिश के कारण मकान की छत गिरने से परिवार के मुखिया सहित सात सदस्य मलवे में दबकर घायल हुए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने मलबे में दबे लोगो को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

दो की हालत को नाजुक देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर के ग्राम अलावलपुर उद्दा मे दिनेश सिंह पुत्र चतरा सिंह अपनी पत्नी सुनीता व 05 बच्चे शिव (10 वर्ष), वंशिका (12 वर्ष ), रानी (15 वर्ष), प्रीति( 20 वर्ष) और मोनू अपने घर में सो रहे थे। सोमवार को रात्रि मे अत्यधिक बारिश के चलते दिनेश सिंह के मकान की छत गिर गई जिसमें परिवार के सभी सातो लोग मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पाते ही उच्चाधिकारीगण मय पुलिस टीम व उपजिलाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी मशीन को मौके पर बुलवाकर टीम द्वारा ग्रामीणो के सहयोग से परिवार के सभी सात सदस्यो को बाहर निकाला गया। घटना में वंशिका व शिव को मेरठ रेफर कर दिया है वही दिनेश सिंह वह उनकी पुत्री रानी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वही दूसार घटना थाना कोतवाली शहर के जंदरपुर मंडावली निवासी शाहिद का मकान भी तेज बारिश के चलते गिर गया जिसमें उसकी तीन वर्षीय चाहत की मौत हो गई। पुत्री की मौत परिवार में परिवार मे कोहराम मचा हुआ है।

## मासूम बच्ची के साथ की दरिंदगी

ललितपुर। थाना जाखलौन के ग्राम ऐरा में घर के बाहर खेल रही एक चार साल की मासूम बच्ची के साथ 16 वर्षीय किशोर ने दरिंदगी कर डाली। किशोर उसे उठाकर सुनसान में ले गया और बच्ची के साथ गलत कार्य किया। बच्ची रोते हुये घर पहुंची तो मां-बाप को शंका हुई जिस पर उन्होंने बच्ची से पूछा तो उसने किशोर द्वारा की गई दरिंदगी के बारे में बताया। मां-बाप की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुये बच्ची को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है।

## तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना मडावरा पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को बंदी बना लिया है। पुलिस ने दुर्जन उर्फ छोटू उम्र करीब 28 वर्ष, पुष्पेन्द्र उम्र करीब 30 वर्ष व मनोहर उम्र करीब 29 वर्ष को रोहिणी डैम के पास थाना मड़ावरा जनपद ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। मडावरा निवासी मृतक के भाई ने पुलिस को बताया था कि उक्त लोगों द्वारा उसके भाई राजेन्द्र सिंह पुत्र करन सिंह उम्र करीब 45 वर्ष को एकराय होकर लाठी-डण्डो से मारपीट करने से मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे सूचना दी गयी।

# स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा



ललितपुर। स्वदेशी जागरण मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी उत्पादों की खरीद एवं विदेशी उत्पादों पर आत्मनिर्भरता कम करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी के आह्वान का स्वागत करता है। जहाँ प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है। वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में, जहाँ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है, अमरीका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है, कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है, और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बड़ी संख्या में व्यापारियों और विनिर्माण कंपनियों के संघों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर 12 जून, 2025 को श्स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की शुरूआत के साथ, स्वदेशी आंदोलन को फिर से गति दी गई है, जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में भारत को पुनः महान बनाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी आंदोलन केवल ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने का आंदोलन नहीं था, बल्कि आर्थिक सम्मान, सांस्कृतिक पहचान और सभ्यतागत संप्रभुता का दावा भी था। स्वतंत्रता संग्राम के शुरूआती दौर में शुरू हुआ स्वदेशी आंदोलन, वास्तव में विदेशी वस्तुओं को अस्वीकार करने, घरेलू उत्पादन को बहाल करने और भारत के आत्मनिर्भर आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्निर्माण का एक आह्वान था।

## किसानों को बतायी हॉर्टीकल्चर की विधि



बांदा। जिला उद्यान विभाग ने कृषि विज्ञान केन्द्र में वन क्राप कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप निदेशक उद्यान विनय यादव ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों को प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर के लक्ष्य तक पहुँचाने के लिए हॉर्टीकल्चर आधारित वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि कैसे टमाटर, फूलगोभी, प्याज, हरीमटर तथा मूली जैसी फसलों को नवीन तकनीकों से तैयार कर प्रदेश से बाहर बेंचा जाए ताकि उत्पादों का मूल्य संवर्धन हो और किसानों की आय दो गुनी की जा सके। डॉ० सुभाष चन्द्र सिहं वरिष्ठ वैज्ञानिक ने करेला, लौकी, तरोई जैसी सब्जियों को मचान विधि से उगाने की सलाह दी, और ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे पैदावार में वृद्धि हो सके और बाजार में बेहतर दाम मिल सके। उन्होनें किसानों को कंटिग, ग्राप्टिगं व बडिंग जैसे हार्टीकल्चर तकनीकों के प्रशिक्षण के जरिए कृषि विज्ञान केन्द्र में पंजीकरण कराने की अपील की। डॉ० श्याम सिंह ने किसानों को मौसम आधारित खेती अपनाने की सलाह दी। प्रगतिशील किसान प्रेम सिंह ने औद्यानिक खेती का अनुभव किसानों के बीच साझा किया। जिला उद्यान अधिकारी ने विभाग में संचालित योजनओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी और बताया कि इंटरक्रापिगं के माध्यम से बागवानी और फसलों का समन्वय कर किसानों की आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। जिला उद्यान अधिकारी केशवराम चैधरी ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 100 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान डॉ० विजेन्द्र कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक, कृषि विश्वविद्यालय, इखबिन्द कुमार ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, अपर साख्यिकी अधिकारी शिवेन्द्र सिंह बघेल, उद्यान निरीक्षक नवनीत त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह, अरूण कुमार और अर्जुन मौजूद रहे।

## पुलिस पेंशनर्स के साथ डीआईजी की बैठक, सुनी समस्याएं




बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने एसपी पलाश बंसल व अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में मंडलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की। बैठक में मंडल के जनपद बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने पेंशनर्स की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के बारे में अधीनस्थों को निर्देश दिए। पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों के लिए डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही सवेरा योजना के बारे में जानकारी दी। सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है। इसके तहत पंजीकृत सभी वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति या जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बैठक के दौरान साइबर अपराध के तरीकों और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नही बल्कि तत्काल इसकी शिकायत 1930 अथवा स्थानीय थाने में दर्ज कराएं।

## आईपीएस मेविस टक ने संभाला पदभार




बांदा। नवागंतुक सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस मेविस टक ने सोमवार की देर शाम कार्यभार ग्रहण किया। मेविस टक भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस की वर्ष 2022 बैच की अधिकारी हैं। उन्होने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ मंगलवार को लोगों की समस्याएं सुनीं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल प्रतिदिन कार्यालय में जिले के लोगों की समस्याएं सुनते हैं। इसके पश्चात वह अन्य विभागीय कार्यों को निपटाते हैं। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जन सुनवाई को प्राथमिकता पर रखा है। इसी का परिणाम है कि लोगों की समस्याओं का समाधान होने के साथ ही जिले के अपराधियों में दहशत है। अधिकांश अपराधी सलाखों के या तो अंदर हैं और कुछ जनपद छोड़कर बाहर भाग गए हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भरे नमूने



ललितपुर। रक्षा बंधन पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ललितपुर की टीम द्वारा उन्नति किराना बिरधा से माधुरी ब्रांड सरसों के तेल का नमूना, जाखलौन स्थित कल्लू मिठाई वाले से बर्फी का नमूना, जाखलौन स्थित मोनू शर्मा की दुकान से बूंदी के लड्डू का नमूना संग्रहित किया गया। जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलीमुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर के निरंजन और एस एस निरंजन सम्मिलित रहे। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग ललितपुर की टीम द्वारा महरौनी स्थित पंडित मिष्ठान भंडार से बेसन का लड्डू का नमूना, मां अंजनी मिष्ठान भंडार से बूंदी लड्डू का नमूना, जितेंद्र साहू की दुकान से बूंदी का लड्डू का नमूना, संग्रहित किया गया। जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सचिदानंद राय और नागेन्द्र कुमार पटेल सम्मिलित रहे।

# ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी से आक्रोश

## युवा ब्राह्मण महामण्डल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



ललितपुर। युवा ब्राह्मण महामण्डल ने बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रहे रहीश राजपूत पर ब्राह्मण समाज के विरूद्ध की गयी अर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुये कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सजातीय बंधुओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुये जिलाधिकारी अमनदीप डुली को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहीश राजपूत द्वारा सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज की मातृ-शक्ति के विरुद्ध अत्यंत अमर्यादित, अपमानजनक एवं भड़काऊ भाषा का प्रयोग करते हुए अशोभनीय गालियां दी गई हैं। कहा कि यह कृत्य न केवल ब्राह्मण समाज की गरिमा और भावनाओं को आहत करता है, बल्कि इससे सामाजिक समरसता, सौहार्द एवं जनपद की शांति व्यवस्था को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने उल्लेख किया कि उक्त आमदी पूर्व में भी कई अवसरों पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध इसी प्रकार की अभद्र टिप्पणियां कर चुके हैं, जिससे क्षेत्र में कई बार जातीय तनाव एवं हिंसा की संभावना बनी है। वर्तमान प्रकरण में भी उनके द्वारा प्रयुक्त आपत्तिजनक शब्दों के वायरल वीडियो से ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है, और यदि समय रहते कठोर विधिक कार्यवाही नहीं की गई, तो जनपद की कानून व्यवस्था प्रभावित होने की पूर्ण संभावना जतायी। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया। हालांकि अपने कार्यालय से परिसर में ज्ञापन लेने पहुंचे डीएम अमनदीप डुली ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रतीश तिवारी एड., प्रदीप मिश्रा, रामदास श्रोतीय, पार्षद मनमोहन चैबे एड., अभय मिश्रा धवारी, शुभम पस्तोर, डा.दीपक पस्तोर, दीपेश उपाध्याय, नीलेश तिवारी, राहुल चैबे, अंशुल टोंटे, कृष्ण शर्मा, विकास झां, अजय दुबे, दिनेश पाण्डेय, राजकिशोर रावत, पुनीत तिवारी, शिवम तिवारी, कल्लू तिवारी, विपिन पाठक, रिंकू दुबे, दीपक पण्डा, अनमोल, आलोक चतुवेर्दी पत्रकार, अभिषेक मिश्रा, राजेश तिवारी, शक्ति पाठक, भुवनेश चतुर्वेदी, वेदप्रकाश लिटौरिया, अभिषेक दुबे, इन्द्रेश तिवारी, शिवम शर्मा, अनुज शर्मा, प्रशान्त शुक्ला, रामनरेश, दीपक पाराशर, मनीष दुबे दरोनी, सुरेन्द्र तिवारी, रवि मिश्रा, मानू शर्मा, रत्नेश दीक्षित, आदित्य, दीपक पस्तोर, सुभाष शर्मा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## डॉ. रवि पचौरी उच्च गुणवत्ता के शोध कार्य के लिए हुए प्रशिक्षित




ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ0 रवि पचैरी ने कल्याण सिंह सुपरस्पेसिलिटी कैंसर संस्थान लखनऊ मे पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा आयोजित शोध कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस शोध कार्यशाला को स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित किया गया। जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यो के लिए संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करना है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर मे भी उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यो को बढ़ावा मिलेगा एवं अन्य संकाय सदस्यों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा। ऐसे प्रशिक्षण से चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर मे शैक्षणिक शोध कार्यो में निरंतर उन्नति होगी। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक शुक्ला ने बताया कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के सहयोग से मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों में उच्च गुणवत्ता के शोध कार्यों को गति दी जाएगी। प्रधानाचार्य ने डा0 पचैरी को प्रशिक्षण के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की डा0 पचैरी अपने प्रशिक्षण का उपयोग करते हुए अन्य विभाग के संकाय सदस्यों के शोध कार्य में सहयोग करेंगे।

# छात्रों को दें नैतिकता व अनुशासन की शिक्षा : आयुक्त

## आश्रम पद्धति विद्यालय का औचक निरीक्षण



बांदा। शहर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली का आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक गजेन्द्र सिंह व समस्त स्टॉफ उपस्थित मिला। आयुक्त अजीत कुमार ने कक्षा-7, 11 एवं 12 के कक्षों में पहुंचकर अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें मिल रही शैक्षिक एवं मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। छात्रों ने बताया कि उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म एवं पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं, जबकि जूते-मोजे अभी नहीं मिले हैं। भोजन व्यवस्था के बारे में बताया कि नाश्ता, दोपहर व रात्रि का भोजन समय पर नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है। इसके बाद आयुक्त ने विद्यालय परिसर में सफाई, शौंचालय, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता व अन्य व्यवस्थाओं को देखा, यह संतोषजनक मिले। आयुक्त ने विद्यालय के शिक्षकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों से संवेदनशीलता और सम्मानपूर्ण दृष्टिकोण अपनायें, बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, अपितु नैतिक शिक्षा, अनुशासन और मूल्यों की भी शिक्षा दी जाए, शिक्षक समय से विद्यालय आकर शिक्षण कार्य गंभीरता से करें, स्वच्छता, पोषणयुक्त भोजन एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता में कोई कमी न आने पाए, विद्यालय में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक दवाओं एवं प्राथमिक उपचार उपलब्ध रहे। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल पढ़ाई से नहीं, अपितु बेहतर वातावरण, नैतिक संस्कार एवं पोषणयुक्त देखरेख से संभव है। शासन की मंशा है कि आश्रम पद्धति विद्यालयों को अनुकरणीय शिक्षा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए।

# एसडीएम सदर मनीष कुमार नपा प्रशासक नियुक्त

## दो माह से अधिक समय से प्रशासक न होने से वेतन, पेंशन सहित नहीं हो पा रहे थे अन्य कार्य



ललितपुर। जिलाधिकारी अमनदीप डुली के आदेश पर एसडीएम सदर मनीष कुमार विश्वकर्मा को नगर पालिका परिषद का प्रशासक नियुक्त किया गया है। नपा प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हुये मनीष कुमार ने सभी कर्मियों को शासन की मंशा अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम सदर को नगर पालिका का प्रशासक नियुक्त किये जाने के बाद से विकास कार्यो में तेजी आने की बात कही जा रही है। नपा प्रशासक/एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्रशासन के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता यही है कि नगर को साफ स्वच्छ एवं व्यवस्थित ललितपुर की अवधारणा के रूप में कार्य करना है, हमारे सभी कर्मचारी एवं नगर की जनता कदम से कदम मिलाकर काम करेगें। हमारे जितने भी कर्मचारी एवं नगर की जनता है वह सभी इसको ध्यान देते हुए आगे बढ़ायेंगे। गौरतलब है कि नपाध्यक्षा श्रीमती सरला जैन के निधन उपरान्त खाली चल रहे अध्यक्ष पद खाली था। इस कारण नगर पालिका परिषद का कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हो रहा था। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, वरिष्ठलिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चैबे, लिपिक हबीब खांन, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, नजूल लिपिक सुधीर रावत, मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, जन्म मृत्यु लिपिक विनोद कुमार, डीपीएम दीपक कुमार, लिपिक अमित पाराशर, लिपिक अमित रैकवार सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने की जाखलौन में मासूम से दरिंदगी की निन्दा

ललितपुर। कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कार्यालय पर आयोजित की गयी। जिसमें जाखलौन में तीन वर्षीय बालिका से दरिंदगी घटना की निंदा कर आरोपी को शीघ्र पकड ? की मांग की गई। जिलाध्यक्ष कहा कि सभी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में बूथ कमेटियों का गठन अति शीघ्र करें। बूथ कमेटियों में 11 सदस्यों का गठन करें तथा बीएलए बनाये बैठक सभी ब्लाक अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष को शीघ्र ही सभी बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति करने को कहा गया।

# जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक आयोजित



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीते दिन कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक नगीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कौशलेंद्र सिंह, खनिज अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि जिला खनिज फाउण्डेशन न्यासों की संरचना और उनके कृत्यों का विनियमन करने और खनन क्रियाकलापों के प्रभावित क्षेत्रों में विकास सम्बन्धी क्रियाकलाप सम्पादित करने की रीति को विहित करने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली, 2017 का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यास निधि/उक्त खाते से नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार कुल धनराशि का कम से कम 60 प्रतिशत खनिज प्रभावित क्षेत्र में पेय जल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियन्त्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोगों का कल्याण, कौशल विकास, स्वच्छता पर व्यय किया जाना है तथा 40 प्रतिशत धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, खनन वाले जिले में पर्यावरणीय गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए कोई अन्य उपाय, फाउण्डेशन के न्यासियों द्वारा उक्त परियोजना के लिए तैयार की गयी वार्षिक कार्य योजना के अनुसार जिले में खनन सक्रियाओं से प्रभावित क्षेत्रों का विकास सामाजिक और आर्थिक परियोजना के लिए स्थानीय अवसंरचना का सृजन, रोजगार एवं स्वरोजगार क्षमताओं के सृजन के लिए कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, के साथ वर्ष में प्राप्त न्यास द्वारा प्राप्त कुल निधि की अनाधिक 5 प्रतिशत धनराशि न्यास द्वारा अपने प्रशासनिक या अधिष्ठान व्ययों की पूर्ति के लिए व्यय की जा सकती है।

**जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-बाँदा**

पत्रांक: पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2025-26/264 दिनॉक:-05.08.2025

**अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस**

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष **2025-26** में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले धान को जिलाधिकारी महोदया द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत धान के **हैण्डलिंग कार्य हेतु** चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद बांदा के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-**8765985022** पर की जा सकती है।

**जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.
बाँदा**

# संपूर्ण समाधान है स्वदेशी

एक संप्रभु राष्ट्र के क्या मायने हैं ? यही कि वह अपने भविष्य का फैसला खुद करे, अपनी सुरक्षा और कारोबारी हितों को लेकर स्वतंत्रता पूर्वक फैसला करे। ऐसे में अगर कोई देश चौधराहट दिखाता है, दूसरे देश को यह बताता है कि किस देश के साथ व्यापार करो और किससे न करो, तो इसका मतलब है कि वह आपकी संप्रभुता में दखल दे रहा है। ट्रंप यही करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में देश को आपसी मतभेद भूलकर एकजुटता के साथ ट्रंप की हरकतों का जवाब देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में स्वदेशी का आह्वान किया है। स्वदेशी दरअसल हमारी आर्थिक प्रगति, अर्थव्यवस्था की मजबूती और भारतीयों की खुशहाली का ऐसा रास्ता है जिसमें न डॉलर-पाउंड जैसे राहु-केतु हैं और न ही ट्रंप जैसे कांटे। अर्थात स्वदेशी भारत की आर्थिक प्रगति और भारतीयों की खुशहाली का संपूर्ण समाधान है। इसलिए देश को स्वदेशी की दिशा में गंभीरता से सोचना



चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी का प्रचारक बनने का आह्वान किया है। यह आह्वान देश भर के लिए है कि सभी संकल्प लें और अपने घरों में स्वदेशी सामान लेकर आएं। प्रधानमंत्री मोदी को अचानक यह आह्वान क्यों करना पड़ा, जबकि संघ परिवार के लिए स्वदेशी एक बुनियादी एजेंडा रहा है। वैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था और कारोबार के मौजूदा दौर में कोई भी देश पूरी तरह स्वदेशी के भरोसे नहीं रह सकता है। यहां स्वदेशी का अर्थ यह है कि हम अधिक से अधिक अपने देश के बने उत्पादों का इस्तेमाल करें, जो हमारे नहीं है उसे बनाने का प्रयास करें और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ें। कुछ लोग स्वदेशी को आर्थिक प्रगति के विपरीत मान सकते हैं। वे यह सोच सकते हैं कि भारत आज एक खुली अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार को बंद अर्थव्यवस्था के दौर में नहीं धकेला जा सकता। स्वदेशी से निवेश प्रवाह बाधित होगा। स्थिरता का यह माहौल फिर अस्थिर होगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी एक जड़ स्थिति है। लेकिन हमे यह समझना होगा कि स्वदेशी विदेशी निवेश को हतोत्साहित करने के लिए नहीं है बल्कि देश के बने उत्पादों के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए है। मेक इन इंडिया के प्रथम प्रोमोटर प्रधानमंत्री ही हैं। दिसंबर, 2014 में उद्योग पर राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान स्वदेशी पर भी विमर्श किया गया था। बेशक आज भी विनिर्माण के क्षेत्र में इतना विकास और विस्तार नहीं हो पाया है कि वह देश के जीडीपी में 25 फीसदी का योगदान दे सके। हालांकि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान भारत ने 60 फीसदी टीकों की आपूर्ति जरूरतमंद देशों को की। यह टीका भारत की कंपनियों ने ही बनाया और विकसित किया है तथा उसका उत्पादन वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। आज भारतीय कंपनियां रक्षा उत्पादन में इतनी सक्रिय और व्यस्त हैं कि वे करीब 90 देशों को हथियारों की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन यह भी यथार्थ है कि हमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली विदेशों से ही खरीदने पड़ रहे हैं। अभी हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दहलीज पर ही खड़े हैं। हमें अपनी जरूरत का खाद्य तेल अब भी विदेश से आयात करना पड़ रहा है। इसलिए हमे स्वदेशी की दिशा में बहुत कुछ करना है। स्वदेशी का सशक्तीकरण करके न सिर्फ अपनी आयात जरूरतों को काफी हद तक सीमित कर सकते हैं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों की जरूरत को भी पूरा कर सकते हैं। हम अमरीका को भी वस्त्र, परिधान आदि का अच्छा-खासा निर्यात करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत ने दोगुनी बढ़ोतरी की है। ऐसे ही हमे अपनी एक-एक जरूरत को चिन्हित करके उसमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। जो हमारे पास नहीं है निश्चित ही हम उसे दूसरे देशों से लेंगे। इसलिए स्वदेशी का मतलब अर्थव्यवस्था को बंद करना नहीं है बल्कि देश की अन्तर्निहित क्षमताओं का समुचित उपयोग कर आत्मनिर्भरता हासिल करना है और इस तरह हम अमरीका या पश्चिमी दुनिया की धमकियों को प्रभाव रहित कर सकते हैं।

### विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

# भारत की प्रगति से बौखलायी पश्चिमी दुनिया



अरविन्द जयतिलक



> आज भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में पांच लाख करोड़ डॉलर (पांच ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था की क्षमता पर शक करने वाले लोगों को पेशेवर निराशावादी कहा था। आज वही निराशावादी एक बार फिर भारतीय अर्थव्यस्था को डेड बताकर खुश हो रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद सियासी धंधेबाजों की नजर में भारतीय अर्थव्यवस्था डेड हो चुकी है। गौर करें तो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बताने वाले वही लोग हैं जो 2014 से पहले औंधे मुंह पड़ी विकास दर, कमरतोड़ महंगाई और उत्पादन में कमी से निपटने में बुरी तरह नाकाम साबित हुए थे। अब उनका अर्थ ज्ञान इतना मजबूत हो चुका है कि टैरिफ बढ़ जाने मात्र से उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था रसातल में धंसती नजर आ रही है। उनके इस निष्कर्ष और कुतर्क-कुप्रचार का आधार सिर्फ इतना भर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ लगाने के बाद इंडिया को डेड इकोनॉमी कहा है। लेकिन मजेदार बात यह कि वह टैरिफ को लेकर अभी भी आगे-पीछे कर रहे हैं। फिलहाल इस मसले पर दोनों देशों के बीच अभी बातचीत जारी है। लेकिन उतावलेपन की हद है कि भारत के खिलाफ कुप्रचार का ठेका उठा रखे सियासी धंधेबाजों के पास धैर्य नाम की कोई चीज ही नहीं। कौवा कान ले गया तो ले गया। वे इस कहावत को भली भांति चरितार्थ कर रहे हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप की तरह ये सियासी धंधेबाज भी चाहते थे कि कि भारत अपने कृषि-डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए खोल दे।

अगर भारत सरकार अमेरिकी शर्तों पर झुक गई होती तो इन सियासी धंधेबाजों को सरकार पर किसान विरोधी फैसला लेने का तोहमत लगाकर सरकार को घेरने, बदनाम करने और राजनीतिक माहौल विषाक्त बनाने का मौका मिल जाता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा। अब सियासी धंधेबाजों के पास एक ही रास्ता बचा है कि वे डोनाल्ड ट्रंप की भाषा का समर्थन कर भारत की अर्थव्यवस्था के खिलाफ माहौल निर्मित करें। दुनिया के निवेशकों को भड़काएं। इस काम में अच्छी तरह जुट भी गए हैं। लेकिन उनकी मंशा पूरी होने वाली नहीं है। दुनिया के निवेशकों का भारत के ग्रोथ रेट पर भरोसा है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि टैरिफ बढ़ जाने मात्र से कोई अर्थव्यवस्था रसातल में नहीं चली जाती। वह भी भारत जैसी तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था जो हाल ही में जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। वे जानते हैं कि अगर अमेरिकी टैरिफ बढ़ भी जाता है तो भारत पर बहुत असर पड़ने वाला नहीं है। हां, श्रम-प्रधान उत्पाद जैसे वस्त्र, फार्मास्यूटिकल, रत्न-आभूषण और पेट्रो केमिकल्स पर थोड़ा असर जरुर पड़ेगा। लेकिन भारत का बाजार इतना बड़ा है और इन उत्पादों का अपने ही देश में जबरदस्त डिमांड है। भारत पर टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका में न सिर्फ महंगाई बढ़ेगी बल्कि उसे कम जीडीपी और डॉलर के कमजोर होने का खतरा उठाना होगा। एसबीआई रिसर्च ने अमेरिकी टैरिफ को एक बुरा बिजनेस फैसला करार दिया है। उसके अनुमान के मुताबिक अमेरिका में महंगाई 2026 तक 2 प्रतिशत के तय लक्ष्य को पार कर जाएगी। ऐसा टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्टस और एक्सचेंज रेट में बदलाव के कारण होगा। तमाम आर्थिक एजेंसियों द्वारा आंकलन कर उद्घाटित किया गया है कि टैरिफ के बाद भी भारत की ग्रोथ रेट 6.8 प्रतिशत से अधिक रहेगी।

**सामयिक**

दरअसल भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से निवेशक उत्साहित हैं और वे लगातार भारत की ओर रुख कर रहे हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था टैरिफ से प्रभावित होने के बजाए इसे एक अवसर के रुप में बदल देगी। दुनिया को पता है कि भारत अमेरिकी टैरिफ बढ़ने से होने वाले अपने मामूली नुकसान की भरपाई यूरोप और आसियान देशों के साथ व्यापार बढ़ाकर कर सकता है। यूरोप और आसियान देशों में भारतीय उत्पादों की जबरदस्त मांग है। आसियान के सभी दस देशों जैसे इंडोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, ब्रुनेई, फिलीपींस, लाओस और कंबोडिया के साथ भारत की आर्थिक साझेदारी में तेजी से वृद्धि हुई है। वैसे भी ये देश एक अरसे से भारत के साथ व्यापारिक विस्तार की मांग करते रहे हैं। अब भारत इन देशों में अपने उत्पाद निर्यात को बढ़ा सकता है।

आज की तारीख में भारत आसियान के लिए चौथा सबसे बड़ा करोबारी साझीदार है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान आसियान देशों से भारत में कुल 70 अरब डॉलर यानी करीब पांच लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है जो भारत के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 17 प्रतिशत के बराबर है। इसी तरह भारत यूरोपीय संघ के साथ भी अपने कारोबारी रिश्ते को मजबूती दे सकता है। आज की तारीख में यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2024 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच 120 बिलियन यूरो अर्थात 141.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। यह भारत के कुल व्यापार का 11.5 प्रतिशत है। भारत की अर्थव्यवस्था को मर चुकी अर्थव्यवस्था का नगाड़ा पीटने वालों को याद रखना चाहिए कि आज भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुकी है। आने वाले दो-तीन वर्षों में वह जर्मनी को भी पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लेगा। सच तो यह है कि भारत की मौजूदा सरकार ने मैक्रो-इकनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत करते हुए अर्थव्यवस्था को नई उर्जा दी है। ब्लुमबर्ग की रिपोर्ट में कहा जा चुका है भारतीय अर्थव्यवस्था ने ऊंची छलांग लगायी है और जीडीपी 13.5 फीसद की दर से आगे बढ़ी है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रुप में उभर सकता है। 2014 में भारत आर्थिक रुप से दसवें पायदान पर था। लेकिन सरकार की नीति, उपभोक्ता खर्च में आई तेजी, घरेलू स्तर पर बढ़ी मांग और सेवा क्षेत्र में लगातार विस्तार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। आज उसी का नतीजा है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आंकड़ों पर गौर करें तो आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में दूसरे स्थान पर है। तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इनोवशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआइ के जरिए लेन-देन बढ़ा है।

वर्ष 2024 में यूपीआइ लेन-देन की कुल संख्या 17221 करोड़ थी। इसका कुल मुल्य 246.8 लाख करोड़ रुपए था। विनिर्माण क्षेत्र में ग्रोथ से भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 824.9 अरब अमेरिकी डॉलर था। बीते एक दशक में 110 अरब डॉलर से ज्यादा की नई कंपनियां अस्तित्व में आई हैं। आज इनका मूल्य 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। यह संकेत भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की संभावना को पुख्ता करता है। मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण भारत में निवेश को लगातार बढ़ावा मिला है। अनुकूल माहौल के कारण निवेशक इनवेस्ट में रुचि दिखा रहे हैं। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था और भी अधिक ऊंची छलांग लगाएगी। इसकी प्रमुख वजह विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से हो रहा ग्रोथ है।

### सोशल मीडिया

मतदाता सूची पुनरीक्षण में बिहार के मुख्य सचिव स्तर के रिटायर अफसर व्यास जी ने मतदाता सूची से अकारण नाम काटने पर फेसबुक पर अपना अनुभव साझा किया। तेजस्वी यादव.



उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में हुई भीषण त्रासदी अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदय विदारक है। इस दुखद घटना से प्रभावित सभी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। केशव प्रसाद मौर्य.



मालेगांव कांड के सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की उद्घोषणा है, ये निर्णय कांग्रेस के सनातन व देश विरोधी चरित्र को उजागर करता है। सीएम योगी.



# शाश्वत आनन्द

**अंतर्दृष्टि**

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें ? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें ? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

# हर तरफ आ रहा समाजवाद

**व्यंग्यलोक**

सरकार ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। अब सरकारें तो किसी अच्छे काम के लिए प्रयत्न ही कर सकती हैं। कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। फिर भी नये सिरे से लाने के लिए लोग पुनः सचेष्ट हो गये हैं। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत का सार्वजनिकी करण हो जाता है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिखाई देने लगा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन्स से दोस्ती रखना फख्र की बात माने जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बी.पी.एल. हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। इससे नेताओं की गरीबी तो सात पुश्तों तक के लिए मिट गई है, परन्तु इन गरीबों की गरीबी अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही। इसलिए इन्हें छोड़कर अन्य लोगों में समाजवाद लगभग पूरी तरह आ गया है।



पूरन सरमा

# इंग्लैंड में सुपर हीरो बन उभरे मोहम्मद शिराज



**सामयिक**

ओवल टेस्ट के पांचवें दिन (4 अगस्त 2025) की सुबह मुहम्मद सिराज ने जागते ही अपने फोन के ब्राउजर पर 'बिलीव' (विश्वास) शब्द टाइप किया। स्क्रीन पर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का बैक शॉट आया, जिसमें वह आसमान की ओर इशारा कर रहे हैं और फोटोग्राफ पर 'बिलीव' शब्द लिखा हुआ था। सिराज ने इसे डाउनलोड किया और इमेज को अपने फोन के वालपेपर पर सेव कर लिया। सिराज को अपने में इसी विश्वास की जरूरत थी।

आखिर इंग्लैंड को सिर्फ 35 रन जीत के लिए चाहिए थे और उसके 4 विकेट शेष थे। सिराज का विश्वास काम कर गया, उन्होंने 9 रन देकर 3 विकेट चटका दिये, चौथा विकेट प्रसिद्ध कृष्णा ने ले लिया और भारत ने 6 रन से ऐतिहासिक व अविश्वसनीय जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला को 2-2 से बराबर कर दिया। लगभग एक वर्ष पहले जब जसप्रीत बुमराह ने बारबाडोस में टी-20 विश्व कप के फाइनल में रोमांचक जीत दिलायी थी, तो सिराज का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें उन्होंने कहा था, 'मैं सिर्फ जस्सी भाई (बुमराह) में विश्वास करता हूं। वह गेम चेंजेर हैं।' सिराज बहुत सीधे इंसान हैं जिन्होंने इंग्लैंड की धरती पर पिछले दो माह के दौरान सुपर हीरो जैसे काम किये हैं। पांचवें टेस्ट को भयंकर योर्कर से समाप्त करने के बाद वह एकमात्र तेज गेंदबाज थे- दोनों तरफ से, जिन्होंने पूरे पांच टेस्ट खेले और वह भी इस शिद्दत के साथ कि जो रफ्तार सीरीज के पहले ओवर में थी, वही उनके 186वें ओवर में भी थी। ओवरसीज टेस्ट सीरीज में सिराज से ज्यादा केवल बुमराह (187 ओवर, 2021-22 इंग्लैंड) ने ओवर डाले हैं। कपिल देव (85), बुमराह (74), इशांत शर्मा (67) के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 50 या उससे अधिक विकेट लेने वाले सिराज (50) भारत के चैथे गेंदबाज हैं। इस सीरीज में उन्होंने 26.9 की औसत से 23 विकेट लिए और उनके बाद इंग्लैंड के जोश टंग रहे, 19 विकेट के साथ। पांचवें टेस्ट की नाटकीय जीत के बाद सिराज कप्तान शुभमन गिल के साथ खड़े हुए थे, तो गिल ने कहा, 'हम हमेशा उनसे कहते हैं कि हम सिराज में विश्वास करते हैं।'

सिराज के बारे में जब भी कोई बात होती है तो मुख्य शब्द बिलीव या विश्वास ही होता है। वह भावुक व्यक्ति हैं। खुद को प्रेरित करने के लिए उन्हें कोई भावनात्मक मुद्दा चाहिए होता है। जो रूट जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो उन्होंने सिराज के घूरने व बोलने को नजरंदाज कर दिया। रूट का कहना है, 'सिराज का गुस्सा दिखावटी है। वह बहुत प्यारा लड़का है और अच्छा प्रतिस्पर्धी। मुझे उसके खिलाफ खेलने में मजा आता है।' इंग्लैंड के इस दौरे पर सिराज वास्तव में परिपक्व हो गये हैं। ऐसे समय में जब भारत के सभी तेज गेंदबाजी संसाधन कमजोर नजर आने लगे थे, बुमराह की फिटनेस की अनिश्चितता के कारण तो सिराज ने अपना हाथ ऊपर किया और अपने शरीर को लाइन में डालते हुए टेस्ट क्रिकेट में भारत के तेज अटैक के सच्चे लीडर के रूप में उभरे और वह भी इंग्लिश समर की सबसे बेजान पिचों पर, जहां बैटर्स की ऐसी चांदी थी कि दोनों तरफ से रिकॉर्ड 21 शतक लगे। इससे पहले 1955 में वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में 21 शतक लगे थे।

सिराज कहते हैं, 'सच कहूं तो इस समय मेरा शरीर एकदम ठीक है। इस श्रृंखला में मैंने तकरीबन 186 ओवर डाले हैं। जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तो अपना सब कुछ झोंक देते हैं। इसलिए मैं ज्यादा सोचता नहीं हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आप अपने स्पेल का छटा ओवर फेंक रहे हैं या नवां। मैं खुद पर विश्वास करता हूं। आप हर गेंद देश के लिए डालते हैं, अपने लिए नहीं।' सिराज की गेंदों में स्किल के साथ काफी चालाकी है, चाहे वह हवा में स्विंग करा रहे हों या ऑफ-द-सीम, गेंद एकदम सटीक पड़ती है। जब जेमी स्मिथ जल्दी से स्कोर करना चाह रहे थे, तो सिराज ने उन्हें आउटस्विंगर से छकाया और जेमी ओवरटन को उसी स्पॉट से इनस्विंगर डालकर आउट किया। इस श्रृंखला के आरंभ होने से पहले भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा था कि समय आ गया है कि सिराज अपना हाथ खड़ा करें और फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज बनें। अरुण ने बताया था, सिराज के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है। उनके पास पर्याप्त अनुभव है। मैंने उन्हें अविश्वसनीय गेंदबाजी करते हुए देखा है। जैसी कि उन्होंने लॉर्ड्स टेस्ट (1921-22) में की थी।

**सारिम अन्ना.**

## आप की बात

### स्मार्ट सिटी से तेज होगा विकास

भारत का आधुनिक विकास और स्मार्ट सिटी का निर्माण अवसरों को बढ़ाने में सहायक होंगे। स्मार्ट सिटी से देश का विकास तेज होगा। आधुनिक शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है। हर दिन नयी योजनाएं विकसित करने की योजना बनाने वाला एलडीए और आवास विकास लखनऊ में घर बनाने के लिए एक गरीब को पैसे लेकर भी 30, 40 मीटर का ईडब्ल्यूएस, एलआईजी प्लाट नहीं दे पा रहा है। दूसरी तरफ बहुमंजिली इमारतें लगातार बढ़ रही हैं।

**अखिलेश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### असमानता का निवारण

देश में आर्थिक असमानता को कम करना जरूरी है, देश का विकास ठीक से हो सकता है। बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और गरीबी जैसी चुनौतियां प्रगतिशील दुनिया में अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों की मौजूदगी में महंगाई बहुत पीड़ादायक हो जाती है। यह भी कि महंगाई सबसे गरीब तबके को जितना प्रभावित करती है, उससे कुछ ज्यादा ही निम्न मध्यम वर्ग पर असर डालती है। कारण यह है कि सबसे गरीब तबका पढ़ाई, दवाई और दैनिक जीवन की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से थोड़ा-बहुत आच्छादित होता है। जबकि निम्न मध्यम वर्ग के आय का अधिकांश हिस्सा पढ़ाई, दवाई, ईएमआई पर चला जाता है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों, दैनिक जरूरतों और ऊर्जा आदि में महंगाई इस वर्ग को बहुत परेशान करती है। खाद्यान्न महंगाई की फिलहाल काफी हद तक नियंत्रित है, लेकिन पेट्रोल, डीजल, दूध, इलाज और इन सबसे बढ़कर रसोई गैस के दाम सर्वाधिक परेशान कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन पर राहत देते हुए कुछ सस्ता किया है।

**प्रमोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## 36 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वांछित व 3 वारंटी को गिरफ्तार किया गया। तथा 36 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## 2 मोबाइल फोन बरामद, पीड़ितों को किये सुपुर्द

बाराबंकी। पीड़ित मो0 नकी पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी शहाबपुर थाना मसौली व सूरज लाल पुत्र रामकैलाश निवासी ग्राम सोहिलपुर ने थाना मसौली पुलिस को मोबाइल फोन गुम हो जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद खोये 2 मोबाइल फोन बरामद करते हुये सुपुर्द किया।

## गुमशुदा सकुशल बरामद

बाराबंकी। बीती 27 जुलाई 2025 को शुभम यादव पुत्र जैन सिंह निवासी ग्राम उमरी थाना देवा के घर से बिना बताये कही चले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

## धूमधाम से मनायी गयी हिंक्षाराम भारती की जयंती

गोसाईगंज अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे के संस्थापक बाबा हिंक्षाराम भारती की जयंती टेढिया गली स्थित मंदिर पर मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई ।कार्यक्रम के तहत आदर्श रामायण मंडल व मुहल्ले के लोगो ने मंदिर से सुबह प्रभातफेरी निकाली जो रामनाम धुन संकीर्तन के साथ पूरे कस्बे में भ्रमण किया और पुनः मंदिर पर पहुंची ।इसके बाबा के समाधि पर महिलाओं ने रोट चढ़ाकर सुख शांति की कामना किया ।रात्रि में मानस पाठ के साथ बाबा के जीवनी पर प्रकाश डाला गया ।मालूम हो कि गोसाईगंज कस्बे की स्थापना आज से308वर्ष पूर्व सन1717 में बाबा हिंक्षाराम भारती ने किया था। समिति के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार सेठ ने बताया कि सन1711में बाबा का आगमन यंहा हुआ था ।उस समय यह स्थान बियाबान जंगल था।

# माझा मूड़ाडीहा का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

## राहत शिविरों की व्यवस्था, खाद्य सामग्री वितरण, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा व्यवस्था का लिया जायजा



अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर के साथ मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माझा मूड़ाडीहा (राजा दशरथ समाधि स्थल) का स्थलीय निरीक्षण किया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर राम प्रसाद त्रिपाठी सहित तहसीलदार, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभावित गांवों में अस्थायी राहत शिविरों की व्यवस्था, खाद्य सामग्री वितरण, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा तथा साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत सामग्री की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा हर जरूरतमंद तक समय पर सहायता पहुंचाई जाए। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के प्रधानों से संवाद स्थापित कर बाढ़ क्षेत्र, फसलों आदि बिन्दुओं पर जानकारी की गयी और कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समुचित तैयारियाँ कर ली गई हैं। इसी के साथ साथ जिलाधिकारी ने मड़ना मांझा में स्थापित बाढ़ राहत शिविर केन्द्र का निरीक्षण करते हुये सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिये।

## डीएम ने पर्यटक सुविधाओं के कार्यों का किया निरीक्षण



अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के साथ पर्यटन विकास योजना अन्तर्गत राम की पैड़ी पर विजिटर गैलरी/सेल्फी प्वाईंट और पर्यटक सुविधाओं के कार्यों का निरीक्षण करते हुये पाया कि कार्यस्थल पर स्टेप एवं स्टेज के फाउण्डेशन का कार्य प्रगति पर है, जिस पर जिलाधिकारी ने यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-11 के परियोजना प्रबन्धक को दीपोत्सव 2025 से पूर्व कार्यों को शीघ्र मानक के अनुसार पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये गये। इसी के साथ साथ सरयू नदी के नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण के दौरान कार्य समय पर पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सरयू नदी में वाटर स्पोर्ट्स सुविधाओं हेतु इक्यूपमेंट्स एवं फ्लोटिंग जेट्टी तथा शेड के कार्य का अवलोकन किया गया और पाया गया कि कांवड़ मेले के चलते कार्य समय पर पूर्ण नही हो सका है जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि मेला समाप्त होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ करते हुये एक माह में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय। इसी के साथ साथ सरयू रिवर फ्रंट का निर्माण तथा श्रीराम मंदिर से जोड़ने का कार्य का भी निरीक्षण किया गया और निर्देश दिये गये कि परियोजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार समय पर पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने टेढ़ी बाजार चैराहे के पास बृहस्पति कुण्ड में चल रहे निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुये प्रगति की जानकारी ली गयी और कार्य में तेजी लाते हुये गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक पर्यटन सहित यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-11 के परियोजना प्रबन्धक, सहायक परियोजना प्रबन्धक, अवर अभियन्ता एवं सम्बंधित फर्म के इंजीनियर उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण व पर्यवेक्षण को लेकर डीएम ने की बैठक



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में छात्रवृत्ति योजनाओं के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित समस्त कार्यवाही समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाए। किसी भी पात्र छात्र को छात्रवृत्ति योजना से वंचित न रखा जाए। इसके लिए सभी विद्यालय अपने स्तर से सतत अनुश्रवण करें तथा छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने कहा कि सभी विद्यालय शत-प्रतिशत पात्र छात्रों का आवेदन समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला स्तरीय अन्य विभागीय अधिकारी समेत समस्त विद्यालयों के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष न्यायाधीश ईसी. एक्ट ने आगामी लोक अदालत को लेकर की बैठक



बाराबंकी। विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता प्री-लिटिगेशन स्तर पर विभागों द्वारा चिह्नित वादों एवं लोक अदालतों में चिह्नित वादों में निर्गत किये गये सम्मनों के तामिला के संबंध मे बैठक हुई। बैठक मे विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ने आगामी 13 सितम्बर 2025 के आयोजन पर प्रकाश डालते हुये राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की। तथा प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु विभिन्न विभागों को पत्र प्रेषित कर वादों का चिन्हांकन व उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालतों की भांति इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भी राजस्व न्यायालयों के वादों व प्री-लिटिगेशन वादों के अधिकाधिक निस्तारण का प्रयास रहेगा। बैठक मे अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक इन्द्रसेन मौजूद रहे।

# जल निकासी नगर निगम की प्राथमिकता : गिरीश पति त्रिपाठी

## जनसुनवाई के दौरान आई 19 शिकायतों का किया गया समाधान



अयोध्या। जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 19 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसका समाधान महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कराया। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने कहा कि इस समय जल भराव की समस्या का निदान करना नगर निगम की प्राथमिकता में है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जनशिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता से करें। त्वरित समाधान से ही नगर निगम टीम की विश्वसनीयता बढ़ेगी। महापौर नगर निगम कार्यालय में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने जलभराव की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया और इससे पूर्व नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के साथ जनौरा वार्ड जाकर जल निकासी के लिए किए जा रहे प्रयास का जायजा लिया। सफाई एवं एंटी लार्वा छिड़काव के लिए तत्काल कर्मचारियों को रवाना किया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत कुमार मौजूद रहे।

# समस्या का समाधान न हुआ तो 21 को होगी किसान महापंचायत

अयोध्या ।भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी अयोध्या को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या को सौंपकर 20 अगस्त तक समस्या समाधान की मांग किया है। चेतावनी भी दिया है कि यदि 20 अगस्त तक समस्या का समाधान न हुआ तो 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत की जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में धान, गन्ना तथा अन्य फसलों के लिए यूरिया खाद की अति आवश्यकता है। जनपद में यूरिया नदारत है अधिकारी मस्त हैं। घनश्याम वर्मा ने कहा कि जनपद अयोध्या में संचालित तीनों टोल अवैध हैं। जिसके संबंध में जिलाधिकारी सहित कई अधिकारियों से पूर्व में वार्ता हुई थी। जिलाधिकारी ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। परंतु कई महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक अवैध टोल बंद नहीं किए गए। छुट्टा जानवरों, नील गायों से खेती चैपट हो रही है। राष्ट्रीय मार्गो सहित स्टेट मार्गों पर भी दुर्घटनाएं हो रही है। प्रशासन द्वारा छुट्टा जानवरों को पकड़ने की केवल खाना पूर्ति किया जाता है जो अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनपद में ग्राम समाज की भूमियों पर अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण किया गया है। तहसील प्रशासन, जिला प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी जनहित में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। विकास वर्मा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, संतोष वर्मा तहसील अध्यक्ष बीकापुर ने बताया कि वर्तमान समय में विद्युत आपूर्ति न के बराबर हो रही है जबकि शासन का आदेश है कि प्रतिदिन 20 घंटे विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए।

## सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



अयोध्या। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बानियान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हैदरगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तारून एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,बीकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हैदर गंज में मुख्य रूप से ओपीडी संचालन, औषधीय निरीक्षण एवं औषधीय की उपलब्धता आकस्मिक सेवा संचालन को गहनता से देखा साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सी एच सी हैदर गंज में ओ टी का संचालन प्रारंभ कराया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तारून का निरीक्षण किया वहां पर भी ओ पी डी सेवाओं, इमरजेंसी सेवाओं, औषधीय निरीक्षण एवं औषधीय की उपलब्धता, लैबोरेट्री रूम , कोल्ड चेन प्वाइंट साथ ही प्रसव कक्ष , जरनल वार्ड, जे एसवाई वार्ड को सूक्ष्मता से देखा, एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने वहां पर भर्ती मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। वार्ड में बेड पर बिछी चद्दर साफ सुथरी एवं शौचालयों में साफ सफाई थी। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बीकापुर का निरीक्षण किया। वहां पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय, ने सीएचसी का संपूर्ण परिसर को देखा, सिजेरियन के बाद जे एस वाई वार्ड में भर्ती प्रसूताओ से स्वास्थ्य विभाग से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में ली ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,पर एएनएम की साप्ताहिक बैठक में भाग लिया। इस माह में किए गए सभी कार्यों की समीक्षा किया साथ ही प्रत्येक एएनएम से इस माह आयोजित हुए कार्यक्रमों के बारे में उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं आगामी माह में आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी साथ सभी को निर्देशित किया कि प्रत्येक एएनएम को अपने लक्ष्य के अनुसार कार्य करना है। इस अवसर पर डी पी एम राम प्रकाश पटेल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक , अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# समाजवादी पार्टी के राजनीतिज्ञ थे जनेश्वर मिश्र : तेजनारायण



अयोध्या। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व जनेश्वर मिश्र व पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी स्व गंगा सिंह यादव जी की जयंती सपा महानगर कार्यालय पर मनाई गयी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनीतिज्ञ थे, वे भारतीय संसद के सदस्य थे और उन्होंने भारतीय संसद के उच्च सदन राज्यसभा में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया था, समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण राम मनोहर लोहिया के संदर्भ में उन्हें छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता था महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि स्व जनेश्वर मिश्र के नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुंदर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पूर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया था, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा समाजवाद के पुरोधा स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र नौजवानों के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहे वह किसानो, पिछड़े दलित व निचले समाज के लिए हमेशा संघर्षशील रहे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रदेश सचिव राम अचल यादव,उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रवीण राठौर, रियाज अहमद, संजय सिंह,पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम,पूजा वर्मा, जे पी यादव, इंद्रपाल यादव, औरंजेब खान, ऋतुराज सिंह, अजय यादव, सुरेंद्र यादव, मुकेश यादव, बाबूराम गौड़, फरीद कुरैशी,शाहबाज लकी,अनस खान सत्यम यादव अभय त्रिवेदी, प्रदीप यादव इत्यादि लोग मौजूद थे।

# महिलाओं को स्वावलम्बन की राह दिखा रहीं परसाखरगमन की शकुन्तला



बहराइच । बहराइच जिले के रिसिया विकास खण्ड की एक ग्राम पंचायत है परसाखरगमन जिसमें गठित डॉ. भीमराव अम्बेडकर महिला स्वयं सहायता समूह में श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी तीरथराम, आयु लगभग 34 वर्ष, अनुसूचित जाति की इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला ने समूह में जुड़ने के बाद समूह से रू. 50,000 की धनराशि ऋण लेकर दरी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया। जहाँ इस महिला ने जिन्दगी की तमाम बाधा को पार करते हुए अपने घर की आर्थिक हालात को बदल डाला और अपनी एक नयी सामाजिक पहचान बनाई।इस महिला का नाम श्रीमती शकुन्तला देवी है और इनकी पहचान समूह की एक सक्रिय महिला के रुप में होती है। श्रीमती शकुन्तला ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत राज्य के कई ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को संगठित कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाने में सफलता प्राप्त की है। परेशानी का धैर्य से किया सामनाः खेती बारी कम होने के कारण एवं गाँव में कोई रोजी-रोजगार न होने के कारण श्रीमती शकुन्तला देवी को हमेशा आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता था। बच्चों के लिए भोजन की एवं स्कूल की व्यवस्था करना मुश्किल था। तभी आजीविका मिशन द्वारा 2019 में गाँव में समूह बनाये जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें श्रीमती शकुन्तला देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई उन्होने न स्वयं वल्कि अपने आस पास की गरीब महिलाओं को समूह से जोडा। सशक्तीकरण का उदाहरण पेश करने वाली श्रीमती शकुन्तला देवी के चेहरे पर आज मुस्कान है। आज सफल गृहणी होने के साथ साथ सफल व्यवसायी भी है। स्वरोजगार की तरफ इनका रूझन 2024 में प्रारम्भ हुआ तब इन्होने अपने स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर इन्होने दरी बनाने की मशीन व इसमे उपयोग होने वाली समाग्री खरीदकर दरी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया ।

# विकास के साथ बरती जा रही है संवेदनशीलताः वेद प्रकाश गुप्ता

## गद्दौपुर में प्रस्तावित रेलवे लाइन के प्रभावितों से विधायक ने किया मुलाकात



अयोध्या। गद्दौपुर क्षेत्र में प्रस्तावित रेलवे लाइन बिछाने को लेकर चल रही चचाओं के बीच अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रभावित क्षेत्र के लोगों से भेंट कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनहित सर्वोपरि है।

विधायक ने कहा कि गद्दौपुर में प्रस्तावित रेलवे लाइन के सर्वे को लेकर जो भी समस्याएं हैं, उन पर रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर पुनः चर्चा और मंथन किया जाएगा। कहा कि शासन की मंशा है कि विकास कार्यों के चलते स्थानीय निवासियों को न्यूनतम हानि हो और किसी का भी विस्थापन बिना उचित मुआवजे और पुनर्वास के न किया जाए। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। जनता को गुमराह कर विकास कार्यों को बाधित करने का षड्यंत्र रच रहा है, लेकिन जनता अब सच जान चुकी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि रेलवे और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े विकास कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी और हित सुनिश्चित किया जाए। विकास के साथ संवेदनशीलता भी बरती जा रही है। प्रभावितों की हर समस्या को सुनकर समाधान निकाला जाएगा। स्थानीय लोगों ने विधायक को रेलवे लाइन के निर्माण से होने वाली परेशानियों को लेकर पत्र सौंपा। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से सर्वे रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को कहा। मौके पर पार्षद सोफियान, टोनी सिंह, वीरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों तथा भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही।

# बाढ़ चौकी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



बहराइच । जनपद में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत व बचाव कार्यो के लिए की गई तैयारियों का स्थलीय जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने घाघराघाट स्थित केन्द्रीय जल आयोग के गेज स्टेशन एवं घाघराघाट बाढ़ चैकी का निरीक्षण का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह से नदियों के जलस्तर, बाढ़ राहत कैम्प, कटान तथा राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर सतर्कता बनायी रखी जाय। बाढ़ के दृष्टिगत भ्रमणशील रहते हुए अतिसंवेदनशील स्थलों की निगरानी रखी जाय।

डीएम श्री त्रिपाठी ने घाघराघाट से ही जिला मुख्यालय पर स्थापित बाढ़ राहत कन्ट्रोल रूम के नम्बर पर फोन लगाकर मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि तहसील में अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। तहसील अन्तर्गत स्थापित सभी बाढ़ चैकियों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये हुए हैं। डीएम ने गेज स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों से जल स्तर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने घाघराघाट स्थित बाढ़ चैकी पहुंचकर मौके पर मौजूद सीएचसी मुस्तफाबाद के चिकित्सक डॉ. रवि शुक्ला से दवाओं एवं स्टाफ इत्यादि की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर से सुरक्षा व्यवस्था, सिंचाई विभाग के अधिकारियों डैम द्वारा डिस्चार्ज किये जा रहे पानी, नदी के रूझान, तटबन्धों की सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि जिले की लाईफ तटबन्ध की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा भ्रमणशील रहते हुए तटबन्धों के संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाय।

## भाजपा के पौधरोपण अभियान का समापन



अयोध्या। जिलेभर में 5 जून से प्रारंभ हुआ व्यापक पौधरोपण अभियान मंगलवार को सम्पन्न हो गया। अभियान के समापन अवसर पर अभियान प्रभारी कृष्ण कुमार पाण्डेय ‍खुन्नू‍ एवं मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने अमानीगंज मंडल के कोटिया गांव में पौधरोपण कर अभियान का औपचारिक समापन किया। अभियान प्रभारी खुन्नू पाण्डेय ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिलेभर में लगभग 52 हजार पौधे कार्यकताओं द्वारा रोपित किए गए। जिले के सभी बूथों पर पौधरोपण किया गया है। शक्ति केंद्र समितियों के माध्यम से मंदिरों, प्राथमिक विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि हर पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी कार्यकताओं को सौंपी गई है, साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए टी गार्ड भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने का कार्य नहीं था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता और सक्रिय भागीदारी का प्रयास था। विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि इस अभियान से न केवल पर्यावरण के प्रति सजगता बढ़ी है, बल्कि भाजपा कार्यकताओं में हरियाली और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी गहराया है। समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आये बुजुर्ग की मौत

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ रेलवे स्टेशन के निकट मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत होने के कारण तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी। काफी प्रयासों के बाद मृतक की पहचान जनपद प्रतापगढ़ के कन्हई थाना क्षेत्र स्थित देवकाली गांव निवासी रामकेदार पाल (60) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को विधिक प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों के अनुसार रामकेदार पाल घर से दवा लेने के लिए निकले थे, लेकिन कैसे लंभुआ स्टेशन पहुंच गए, यह स्पष्ट नहीं हो सका। आशंका जताई जा रही है कि रास्ता भटक जाने के कारण वह लंभुआ आ पहुंचे और हादसे का शिकार हो गए। लंभुआ पुलिस ने घटना की जानकारी संबंधित थाना क्षेत्र को भी भेज दी है और मामले की जांच की जा रही है।

## नीम का पेड़ गिरा विद्युत आपूर्ति ठप

**महराजगंज, रायबरेली।** हैदरगढ़ रोड स्थित लगातार हो रही बारिश के चलते व तेज हवा के चलते कस्बा स्थित सुखई का पुरवा तिराहे पर एक बड़ा नीम का पेड़ एलटी लाइन पर गिर जाने से जहां एक ओर आवागमन बाधित तो वही विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विद्युत आपूर्ति भी बाधित है तथा दिन में लगभग 3 बजे घटी इस घटना से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश व तेज हवा के चलते दिन में लगभग 3 बजे कस्बे के सुखई का पुरवा तिराहे पर डामरीकृत रोड के बगल में स्थित मोटा नीम का पेड़ गिर जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा समाचार लिखे जाने तक ना तो विद्युत विभाग का कोई अधिकारी व कर्मचारी और ना ही वन विभाग का कर्मचारी नहीं पहुंचा जिससे आम जनमानस में रोष व्याप्त है

## एक सप्ताह से डाकघर का सर्वर फेल

**बछरावा, रायबरेली।** डिजिटल इंडिया और अच्छे दिनों के जुमले वाली सरकार में लगभग एक सप्ताह से डाकघर का सर्वर फेल है। वहीं जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को पूरे देश का सर्वर फेल था वही रविवार से पूरे प्रदेश के डाकघर का सर्वर फेल हो चुका है। लेनदेन चिट्ठी पत्री पेंशनर की पेंशन न मिल पाना वहीं दूसरी तरफ रक्षाबंधन जैसे त्योहार पर बहन बेटियों की चिट्ठियों का आदान-प्रदान और पेंशनरों की पेंशन न मिलने से उनके त्यौहार न हो पाने की विकराल स्थित बनी हुई है। वहीं बछरावां डाकघर में बीते एक सप्ताह से आधार कार्ड के लिए नौनिहालों के आधार कार्ड न बन रहे हैं जिससे उनकी स्कूली शिक्षा खटाई में पड़ रही है पेंशनरों से जब जानकारी ली गई तो चंदा देवी निवासी दोस्तपुर ने बताया कि रेलवे की पेंशन लेने के लिए प्रतिदिन ऑटो रिक्शा से डाकघर आता हूं आने-जाने में 100 रूपए खर्च होते हैं पेंशन नहीं मिल पा रही है बताया जा रहा कि सर्वर खराब है उन्होंने अपना दर्द बखान करते हुए बताया कि कैसे बहन बेटियों को रक्षाबंधन पर त्यौहार मनाया जाएगा जीवन में पहली बार ऐसी समस्या आई है। पाटन देवी निवासी बबूरिया खेड़ा मजरे बंका गढ़ ने भी बताया कि एक सप्ताह से लगातार आ रही हूं पेंशन के लिए बताया जा रहा सर्वर फेल है।

# गिरफ्तारी न होने पर होगा आंदोलन : सवर्ण आर्मी

## चौकी इंचार्ज और सिपाही को हटाने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**चंदन शर्मा हत्याकांड**

- ब्लॉक प्रमुख ने अपने समर्थकों व ग्रामीणों के साथ किया धरना-प्रदर्शन



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर एक अगस्त की रात बंझना गांव निवासी चंदन शर्मा (22) की तेज रफ्तार कार से कुचलकर मौत हो गई थी। घटना के समय चंदन का जेसीबी चालक से विवाद हुआ था, जिसके बाद कार सवार तीन लोगों ने जानबूझकर उसे कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए थे।

पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने बरौला गांव निवासी अमित यादव, सचिन यादव और पिंटू यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है और पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मंगलवार को सवर्ण आर्मी के प्रतिनिधिमंडल ने बंझना गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख सर्वेश पांडेय के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रसाद चौबे, जिला अध्यक्ष सतीश पांडे, जौनपुर जिला अध्यक्ष प्रवीण त्रिपाठी, जिला सचिव शिवप्रकाश मिश्रा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद सवर्ण आर्मी का प्रतिनिधिमंडल सुलतानपुर एसपी कार्यालय पहुंचा और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने चेताया कि यदि 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होती है, तो सवर्ण आर्मी बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों द्वारा उन्हें लगातार धमकी दी जा रही है, कि अभी एक हत्या हुई है, आगे और भी हत्याएं होंगी। परिवार के मुताबिक मुख्य आरोपी कूरेभार थाने का हिस्ट्रीशीटर है और माफिया प्रवृत्ति का दबंग व्यक्ति है।

### पूरे ब्राह्मण समाज को गाली देने पर दर्ज हुआ मुकदमा

चंदन शर्मा को न्याय दिलाने के लिए सोशल मीडिया पर आवाज उठाना बरौला निवासी बृजेश उर्फ सोनू तिवारी को महंगा पड़ गया। आरोप है कि हत्यारोपियों का भाई विपिन यादव ने उन्हें फोन कर जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इससे ब्राह्मण समाज में भारी रोष फैल गया है। इस मामले में सोमवार को बृजेश तिवारी ने कूरेभार थाने में तहरीर दी, जिसमें उन्होंने धमकी और गाली-गलौज की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी। तहरीर के आधार पर कूरेभार पुलिस ने विपिन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को दोपहर बाद लगभग दो बजे कादीपुर पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्रवण कुमार मिश्र बझना गाँव पहुंच कर मृतक चंदन के परिवार को सांत्वना दी। पीड़ित परिवार ने जब बताया कि अभी तक किसी मुल्जिम की गिरफ्तारी नहीं हुई है पुलिस कार्यवाही करने में लचर रवैया अपना रही है उसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ हालियापुर बेलवाई मार्ग पर पीड़ित परिवार के घर के सामने रोड जाम कर धरना देना शुरू कर दिया। धरना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच गए।जिस पर पूर्व प्रमुख ने और पीड़ित परिवार ने पीढ़ी चैकी पर तैनात चैकी इंचार्ज दिलीप कुमार सिपाही अस्वनी यादव को हटाने सहित आरोपियों के सीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। जिस पर कोतवाली प्रभारी ने 24 घण्टे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी सहित कार्यवाही करने की बात कही इस मौके पर विपिन तिवारी, मदन तिवारी अभय सिंह प्रदीप पान्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों व वार्ड अध्यक्षों का स्वागत

**रायबरेली।** शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि सदर समन्वयक रोहित सिंह रहे। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों एवं वार्ड अध्यक्षों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और कहाकि यह गर्व का विषय है कि हमारे नेता राहुल गांधी रायबरेली से सांसद हैं जिन्होने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे देश में बिगुल फूंक रखा है। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों और ब्लाक अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि रायबरेली का विकास केवल और केवल गांधी परिवार ने ही किया है इसलिए रायबरेली की जनता गांधी परिवार को चुनकर संसद भेजती है। यह सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों का फर्ज है कि वह अपने नेता का हाथ मजबूत करें और दिये गये दायित्वों का निर्वहन सच्चाई से करें। बैठक के मुख्य अतिथि सदर समन्वयक रोहित सिंह ने नवनियुक्त मण्डल एवं वार्ड अध्यक्षों का स्वागत करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में रायबरेली एकलौता ऐसा जिला है जहां संगठन सृजन का कार्य समय पर पूरा हुआ है। उन्होंने कांग्रेस की कार्य पद्यति की जानकारी देते हुए बताया कि रायबरेली के संगठन को पूरे देश में मॉडल के रूप में देखा जाता है।

## आरोपी ने 49 साल बाद कुबूला चोरी का अपराध, कानूनी मामला खत्म

झांसी। जिले में लगभग 49 साल पहले एक सहकारी समिति में हुई चोरी की घटना के आखिरी जीवित आरोपी ने आखिरकार अपना जुर्म कुबूल कर लिया और अदालत ने मुकदमा दायर होने के बाद जेल में बितायी गयी अवधि को उसकी सजा में समायोजित कर मामले का निबटारा कर दिया। मार्च 1976 से शुरू हुआ यह मामला अनगिनत सुनवाइयों और प्रक्रियागत विलंब के कारण 49 साल से ज्यादा वक्त तक चला। इस दौरान दो अन्य सह-आरोपियों की मौत हो गयी। इस मैराथन प्रक्रिया का अंत शनिवार को तब हुआ झांसी में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में कठघरे में खड़े आरोपी कन्हैया लाल ने अपने बुढ़ापे और खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए दशकों पुराने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। अभियोजन अधिकारी अखिलेश कुमार मौर्य ने मंगलवार को बताया कि 31 मार्च 1976 को टहरौली स्थित वृहद सहकारी समिति (एलएसएस) के तत्कालीन सचिव बिहारी लाल गौतम ने एक मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया था कि 27 मार्च 1976 को कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात कन्हैया लाल ने दफ्तर से एक सरकारी रसीद पुस्तिका और 150 रुपये मूल्य की एक घड़ी चोरी की थी। शिकायत में कहा गया कि कन्हैया लाल ने रसीद पुस्तिका में जाली हस्ताक्षर किए और 14 हजार रुपये से ज्यादा की हेराफेरी की। इस मामले में लक्ष्मी प्रसाद और रघुनाथ नामक दो अन्य व्यक्तियों पर भी जाली रसीदें जारी करने और गबन करने का आरोप लगाया गया था। मौर्य ने बताया कि तीनों को कुछ ही समय बाद गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। इसके बाद लगभग पांच दशकों तक इस मामले की अदालती प्रक्रिया खिंचती गयी। इसी दौरान आरोपी लक्ष्मी प्रसाद और रघुनाथ की मौत हो गई। आखिरकार 46 साल बाद 23 दिसंबर, 2022 को मुख्य आरोपी कन्हैया लाल के खिलाफ आरोप तय किए गए। मौर्य के मुताबिक, गत शनिवार को नियमित सुनवाई के दौरान 68 वर्षीय कन्हैया लाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुन्ना लाल के सामने पेश हुआ और उसने स्वेच्छा से अपना अपराध स्वीकार कर लिया। कन्हैया लाल ने अदालत को बताया कि वह अपनी बिगड़ती सेहत और बढ़ती उम्र के कारण अपना अपराध स्वीकार करना चाहता है। मौर्य ने बताया कि अदालत ने कन्हैया लाल की अपराध स्वीकारोक्ति को कुबूल करते हुए उसे तत्कालीन भारतीय दंड विधान की धाराओं 380 (चोरी), 409 (लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात), 467, 468 (जालसाजी), 457 (घर में सेंधमारी) और 120बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मुजरिम करार दिया और मुकदमे की अवधि में जेल में बितायी गयी छह महीने की अवधि को सजा के तौर पर समायोजित कर दिया। अदालत ने कन्हैया लाल पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अगर वह जुर्माना नहीं भरता है तो उसे तीन दिन की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में वकील की मौत

झांसी। झांसी जिले के तालपुरा इलाके में मंगलवार को एक अधिवक्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजन ने हत्या का अंदेशा जताया है। झांसी के पूर्व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता और गुरसराय नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रकाश सरवरिया (62) शहर के तालपुरा इलाके में पत्नी सुशील देवी के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक आज सुबह सैर से वापस आने के बाद वह कमरे में सो गए और जब काफी देर तक उनका दरवाजा नहीं खुला तो घर में रहने वाले किराएदार पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कहा कि दरवाजा खोलकर देखा गया तो उनका शव पड़ा हुआ था और पैर में रस्सी भी बंधी हुई थी। सरवरिया की बेटी कविता ने पिता की हत्या की आशंका जताई है। उनके पैर में रस्सी बंधी होना तथा गले पर भी कुछ निशान होने से आशंका है कि किसी ने उनकी हत्या की है। उन्होंने कहा कि घर में उनके कुछ कागज भी बिखरे हुए पाए गए हैं और मां की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। घटनास्थल पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबी जीटीएस मूर्ति ने बताया कि अधिवक्ता की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हुई है। बाहर से किसी व्यक्ति के आने की स्थिति दिखाई नहीं दे रही है, फिर भी पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। एसएसपी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गांव का सूखा कुंआ दे रहा है बड़ी दुर्घटना को दावत



- कुएं में पहले भी गिरी थी पडिया, अब बालक, प्रशासन बेखबर

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दूबेपुर ब्लॉक अंतर्गत पलहीपुर भटपुरवा गांव में सोमवार शाम एक बड़ी दुर्घटना टल गई। 11 वर्षीय अर्क शर्मा पुत्र पवन शर्मा, गांव के रास्ते से साइकिल से गुजर रहा था, तभी अचानक पुराने और सूखे पड़े लगभग 36 फीट गहरे कुएं में गिर गया। गनीमत रही कि गांववासियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत बालक को एंबुलेंस की सहायता से इमरजेंसी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टर पी. के. पांडेय की देखरेख में प्राथमिक उपचार हुआ। फिलहाल अर्क शर्मा खतरे से बाहर है और घर पर सुरक्षित है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं वर्षों से सूखा पड़ा है और पहले भी इसमें एक पडिया गिर चुकी है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक इसे ढकने या बाउंड्री बनाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों का मानना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह कुआं भविष्य में और बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। घटना के बाद गांव में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस कुएं को तुरंत ढका जाए या इसके चारों ओर मजबूत बाउंड्री बनाई जाए, ताकि बच्चों और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर मिठाई बेचने वाले मिलावट खोर सक्रिय



**महराजगंज, रायबरेली।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कस्बा सहित क्षेत्र में नकली खोया व पनीर की भरमार सी हो गई है तथा मिलावट खोर मिलावट कर नकली मिठाई बनाने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जबकि फूड विभाग द्वारा सैंपल लेकर होटल व्यवसाईयों से धन उगाही कर सरकार की मंसा को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि विगत तीन दिन बाद आने वाले रक्षाबंधन के पावन पर्व को प्रत्येक नागरिक द्वारा भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन के त्यौहार में हर व्यक्ति व हर घर में मिठाई खरीद कर मुंह मीठा करा कर बहन भाई के हाथों में राखी बांधती है, ऐसे पावन पर्व पर भी कस्बा सहित क्षेत्र के होटल में नकली खोया व पनीर के माध्यम से मिठाई बनाने का सिलसिला जोरों पर है त्योहार आते ही जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद फूड विभाग द्वारा व खाद्य विभाग द्वारा होटल में जाकर सैंमपल भरकर चले जाते हैं और कोई कार्यवाही नहीं होती है तथा बिचैलियों के माध्यम से इन अधिकारियों से शाट गांठ कर मामले को दबा दिया जाता है जिसके चलते मिलावट खोरों के हौसले बुलंद हैं और आम जनमानस नकली मिठाई खरीदने को मजबूर होता है। इस बार के रक्षाबंधन के त्यौहार में देखना यह होगा कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के सख्त निर्देश के बावजूद क्या मिलावट खोर खाद्य विभाग के अधिकारी व फूड विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने मंसूबे में कामयाब होंगे या फिर उच्च अधिकारियों के शक्ति के चलते आम जनमानस को शुद्ध शाकाहारी मिठाई मिल पाएगी यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

सूत्रों की मानें तो रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व के नजदीक आते ही होटल व्यवसायी छेना व मिल्क केक जैसी मिठाईयां कानपुर से भारी मात्रा में लाकर स्टाक लगा लेते हैं जो की मिलावट से परिपूर्ण है और आम जल मानष के लिए यह मिठाई नुकसान दायक साबित हो सकती है।

## सात फर्मों पर 339 लाख के राजस्व चोरी का केस दर्ज

**बछरावां, रायबरेली।** वित्तीय वर्ष 2018 से 2020 में मंडी समिति के तहत काम कर रही सात फर्मों के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उप जिलाधिकारी सचिन यादव के निर्देश पर केस दर्ज किया गया है । फर्मो पर राजस्व जमा न करने व फर्जी पता देने का आरोप है। कार्यालय कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां के पत्र के आधार पर भारत ट्रेडर्स फर्म मालिक पप्पू पुत्र चुन्नू निवासी हरचंदपुर गढ़ी कनौरा मानकनगर लखनऊ पश्चिमी पर 6263597 रुपये, गुप्ता ट्रेडर्स पर मलिक अभिषेक कुमार पुत्र अटल बिहारी निवासी कठवारा बक्शी का तालाब लखनऊ पर 11787320 रुपये , जनता इंटरप्राइजेज फर्म मालिक रामचंद्र पुत्र संतराम तिवारी निवासी हरचंदपुर गढ़ी कनौरा इंदल होटल जानकीपुरम पर 4746220 , रॉयल इंटरप्राइजेज फर्म मालिक गोविंद पुत्र श्रीपाल रॉयल काम्प्लेक्स राजाजीपुरम 4243467 रुपये , विशाल ट्रेडर्स फर्म मालिक सगीर अहमद पुत्र नसीर अहमद निवासी इंदिरा नगर लखनऊ पर 4117828 रुपये , कृष्णा एग्रो फार्म फर्म मालिक विजय वर्मा पुत्र मौजीलाल वर्मा निवासी हरचंदपुर गढ़ी कनौरा इंदल होटल लखनऊ पर 174200 रुपये , हिंदुस्तान ट्रेडर्स फर्म मलिक सैयद अकरम पुत्र अशरफ अली निवासी इंदिरा नगर लखनऊ पर 2666031 रुपये राजस्व चोरी का केस दर्ज किया गया है । प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया गया उक्त पते पर कई बार पत्राचार किया गया पर कोई जवाब नहीं मिला। फिर जब मंडी समिति के कर्मचारियों को भी कई बार भेजकर जांच पड़ताल की गई तो प्रपत्रों में दिए गए पते पर इन फर्मो का कोई व्यक्ति नहीं मिला है । प्रकरण की चार सदस्यीय टीम जांच कर रही है जिसका सभापति उप जिलाधिकारी को बनाया गया। प्रकरण में तत्कालीन मंडी सचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को भी आरोपित बनाया गया है । बछरावां मंडी समिति के लेखा लिपिक दीपक वर्मा की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण में थाना अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है घटना की जांच पड़ताल की जा रही है ।

## पीडीए पाठशाला लगाने वाली सपा नेता पर केस दर्ज

कन्नौज। कन्नौज जिला मुख्यालय की सदर कोतवाली पुलिस ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पाठशाला आयोजित करके कथित तौर पर सद्भाव को खतरे में डालने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) की एक महिला नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जलालाबाद विकास खण्ड में खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र कुमार वर्मा की तहरीर पर सोमवार को सदर कोतवाली में सपा की अनुसूचित महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शशिमा सिंह दोहरे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353 (1बी) (सार्वजनिक शांति भंग करने या धार्मिक सद्भाव को खतरे में डालने के उद्देश्य से झूठे बयान, अफवाहें या भड़काऊ बातें फैलाने का आरोप) तथा सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि 29 जुलाई को शशिमा ने जलालाबाद ब्लाक के कछपुरवा प्राथमिक विघालय के पास गांव के बच्चों को लालच देकर पीडीए पाठशाला संचालित कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया, जिससे बेसिक शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हुई है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद आगे की कार्वाई की जायेगी। इधर सपा नेता शाशिमा कहना है कि बच्चों को शिक्षित करना कोई अपराध नही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वह अदालत में रिपोर्ट के खिलाफ चुनौती देंगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा नेता पूरे प्रदेश में पीडीए पाठशाला का आयोजन कर रहे हैं। सपा प्रमुख यादव कन्नौज संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# आरेडिका के चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन



- स्वस्थ शिशु प्रदर्शनी एवं स्तनपान पर पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन 01 अगस्त से 7 तक प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसके तहत स्वस्थ शिशु प्रदर्शनी एवं स्तनपान पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य माता-पिता को शिशु के समुचित पोषण, नियमित टीकाकरण, स्तनपान, स्वच्छता और समय पर स्वास्थ्य जांच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक बनाना है। डॉ. मनीष कुमार, मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा ब्रेस्ट फीडिंग पर एवं डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ द्वारा जीवन के पहले 1000 दिनों मे पोषण की आवश्यकता (गर्भावस्था से लेकर शिशु के 2 वर्ष तक) पीपीटी के माध्यम से एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होनें बताया कि स्तनपान शिशु के लिए पहला और सर्वोत्तम आहार है। माँ का दूध शिशु को आवश्यक पोषण, रोगों से लड़ने की शक्ति एवं शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास की नींव रखता है। आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन से शिशुओं के स्वास्थ्य एवं स्तनपान के प्रति महिलाओं में जागरूकता बढ़ेगी जो भविष्य में बच्चों तथा स्वंय के स्वास्थ्य प्रति सर्तक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, आरेडिका परिवार की महिलाएं एवं आरेडिका चिकित्सालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 200 साल पुराने बरगद के पेड़ को विरासत वृक्ष का दर्जा दिलाने का प्रयास

कुशीनगर। जिले के हाटा इलाके के महुई गांव में 200 साल पुराने बरगद के पेड़ को विरासत वृक्ष का दर्जा दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक ने प्रयास शुरू किया है। वन विभाग ने पेड़ की आयु की पुष्टि करने और उसे आधिकारिक विरासत वृक्ष सूची में शामिल करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाटा क्षेत्र के विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि उन्हें महुई जाने के दौरान इस पेड़ के बारे में जानकारी मिली, जहां ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि यह बरगद का पेड़ 200 से 250 साल पुराना है। उन्होंने कहा कि यह पेड़ सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता है और लोग हर साल पूजा व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए इसके नीचे इकट्ठा होते हैं। बरगद के पेड़ को विरासत वृक्ष सूची में शामिल किया जाएगा। हाटा रेंज के वन अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को पेड़ का निरीक्षण किया और कहा कि राज्य के दिशानिर्देशों के तहत इसे विरासत वृक्ष का दर्जा दिलाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड इस पेड़ की आयु की पुष्टि करेगा। श्रीवास्तव ने कहा कि वन विभाग इस पेड़ के संरक्षण का भी दायित्व संभालेगा।

# एडीएम ने नगर पंचायत का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एस. सुधाकरन ने नगर पंचायत लंभुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ह्लमटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का दौरा कर वहां नगर क्षेत्र से संग्रहित कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया का जायजा लिया।

अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के किसी भी वार्ड में कूड़े के ढेर या गंदगी की स्थिति न पाई जाए। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की नियमित तैनाती सुनिश्चित करने और बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आकांक्षी नगर योजना के तहत नगर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में स्थापित ह्लस्मार्ट क्लासह्व का भी अवलोकन किया। स्मार्ट क्लास की गुणवत्ता को सराहते हुए उन्होंने इसे बच्चों की शिक्षा में क्रांतिकारी कदम बताया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों की पठन-पाठन की प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अधिशासी अधिकारी ने जानकारी दी कि नगर पंचायत के 11 प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित हैं, जिनमें ऑडियो-विजुअल पैनल की मदद से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने नागरिक सुविधाएं जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण आदि की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने और ह्लगैप एनालिसिस सर्वेह्व कर प्रस्ताव जिला मुख्यालय को शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी व सुगम बनाने पर जोर दिया।

# मनसुखेश्वर धाम मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के अंबारा पश्चिम गांव स्थित प्रसिद्ध भगवान मनसुखेश्वर शिव मंदिर में ओम नमः शिवाय जाप के बाद मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समस्त धार्मिक कार्यक्रम श्री मनसुखेश्वर धाम मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें गांव के श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा। लोगों ने मंदिर पहुंच कर जहां अर्धनारीश्वर भगवान शिव का दर्शन किया। वहीं श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में भी पूजा अर्चना किया। अंबारा पश्चिम गांव में भगवान शिव की अर्धनारीश्वर मूर्ति विराजमान है तो वहीं 11 फुट के भगवान बजरंगबली की मूर्ति भी बहुत ही भव्य और दर्शनीय है। इस अवसर पर त्रिवेदी आल्हा मंडल के द्वारा आल्हा गायन का कार्यक्रम भी बहुत ही सुंदर ढंग से किया गया। उत्तर प्रदेश और भारत सरकार सहित प्रसार भारती में रजिस्टर्ड नामचीन आल्हा गायक जयशंकर त्रिवेदी के गायन से लोग वाह-वाह कर उठे। कार्यक्रम में जयशंकर त्रिवेदी ने मछला हरण और पथरीगढ़ संग्राम का बहुत ही सुंदर ढंग से वर्णन किया। आल्हा कमेटी के रूप में लल्लू बाजपेई के पौत्र नयन बाजपेई ,वादक रामदीन, राजकिशोर, राजकुमार, रोहित ,जनार्दन यादव ने भी बहुत ही शानदार ढंग से वाद्य यंत्र का प्रस्तुतीकरण किया। श्रीमन सुखेश्वर धाम कमेटी के लोगों नेबताया कि भगवान शिव के मंदिर में भंडारे का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है। भंडारा एक धार्मिक आयोजन है जिसमें प्रसाद वितरित किया जाता है और यह भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने का एक तरीका माना जाता है। भंडारा भगवान शिव की पूजा और आराधना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भंडारे का आयोजन विशेष अवसरों जैसे कि महाशिवरात्रि, श्रावण मास और अन्य महत्वपूर्ण तिथियों पर किया जाता है। सावन माह में भंडारे का आयोजन भक्तों को भगवान के साथ जुड़ने और उनकी कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

## एशिया ड्रेन की सफाई न होने से हजारों बीघा फसल जलमग्न

**बछरावां,रायबरेली।** दो दिन की बरसात में बछरावां क्षेत्र के बगाही गांव, बछरावां देहात और आसपास गांव के किसानों की हजारों बीघे फसल जल मग्न हो गई दूसरी तरफ एशिया ड्रेन की सफाई न होने से एशिया ड्रेन में लगभग 12 गांव का पानी बरसात का इसी से गुजरता है जैसे महरौरा, कसरावा देवपुरी, गणेशपुर आदि गांव व बछरावां नगर का पानी समाधानेश्वर मंदिर के तालाब से होकर वार्ड नंबर एक के नाले से पटेल नगर होकर गुजरता है वही बछरावां नगर पंचायत ने बछरावां नगर व एशिया ड्रेन तक नाली नालों की सफाई तो कराई लेकिन एशिया ड्रेन की सफाई न होने से हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई।

## छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में प्रधानाध्यापक पर केस दर्ज

कौशांबी। जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर छात्राओं ने अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है, वहीं जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

क्षेत्राधिकारी (मंझनपुर) शिवांक सिंह ने बताया कि सरसवा विकास खंड के खेरवा गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर सोमवार को टैबलेट पर अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप लगाया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक वीडियो पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मंझनपुर थाना पुलिस ने संबंधित छात्राओं से तहरीर प्राप्त कर आरोपी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज किया। इस मामले की जांच और विधिक कार्यवाही की जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द कुशवाहा ने बताया कि इस मामले में अभिभावकों की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी (सरसवा) से जांच कराई गई थी, जिसमें आरोप सही पाए जाने पर प्रधानाध्यापक नंदलाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय (चक माझियारी विकास खंड) से संबद्ध कर दिया गया है।

संक्षेप

## एसएसपी ने चार सीओ के कार्यक्षेत्र बदले

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने चार क्षेत्राधिकारियों (सीओ) के कार्यक्षेत्र बदले हैं। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी आशना चौधरी को सीओ सिटी के साथ-साथ पुलिस लाइन का भी प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ने बीती रात चार क्षेत्राधिकारियों को इधर से उधर किया है। इनमें आशना चौधरी हाल ही में आईपीएस अधिकारी के रूप में मथुरा जिले में प्रशिक्षण के लिए तीन दिन पूर्व चार्ज आई हैं। एसएसपी ने जिले में नवागत आई आईपीएस पर भरोसा जताते हुए उन्हें शहर की कमान सौंपी है। उनके पास अब सीओ सिटी के चार्ज के साथ पुलिस लाइन की जिम्मेदारी भी रहेगी। सीओ सीटी की कमान संभाल रहे भूषण वर्मा को छाता सर्किल भेजा गया है। वहीं सीओ छाता आशीष शर्मा को मांट सर्किल का चार्ज सौंपा गया है। सीओ मांट गुंजन सिंह को साइबर क्राइम और महिला थाना की जिम्मेदारी दी गई है। गुंजन सिंह मांट सर्किल में लगभग एक वर्ष से तैनात थीं और कई गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखा।

## होने लगी है यमुना के जलस्तर में वृद्धि

**मथुरा।** दिल्ली हरियाणा व पहाड़ों पर बारिश का असर मथुरा में भी यमुना के जलस्तर में देखने को मिल रहा है। यमुना में लगातार धीरे-धीरे जलस्तर बढ़ने से यमुना किनारे रहने वाले लोगों की धड़कनें बढ़ गई हैं। दरअसल, खतरे के निशान से यमुना नदी अभी नीचे बह रही है। हालांकि प्रशासन ने अभी चिंता न करने की बात कही है। प्रशासन का कहना है कि पर्याप्त मात्रा में इंतजाम कर रखे हैं। बताया जाता है कि पहाड़ी इलाकों, दिल्ली और हरियाणा सहित पश्चिम उप्र के जिलों में हो रही बारिश का यह असर है। उत्तराखंड में आई बाढ़ का पानी गंगा नहर में जा रहा है। उस पानी का यमुनोत्री के पानी से कोई संबंध नहीं है। वृंदावन में परिक्रमा मार्ग यमुना नदी के कारण जलमग्न हो गया है। लेकिन मथुरा में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। प्रशासन अभी भी सतर्क है, यमुना नदी में आई बाढ़ के कारण वृंदावन के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे परिक्रमा मार्ग भी प्रभावित हुआ है। यमुना नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए, प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वृंदावन में कात्यायनी मंदिर परिसर भी जलमग्न हो गया है।

## वृंदावन की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरायी

**मथुरा।** मंगलवार को पुत्रदा एकादशी पर नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई, जिससे स्थानीय निवासियों और दर्शनार्थियों को दिनभर भीषण जाम का सामना करना पड़ा। सुबह से शाम तक शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिसने पुलिस प्रशासन की लचर व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बाहरी राज्यों से आने वाली गाड़ियों पर बैरियर लगे होने के बावजूद वे धड़ल्ले से शहर में प्रवेश करती रहीं और ट्रैफिक पुलिस का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं गया। वहीं ऑटो और ई रिक्शा चालक भी पुलिस को चकमा देकर नगर के अंदर प्रवेश कर गये। इधर तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़, वहीं पंचकोसिय परिक्रमा में भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ऊपर से स्कूली बस और अन्य वाहनों ने भीषण जाम लग गया।

# आगरा को मिली 'अटल पुरम' की सौगात सीएम ने लॉन्च की आधुनिक टाउनशिप

## 36 साल बाद सबसे बड़ी आवासीय परियोजना, 10 हजार परिवारों को मिलेगा घर

- जमीन खरीद के लिए किसानों को मिला सर्किल रेट का 4 गुना दाम

**आगरा। सीएम**योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आगरा में विकास को नई दिशा देते हुए 'अटल पुरम टाउनशिप' का शुभारंभ किया। मंडलायुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने इस महत्वाकांक्षी योजना की लॉन्चिंग की। यह परियोजना आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा 36 वर्षों बाद विकसित की जा रही सबसे बड़ी आवासीय योजना है। यह योजना आगरा इनर रिंग रोड के पास 340 एकड़ भूमि पर बनाई जा रही है, जो योगी सरकार की शहरी विस्तार और आधुनिक विकास की नीति का एक बड़ा प्रमाण है। यह नई टाउनशिप करीब 138 हेक्टेयर में आगरा इनर रिंग रोड, दक्षिणी बाईपास और ग्वालियर रोड के जंक्शन पर स्थित है। इस योजना की सबसे खास बात यह है कि आगरा विकास प्राधिकरण ने पहली बार किसानों से आपसी सहमति के आधार पर सर्किल रेट का चार गुना मूल्य देकर सीधे जमीन खरीदी है। इस पर 784 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जो सरकार की किसान हितैषी नीतियों को और मजबूत बना रहा है। टाउनशिप के विकास पर लगभग 731 करोड़ रुपये और खर्च किए जाएंगे। यह टाउनशिप तीन चरणों और 11 सेक्टरों में विकसित होगी, जिससे करीब 10 हजार परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी। इसमें 1430 आवासीय भूखंड, 18 ग्रुप हाउसिंग भूखंड और 96 व्यावसायिक भूखंड शामिल हैं। यहाँ भूमिगत यूटिलिटी डक्ट, सीवरेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसी आधुनिक सुविधाएँ होंगी। इसके अलावा, यहाँ आवासीय वव्यावसायिक भूखंडों के साथ-साथ पुलिस चौकी, फायर स्टेशन और एक विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर भी बनेगा, जो पूरे आगरा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह परियोजना आगरा के समग्र विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जो इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।

## धन की कमी नहीं, समय पर खर्च हो संपूर्ण धनराशि : मुख्यमंत्री

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को परखा। मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित इस बैठक में आगरा मंडल के चार जिलों, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी के जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस संवाद श्रृंखला के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि वे जनता की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में हर विधायक से उनके निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं, जन अपेक्षाओं और विकास प्राथमिकताओं पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की समीक्षा करना नहीं है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जमीनी समझ और अनुभवों को विकास कार्यों में शामिल करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जन प्रतिनिधियों के जो भी प्रस्ताव आएं, उन्हें कार्ययोजना में शामिल करें और यह सुनिश्चित करें कि विकास का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे। विकास कार्यों के लिए धन के अभाव से जुड़े सवाल पर सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर उनसे प्रस्ताव लें और विकास कार्यों के लिए प्राप्त संपूर्ण धनराशि का व्यय करें। उन्होंने चेताया कि समय से कार्य योजना, प्रस्ताव और स्वीकृति न होने पर कई विभागों का बजट वापस चला जाता है, जो सरकार की मंशा के खिलाफ है। उन्होंने सभी परियोजनाओं को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर भी जोर दिया। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## एएचटीयू ने अभियान चलाकर 3 बच्चों को रेस्क्यू किया

**फिरोजाबाद।** थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम करने वाले तीन बच्चों को रेस्क्यू किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट फिरोजाबाद व चिराग सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से बालश्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा सुगनुओं व सुरागरसी के आधार पर मंगलवार को थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत जैन मंदिर चौराहा एवं मीरा चौराहा पर उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति करा रहे कुल 03 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किये गये सभी बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर सी डब्ल्यू सी फिरोजाबाद के समक्ष पेश कर निर्देशानुसार सभी बच्चों को राजकीय बाल गृह फिरोजाबाद में संवासित कराया गया। रेस्क्यू करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 विपिन कुमार थानाध्यक्ष थाना ए0एच0टी0 फिरोजाबाद उ0नि0 सोबरन सिंह, उ0नि0 धनपाल सिंह उ0नि0 गोवर्धनराम, म0का0 प्रियंका चौधरी का0 सौरव सिंह थाना ए0एच0टी0 फिरोजाबाद शामिल रहे।

## भाजपा की तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित



**टूंडला।** मंगलवार को एटा रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलने वाले तिरंगा अभियान को लेकर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। 6 जुलाई 2025 दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। बैठक में 11,12 व 13 जुलाई को सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सभी मंडलों के पूर्व सैनिकों, महापुरुषों व पूर्व सैनिकों के परिजनों का सम्मान करना है। 14 अगस्त को सभी मंडलों के विभाजन की विभीषिका कार्यक्रम के अंतर्गत मौन जुलूस, प्रदर्शनी व गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 14 अगस्त की शाम तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा वितरण करना है व प्रातः सभी को अपने अपने घर पर तिरंगा लगाना है व सरल ऐप पर सेल्फी अपलोड करनी है। इन सभी अभियानों के साथ साथ मतदाता पुनर्निरीक्षण व आगामी चुनावों से संबंधित सभी विषयों पर चर्चा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने की। बैठक में हनुमंत बघेल, डॉ अमित गुप्ता, महिपाल निषाद, शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश गुप्ता, सचिन जैन, गोपाल कृष्ण, महावीर सिंह, पूरन सिंह बीडीसी, वेद प्रकाश, सूरज धाकरे, अनंत प्रताप सिंह, विवेक वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास में चाकू सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** कस्बा सिरसागंज में हुई जान से मारने की नियत से फायरिंग चाकू मारने की घटना में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 घण्टे के अन्दर घटना में प्रयुक्त चाकू सहित एक नामजद अभियुक्त निर्मल को गिरफ्तार किया गया। ग्राम कस्बा सिरसागंज में दिलीप उर्फ बल्लू के ऊपर जान से मारने की नीयत तमंचे से फायर चाकू से वार की घटना को अन्जाम दिया गया था। जिसमे थाना सिरसागंज पुलिस ने हत्या के प्रयास की घटना को अन्जाम देने वाले एक अभियुक्त निर्मल को मय हत्या के प्रयास में प्रयुक्त चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है।

## धर्मांतरण गिरोह के सरगना अब्दुल रहमान की रिमांड खत्म, जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**आगरा।** सदर की दो सगी बहनों के धर्मांतरण के मामले में दिल्ली के मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान की रिमांड मंगलवार को खत्म हो जाएगी। पुलिस ने आरोपी से विदेशी कनेक्शन के बारे में कई जानकारी हासिल की है। पूछताछ में कई और नामों का पता चला है। इन पर पुलिस टीम कार्य कर रही है। आरोपियों से पाकिस्तान के 6 नंबर भी मिले हैं। इनकी भी खुफिया एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। वहीं गोवा की एसबी कृष्णा उर्फ आयशा और सराय ख्वाजा के रहमान कुरैशी के बारे में भी कई जानकारी मिलने पर पुलिस टीम पड़ताल में लगी हैं। 18 जुलाई को सदर की दो सगी बहनों को कोलकाता के तपसिया इलाके से लाया गया था। 10 आरोपी भी पकड़े गए थे। इनमें आयशा और रहमान कुरैशी भी शामिल थे। बाद में मुस्तफाबाद, दिल्ली के अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी की गई। उसके दो बेटे और एक अन्य पकड़े गए। गिरोह युवतियों को जाल में फंसाता था। नौकरी और मदद का झांसा देकर बातों में लेते थे। इसके बाद कश्मीर बुलाकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करते थे। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया था। अब्दुल रहमान की रिमांड 5 अगस्त तक की थी। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसके मोबाइल में पाकिस्तान के 6 नंबर मिले थे। वह उसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता रहा है। हालांकि यही आशंका है कि यह लोग गिरोह के लिए फंडिंग कर रहे थे। वहीं वह नेपाल, म्यांमार तक गया था। गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर सामूहिक धर्मांतरण कराने की योजना बना रहा था। पूछताछ में उसने कई लोगों के नाम बताए हैं। इनके बारे में पुलिस पड़ताल में लगी है।

## जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रशासन को ज्ञापन

**मथुरा।** मंगलवार कांग्रेस ने जनसमस्याओं और बदहाल यातायात और कानून व्यवस्था कोलेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी कोसौंपा जो राष्ट्रपति के नाम संबोधित था। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जनों का नेतृत्व जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने किया और कहा कि यहां की यातायात व्यवस्था ध्वस्त है। रोजाना शहर में साठ हजार से अधिक वाहन सड़कों पर चलते हैं। जबकि पार्किंग क्षमता बारह हजार की है। उन्होंने बताया कि 2023 में यातायात जाम के कारण 100 से अधिक एम्बुलेंस देर से अस्पताल पहुंची। उन्होंने शहर में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने को कहा। बताया कि यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या काफी कम है। इसे आधे से पूरा किया जाए। पांच जगह नई पार्किंग व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि 2023 में 1274 चोरी की घटनाएं हुई जबकि लूट की 246 और महिलाओं के अपराध 682 हुए। उन्होंने पुलिस गशत बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

# संस्कृति विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लेकर हुई चर्चा

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय अपने संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा करते हुए पाठ्यक्रम डिजाइनिंग और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को विस्तार से बताया।

इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन, विशेष रूप से पाठ्यक्रम विकास के क्षेत्र में विचार-विमर्श करने के लिए प्रख्यात शिक्षाविदों और शिक्षाविदों को एक साथ लाया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि, आईआईआईटी इलाहाबाद (प्रयागराज) के निदेशक डॉ. मुकुल एस. सुताओन ने एनईपी-के अनुसार पाठ्यक्रम डिजाइन के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

अपने अध्यक्षीय भाषण में संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतर सुधार के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अनेक गुणकारी परिवर्तन समावेशित किये गए हैं। संस्कृति विवि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपने पाठ्यक्रमों में बदलाव किए हैं और लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि, आईआईआईटी इलाहाबाद (प्रयागराज) के डॉ. सतीश कुमार सिंह ने समावेशी एवं बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने जमीनी स्तर पर इन बदलावों को आगे बढ़ाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्व में रोजगार परिदृश्य के संदर्भ में एआई के भविष्य पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कई उदाहरण दिए कि कैसे प्रक्रिया में गलत एल्गोरिदम के कारण एआई त्रुटिपूर्ण हो सकता है।

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत रूप से मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. एम.बी. चेट्टी द्वारा स्वागत भाषण और विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रगतिशील शिक्षा सुधारों के प्रति विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण, मिशन और योगदान का एक गहन अवलोकन प्रदान किया। कार्यशाला में संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यशाला के दौरान संवाद सत्र में कार्यान्वयन चुनौतियों और अवसरों पर संवाद और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की बात की गई। इस सत्र में एनईपी ढांचे के तहत नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने में संकाय की सक्रिय रुचि परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का समापन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी द्वारा दिए गए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पट खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लग गयी बिहारी जी के द्वार



**मथुरा।** वृंदावन में श्रावणी पुत्रदा एकादशी पर ठाकुर बांके बिहारी मदिर में भारी भीड़ रही। मंगलवार होने के बाद भी हजारों भक्तों ने आराध्य के दर्शन कर पुण्य कमाया। सुबह मंदिर खुलने से पहले ही बाहर हजारों भक्तों की भीड़ एकत्रित हो गई। पट खुलने के साथ ही ठाकुर बांके बिहारी के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रवेश किया। मंगलवार श्रावणी पुत्रदा एकादशी पर बांके बिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्त भगवान बांके बिहारी के दर्शनों के लिए पहुंचे और मंदिर की परिक्रमा भी की। श्रावण मास की पुत्रदा एकादशी के अवसर पर बांके बिहारी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में दर्शनों के लिए भक्त सुबह से ही पहुंचने लगे थे, और मंदिर परिसर के साथ-साथ परिक्रमा मार्ग पर भी भारी भीड़ देखी गई। भक्त भगवान बांके बिहारी की एक झलक पाने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक थे। श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा भी की जो वृंदावन में एक महत्वपूर्ण धार्मिक प्रथा है। भक्त भगवान के भजन गाते हुए और उनका नाम जपते हुए परिक्रमा मार्ग पर चले। हालांकि यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण परिक्रमा मार्ग के कुछ हिस्सों में कटाव हो रहा था जिससे श्रद्धालुओं को थोड़ी परेशानी हुई। फिर भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने अपनी भक्ति जारी रखी। मंदिर के गर्भगृह में विराजे ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन पाकर भक्त धन्य हुए। एकादशी के कारण मंदिर को जाने वाली गलियों में भारी भीड़ रही। इधर, एकादशी के अवसर पर वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा देने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ रही। पुण्य लाभअर्जित करने के उद्देश्य से परिक्रमा मार्ग में महिलाओं, बच्चों एवं जवान वृंदावन की परिक्रमा करते देखे गए। इससे पूर्व भक्तों ने यमुना में स्नान कर पूजन किया। वहीं वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा में भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

## हर घर तिरंगा अभियान पर जिला भाजपा की कार्य योजना संपन्न

**मथुरा।** भाजपा जिला इकाई ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर मंगलवार को पुष्पांजलि स्तिथ जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्यवक्ता मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक कटारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी, जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव मौजूद रहे। कार्यशाला शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और मां भारती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि सहित भाजपाई नेताओं ने माल्यार्पण एवं तिरंगा के सम्मान में राष्ट्रगान संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि श्रीकटारिया ने कहा कि इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस बेहद खास है, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने देशभर में एक नया उत्साह पैदा किया है, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक ऑपरेशन की पल-पल की जानकारी देकर उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। अशोक कटारिया ने बताया कि 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर स्वच्छता अभियान और घर-घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मंडलों में संगोष्ठी, मौन जुलूस व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा हर घर तिरंगा अभियान प्रदेश में 10 अगस्त से शुरू होगा। प्रदेश में 8 हजार से अधिक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता अपने घर के साथ अन्य घरों में तिरंगा झंडा वितरित करेगा। मथुरा में हर घर तिरंगाह्व अभियान 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत सभी नागरिकों और कार्यकताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रप्रेम अभियान को सफल बनाएं। वहीं सभी का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा ह्रहर घर तिरंगाह्व अभियान देशभक्ति और राष्ट्र गौरव का प्रतीक है।

## छापेमारी कर 3 मिठाई की दुकानों से लिये नमूने

**टूण्डला।** नगर में खाद्य सुरक्षा को लेकर रक्षाबंधन के दृष्टिगत एसडीएम अनुराधा सिंह और फूड इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने मिठाई की दुकानों पर छापामार अभियान चलाकर तीन दुकानों से सैंपल लिए है। रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी अनुराधा सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश कुमार की संयुक्त टीम ने नगर क्षेत्र की तीन मिठाई दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। जिसमें सुभाष चौराहे पर स्थित जैन स्वीट्स दीपा चौराहे पर स्थित सुनहरी लाल स्वीट्स एंड नमकीन और हुंडीलाला स्वीट्स से नमूने लिए गए है। इस दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए गए। निरीक्षण के दौरान दुकानों में सफाई व्यवस्था निर्माण की तारीख एक्सपायरी डेट और मिठाइयों के भंडारण की स्थिति की भी जांच की गई। संदेहास्पद लगने वाले उत्पादों के सैंपल को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अनुराधा सिंह ने कहा कि त्योहारों के मौसम में मिलावटी खाद्य पदार्थों की आशंका बढ़ जाती है, ऐसे में जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## प्रधानमंत्री आवास सर्वे सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर की जायेगी कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के पर्यवेक्षण में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि जनपद में प्रधानमंत्री आवास सर्वे सत्यापन का कार्य निरंतर किया जा रहा है, अभी तक जनपद में प्रधानमंत्री सत्यापन सर्वे का कार्य 58.26 प्रतिशत हुआ है, जिसमे अरांव में 59.72 प्रतिशतख एका में 43.80 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 66.34 प्रतिशत, जसराना में 80.40 प्रतिशत, खैरगढ़ में 69.32 प्रतिशत, मदनपुर में 55.65 प्रतिशत, नारखी में 48.94 प्रतिशत, शिकोहाबाद में 55.48 प्रतिशत, जबकि टूंडला में 53.80 प्रतिशत प्रधानमंत्री आवास सत्यापन सर्वे का कार्य हुआ है, नारखी और एका के खंड विकास अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा सख्त चेतावनी जारी की गई है, कि आप प्रधानमंत्री आवास सर्वे के काम को शीघ्रता से पूर्ण करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इसके लिए परियोजना निदेशक द्वारा लगातार बैठकें भी की जा रही हैं, परियोजना निदेशक द्वारा मंगलवार को फिरोजाबाद सदर ब्लॉक में समीक्षा करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों व ए0डी0ओ0 को सख्त शब्दों में चेतावनी दी है, कि आप सब सर्वे के कार्य में कोई लापरवाही न करें, वरना शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

## आशना का मतलब होता है-साथी, मैं महिलाओं की साथी हूं : सीओ सिटी

**मथुरा।** किसी भी बालिका और महिला को डरने की जरूरत नहीं। अन्याय के खिलाफ जज्बे के साथ खड़ी हो जाए। जब भी आवश्यकता हो मुझे कॉल कर सकतीं हैं। मैं उनके सहयोग के लिए तत्पर हूं। ये उद्गार नवागत नगर क्षेत्राधिकारी आईपीएस आशना चैधरी के थे। उन्होंने बताया कि वह दो बार यूपीएससी की परीक्षा में असफल रही। निराशा भी आई। ऐसा लगा जैसे कि सब कुछ छिन गया हो। लेकिन परिवार ने उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित किया। साहस बटोरा और तीसरे प्रयास में वह सफल हो सकीं। परिवार में वह सबसे बड़ी हैं उनका छोटा भाई है, जो व्यवसाय करता है। प्राथमिकताओं के प्रश्न पर सुश्री आशना चैधरी ने बेबाकी से बताया कि आज तो उनका पहला दिन है। वह अपना कार्यक्षेत्र पहचान रहीं हैं। इसके बावजूद भी वह चाहेंगी उनका पूरा एरिया अपराध मुक्त हो। वह क्राइम पर रिव्यू कर रहीं हैं। साप्ताहिक बैठकें कर महिला एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर पूर्णरूप से अंकुश लगाएंगी। शासन की मयमुक्त समाज को प्राथमिकता देने को संकल्पित हैं। जनपद की छात्राओं को प्रेरित करते हुए सुश्री चैधरी ने कहा कि वह कठिन परिमश्र करें। मैं छोटी सी जगह से आईपीएस बन सकती हूं तो आप तो बड़े शहर में रहते हो। इंटरनेट का जमाना है, सब कुछ उस पर उपलब्ध है। असफलता भी सफलता की पहली सीढी हो सकती है। यदि आईपीएस न बनीं होतीं केच लाइन को द्वितीय लक्ष्य बनाकर चल रही थी। खेलों में अभिरूचि रखने वाली सुश्री चैधरी पांच किमी की अच्छी धाविका हैं। नियमित रूप से व्यायाम करते रहने के बावजूद भी वह वेजेटेरियन हैं। सुश्री आशना चैधरी 2023 बैच उत्तर प्रदेश कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं। उनका जन्म 28 अगस्त को 1998 को हापुड़ के पिलखुआ कस्बा में हुआ है।

# सपाइयों ने उठाये भाजपा के विकास कार्यों पर सवाल

- जिले में यूरिया के लिए भटक रहे किसान: तुलसी राम शर्मा



**मथुरा।** गोवर्धन गिरिराज परिक्रमा मार्ग स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में सपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसी रामशर्मा, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव वरिष्ठ सभा नेताप्रदीप चैधरी की मौजूदगी में सपा युवजन सभा की नवीन कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा की गई। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भाजपा सरकार में किसानों के उत्पीड़न और पुलिस थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार और फर्जी एनकाउंटर पर सवाल उठाए।

मंगलवार को गोवर्धन के घनश्याम आश्रम में समाजबादी पार्टी की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर कार्यकताओं से संवाद किया। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि 2027 में विधान सभा और 26 में पंचायत चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले जनता में जाकर उनकी समस्या का निस्तारण कराने के लिए प्रयास करें। जनता भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार से परेशान हैं। जनता के साथ खडे होकर सड़क से लेकर अधिकारियों तक संघर्ष करें, थानों और तहसीलों में किसानों की सुनवाई न होने पर जिले के पदाधिकारियों को अवगत कराए, जनता का शोषण नहीं होने दें। पार्टी से युवाओं को जोड़ें। जनता की सुनवाई के लिए ही युवजन सभा का विस्तार किया जा रहा है। प्रदीप चैधरी ने कहा भाजपा में जन प्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर प्रॉपर्टी का काम कर रहे हैं। थाने और तहसीलों में जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। थानों को हिस्ट्रीशिटर गुंडे बदमाश चला रहे हैं। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी मैथिल ने बताया कि जिला युवजन सभा के कार्यकारिणी का विस्तार की घोषणा की गई हैं. जिसमें जिला, तहसील, ब्लॉक और नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, आदि पदों पर नियुक्त किये गए हैं. जनता को भाजपा के भ्रष्टाचार से बचाना हैं। इस बैठक में दाऊजी ठेकेदारदार, सतीश गोस्वामी, बाँके गोस्वामी, विधानसभा अध्यक्ष पोहप सिंह, नगर अध्यक्ष गोवर्धन धीरज शर्मा एडवोकेट, ब्रजकिशोर केहरी, अबरार हुसैन, महासचिव सुभाष पाल, गौरव गोस्वामी, संदीप, दिनेश एडवोकेट, संतोष यादव, सोनू ठाकुर, नजर पहलवान शिवम शर्मा राजेंद्र सिकरवार, जी आर शर्मा शंकर सैनी नानक ठेकेदार गंगेश्वर, हरदीप राम मोहन राज वीर संजू ठाकुर और सचिन शर्मा प्रकाश नेता किशनो आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम के नेतृत्व में किया जा रहा प्राथमिक विद्यालयों के उच्चीकरण का कार्य

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के नेतृत्व में जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के उच्चीकरण का लगातार कार्य किया जा रहा है, इन स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों के समान ही उच्च स्तर की स्मार्ट कक्षाएं और बच्चों हेतु पठन-पाठन की सरलीकृत और तकनीकी संयुक्त सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जनपद के परिषदीय विद्यालयों को 19 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया गया है, इन विद्यालयों में जिलाधिकारी की पहल पर सभी बच्चों के बैठने हेतु कुर्सी-मेज उपलब्ध है, सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है, साथ ही साथ बच्चों के खेलने हेतु खेल के मैदान, उनके सीखने हेतु उन्नत लैब स्थापित है, जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह भी निर्देशित किया है कि मध्यान भोजन के समय विद्यार्थियों को टाट-पट्टी पर न बिठाकर कुर्सी-मेज पर बैठाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि बच्चों के अध्ययन के साथ-साथ बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होना उतना ही आवश्यक है, जितना कि उनको शिक्षित करना, जिलाधिकारी द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है, कि अब बच्चों में तार्किकता व समूहकिता का विकास हो, इसलिए बच्चों के अंदर की छिपी हुई प्रतिभा को भी निखारने हेतु विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन भी इन विद्यालयों में कराए जा रहे हैं।




# इंग्लैंड में युवा भारतीय ब्रिगेड के धमाकेदार प्रदर्शन से सीनियर कोहली और रोहित की राह मुश्किल

बेंगलुरु। भारत का बेहद कड़े मुकाबले वाली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोकना टीम में शामिल नए क्रिकेटरों के आत्मविश्वास और देश तथा टीम के लिए अपना सब कुछ झोंकने की निडरता का जश्न था। मोहम्मद सिराज ने लगभग 200 ओवर गेंदबाजी की और अपने थके हुए शरीर को पांच टेस्ट मैच के दौरान अच्छी तरह संभाला। वाशिंगटन सुंदर कभी जिम्मेदारी से पीछे



नहीं हटे। यशस्वी जायसवाल ने जरूरत पड़ने पर योगदान दिया, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा प्रभावी नजर आए और साई सुदर्शन ने अपनी दीर्घकालिक उपयोगिता की झलक दिखाई। लेकिन इस शानदार प्रयास का एक और आयाम भी है।

इससे सवाल उठता है कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा चोटों से जूझने वाले जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों का क्या होगा। कोहली 36 और रोहित 38 साल के हैं और ये दोनों संभवतः ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलेंगे। इसके बाद इन दोनों को जनवरी-जुलाई 2026 के बीच न्यूजीलैंड (स्वदेश) और इंग्लैंड (विदेश में) के खिलाफ छह एकदिवसीय मैचों में खेलने का मौका मिलेगा। लेकिन क्या ये मुकाबले 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की उनकी तैयारी के लिए हैं? क्या यह दिग्गज जोड़ी सिर्फ एक प्रारूप और आईपीएल के दम पर इतने लंबे समय तक खेलना चाहेगी? एक सूत्र ने पीटीआई को बताया हां, इस पर जल्द ही चर्चा होगी।

अगले विश्व कप (नवंबर 2027) के लिए हमारे पास अभी भी दो साल से अधिक का समय है। कोहली और रोहित दोनों तब तक 40 के करीब हो



जाएंगे इसलिए इस बड़ी प्रतियोगिता के लिए एक स्पष्ट योजना होनी चाहिए क्योंकि हमने पिछला खिताब 2011 में जीता था। हमें समय रहते कुछ युवाओं को भी आजमाने की जरूरत है।

कोहली और रोहित ने 2024 में विश्व कप जीत के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा लेकिन इन दोनों का टेस्ट संन्यास काफी शांत रहा। क्या इन दोनों पूर्व कप्तानों को अपने संन्यास का समय और स्थान चुनने की अनुमति होगी या उन्हें भविष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे बाहर किया जाएगा? सूत्र ने कहा कोहली और रोहित दोनों ने टीम और खेल के लिए सफेद गेंद के क्रिकेट में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने लगभग सब कुछ हासिल किया है। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे नहीं लगता कि कोई उन पर दबाव डालने वाला है लेकिन अगला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय चक्र शुरू होने से पहले कुछ ईमानदार और पेशेवर बातचीत होगी।

# दिल्ली वॉरियर्स ने पुरानी दिल्ली को हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुयश शर्मा (17 रन पर चार विकेट) और शौर्य मलिक (नौ रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां पुरानी दिल्ली छह को 82 रन से शिकस्त दी। सनत सांगवान (15 गेंद में 26 रन) की शुरुआती ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से 148 रन बनाने के बाद आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने सत्र का अपना पहला मैच खेल रही पुरानी दिल्ली छह को 14.3 ओवर में 66 रन पर ऑल आउट कर दिया।



आउटर दिल्ली की यह दो मैचों में पहली जीत है। पुरानी दिल्ली छह के लिए सलामी बल्लेबाज समर्थ सेठ (17 गेंद में 18) और ललित यादव (23 गेंद में 20 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सके। आउटर दिल्ली के लिए सुयश और शौर्य के अलावा शिवम शर्मा और हर्ष त्यागी ने भी एक-एक विकेट लिया। आउटर दिल्ली के बल्लेबाजों को भी इस मैच में संघर्ष करना पड़ा। सांगवान ने इंडियन प्रीमियर लीग में चमक बिखेरने वाले प्रियांश आर्य (19 गेंद में 16 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की लेकिन बीच के ओवरों में वरूण यादव (11 गेंद में 18 रन और) ध्रुव सिंह (19 गेंद में 19 रन) की सतर्क बल्लेबाजी के बावजूद टीम ने 15वें ओवर में 108 रन तक पहुंचने में सात विकेट गंवा दिये। हर्ष त्यागी (16 गेंद में 17 रन) और सिद्धांत शर्मा (14 गेंद में 21 रन) ने आठवें विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम के स्कोर को 148 रन तक पहुंचाया। पुरानी दिल्ली छह के लिए उद्धव मोहन ने पांच विकेट लिये इसमें उन्हें तीन सफलता आखिरी ओवर में मिली। प्रदीप पराशर और रजनीश दादर ने भी दो-दो विकेट लिये। उद्धव अपने प्रदर्शन पर संतुष्ट दिखे लेकिन टीम की हार से निराश है। उन्होंने मैच के बाद कहा टी20 में पांच विकेट लेना मुश्किल है ऐसे में मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मैच हारने की निराशा है। उन्होंने कहा हमने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाज के समय पावरप्ले में काफी विकेट गंवा दिये। यह पहला ही मैच था लेकिन हमें सुधार करना होगा। लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली छह की शुरुआत खराब रही। शिवम शर्मा ने दूसरे ओवर में आरुष मल्होत्रा (पांच गेंद में पांच रन) तो वहीं सुयश ने अपने शुरुआती दो ओवर में समर्थ, कप्तान वंश बेदी (चार गेंद में एक रन) और प्रणव पंत (नौ गेंद में छह रन) को चलता किया जिससे पावर प्ले में पुरानी दिल्ली छह ने महज 31 रन पर चार विकेट गंवा दिये। टीम अभी शुरुआती सदमे से उबर भी नहीं पायी थी कि देव लाकड़ा (छह गेंद में पांच रन) दुर्भाग्पूर्ण तरीके से रन आउट हो गये। शौर्य मलिक ने लगातार गेंदों पर युग गुप्ता (एक) और एकांक्ष डोभाल को पवेलियन की राह दिखाकर पुरानी दिल्ली छह का स्कोर 44 रन पर सात विकेट कर दिया। टीम ने 11वें ओवर में 50 रन पूरे किये लेकिन तब तक उनकी

## श्रृंखला ड्रॉ कर भारतीय खिलाड़ी स्वदेश रवाना

लंदन। ओवल में श्रृंखला बराबर करने वाली ऐतिहासिक जीत के बाद बड़े जश्न की उम्मीद थी लेकिन भारतीय टीम के सदस्यों ने मंगलवार सुबह स्वदेश के लिए रवाना होने से पहले शांति से समय बिताने का फैसला किया। मोहम्मद सिराज सहित भारतीय टीम के कई सदस्य लंबी और थकाऊ श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट में नाटकीय जीत के 24 घंटे से भी कम समय बाद एमिरेट्स की उड़ान से रवाना हुए। टीम के सदस्य मंगलवार शाम को दुबई पहुंचेंगे और फिर भारत में अपने-अपने गृहनगरों के लिए उड़ान भरेंगे। अंतिम टेस्ट में जीत के सूत्रधार सिराज दुबई पहुंचने के बाद हैदराबाद के लिए अगली उपलब्ध उड़ान लेंगे। अर्शदीप सिंह और शारदुल ठाकुर भी स्वदेश लौटने वालों में शामिल हैं। कुछ खिलाड़ियों ने ब्रेक के लिए इंग्लैंड में ही रुकने का फैसला किया है। श्रृंखला के रोमांचक अंत के लगभग चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा सहित टीम के कुछ सदस्यों को लंदन के बीचों-बीच अपने परिवारों के साथ समय बिताते हुए देखा गया। कुलदीप को पूर्व भारतीय खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ घूमते देखा गया। कुलदीप और अर्शदीप को श्रृंखला में कोई मैच खेलने को नहीं मिला।

# आगे से सितारों को मर्जी से मैच चुनने की अनुमति नहीं देगा बीसीसीआई : गंभीर

नयी दिल्ली। गौतम गंभीर हमेशा से भारतीय क्रिकेट में मेगा स्टार संस्कृति के खिलाफ रहे हैं लेकिन इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद सिराज के लगातार अच्छे प्रदर्शन से भारत के मुख्य कोच को अब अपने हिसाब से टीम कल्चर बनाने का मौका मिल गया है। इंग्लैंड से श्रृंखला 2 . 2 से ड्रॉ कराने के बाद गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर टीम में जरूर ऐसा माहौल बनाना चाहेंगे जिसमें सभी को बराबर माना जाये।समझा जाता है कि चयन समिति, गंभीर और भारतीय क्रिकेट के आला अधिकारी कार्यभार प्रबंधन के नाम पर खिलाड़ियों के मर्जी से मैच और श्रृंखला खेलने के चलन पर रोक लगाने को लेकर एकमत हैं।



बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा इस पर बात हुई है और केंद्रीय अनुबंध प्राप्त खिलाड़ियों को बता दिया गया है , खास तौर पर उनको जो सभी प्रारूपों में नियमित खेलते हैं कि भविष्य में अपनी मर्जी से मैच चुनने का कल्चर नहीं चलेगा। उन्होंने कहा इसके यह मायने नहीं हैं कि कार्यभार प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन जरूरी है लेकिन इसकी आड़ में खिलाड़ी अहम मैचों से बाहर नहीं रह सकते। इंग्लैंड के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने पांच टेस्ट में 185 . 3 ओवर डाले जिसके अलावा नेट्स पर गेंदबाजी और फील्डिंग अलग। उन्होंने फिटनेस के नये मानदंड कायम किये। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप के प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि बड़े से बड़े सितारे भी खेल से बढकर नहीं हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भी कई दिक्कतों के बावजूद चौथे टेस्ट तक काफी लंबे स्पैल डाले। इससे यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या कार्यभार प्रबंधन को अपनी सहूलियत के हिसाब से ढाल बनाया जाता है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा , जब आप देश के लिये खेल रहे हैं तो दर्द भूल जाइये। क्या आपको लगता है कि सीमा पर जवान ठंड की शिकायत करेंगे। ज़षभ पंत ने आपको क्या दिखाया।

वह फ्रेक्चर के बावजूद बल्लेबाजी के लिये आया। खिलाड़ियों से इसी की अपेक्षा की जाती है। भारत के लिये खेलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा आप 140 करोड़ लोगों के प्रतिनिधि हैं और यही हमने मोहम्मद सिराज में देखा। सिराज ने कार्यभार की तमाम बातों को धता बताते हुए दिलेरी से गेंदबाजी की। लगातार पांच टेस्ट में सात आठ स्पैल डाले क्योंकि देश को इसकी अपेक्षा थी। उम्मीद है कि यह कार्यभार शब्द भारतीय क्रिकेट के शब्दकोष से गायब हो जायेगा। यह भी कहा जा सकता है कि जसप्रीत बुमराह का पांचों टेस्ट में नहीं खेलने का फैसला बीसीसीआई को रास नहीं आया है। इससे बेंगलुरू के उत्कृष्टता केंद्र में काम कर रही खेल विज्ञान टीम पर भी उंगली उठी है।

**परिवर्तन के दौर की पहली परीक्षा में सफल रही भारतीय टीम**

लंदन। शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम जब लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड पहुंची थी तो कुछ प्रमुख सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में उससे ज्यादा उम्मीद नहीं की जा रही थी लेकिन इस टीम ने पांचों टेस्ट मैच में न सिर्फ़ उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया, बल्कि भविष्य के लिए एक बेहतरीन खाका भी पेश किया। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के केवल तीन मैच के लिए उपलब्ध रहने के कारण भारतीय टीम से बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं लगाई जा रही थी।

## संक्षेप

### सब-जूनियर राष्ट्रीय तैराकी में कर्नाटक बना चैंपियन

बेंगलुरु। कर्नाटक 41वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां 104 अंक के साथ चैंपियन बना। मणिपुर 81 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। राज्य के तैराक कोइजाम अथोइबा सिंह को 28 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष तैराक चुना गया। गोव की पूर्वी रितेश नाईक 19 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला तैराक रहीं।अथोइबा ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 58.59 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि लड़कियों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में पूर्वी ने एक मिनट 4.40 सेकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

### अर्जुन को गुजराती व गिरि से मिलेगी कड़ी चुनौती

चेन्नई। भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को सोमवार से शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में नीदरलैंड के अनीश गिरि और अपने हमवतन विदित गुजराती से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस टूर्नामेंट में विजेता को एक करोड़ रूपये मिलेंगे। पहली बार इसमें मास्टर्स और चैलेंजर्स वर्ग में क्लासिकल राउंड रॉबिन प्रारूप में नौ से अधिक दौर खेले जायेंगे। इससे पहले दो सत्र में सात दौर ही खेले जाते थे। इसमें 19 ग्रैंडमास्टर्स भाग लेंगे और फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पाने के लिये अहम होंगे। टूर्नामेंट में निहाल सरीन और जर्मनी के विंसेंट केमेर जैसे खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। चैलेंजर्स वर्ग में डी हरिका , आर वैशाली, हर्षवर्धन जीबी , अभिमन्यु पुराणिक , ग्रैंडमास्टर अधिबान भास्करन भी हिस्सा लेंगे।

### हॉकी : मप्र, हरियाणा, जूनियर महिला चैम्पियनशिप में जीते

काकीनाडा। हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी हरियाणा, हॉकी झारखंड और ओडिशा हॉकी संघ ने यहां जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने पूल मैच जीते। पहले डिविजन ए मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी चंडीगढ को 5 . 0 से हराया।

# बेन स्टोक्स टीम में होते तो इंग्लैंड जीत जाता : वॉन

एजेंसी

लंदन। पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि प्रेरणादायी कप्तान बेन स्टोक्स की अनुपस्थिति में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन इंग्लैंड की टीम ने हड़बड़ी दिखाई, जबकि उसे जीत के लिए केवल 35 रन चाहिए थे और उसके चार विकेट बचे थे। भारत ने शानदार वापसी करते हुए छह रन से जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। वॉन ने कहा बेन स्टोक्स टीम में होते, तो इंग्लैंड यह टेस्ट मैच जीत जाता। वह इस टीम में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।



वह टीम को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखते हैं। इंग्लैंड ने (पांचवें दिन सुबह) हड़बड़ी दिखाई। वॉन ने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल में कहा, उन्हें बस एक साझेदारी की ज़रूरत थी। जिस तरह से वे आक्रामक होकर खेलते हैं उसमें वे हड़बड़ी दिखाते हैं। कल (रविवार) दोपहर हैरी ब्रुक के आउट होने से पारी का पतन शुरू हुआ, लेकिन इंग्लैंड का यही खेलने का तरीका है। स्टोक्स कंधे की चोट के कारण पांचवें टेस्ट में नहीं खेल पाए, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स को आराम दिया गया। वॉन ने कहा कि भारत के खिलाफ रोमांचक श्रृंखला इंग्लैंड के लिए इस वर्ष नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशेज श्रृंखला के लिए एक आदर्श तैयारी है। उन्होंने कहा इंग्लैंड ने पांच शानदार मैच खेले। आपको यथार्थवादी होना होगा।

# टेनिस : कनाडाई किशोरी मबोको सेमीफाइनल में

एजेंसी

मॉन्ट्रियल। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराने के दो दिन बाद टोरंटो की रहने वाली 18 वर्षीय खिलाड़ी मबोको को लय हासिल करने में देर लगी लेकिन उन्होंने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बना दिया और सीधे सेट में जीत दर्ज की।

मबोको 2019 में बियांका एंड्रीस्कू के खिताब जीतने के बाद से इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं। वह टोरंटो में 2015 में बेलिंडा बेनकिच के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी भी हैं। मबोको का सामना अब एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मार्टा कोस्त्युक के हाथ में चोट लग जाने के कारण मैच के बीच में हट जाने के बाद





सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की खिलाड़ी ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त रयबाकिना 6-1, 2-1 से आगे चल रही थी।

**शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव गत विजेता पोपिरिन को हराकर सेमीफाइनल में**

टोरंटो। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मन खिलाड़ी और यहां 2017 के चैंपियन ज्वेरेव ने पिछली बार के विजेता पोपिरिन को 6-7 (8), 6-4, 6-3 से पराजित किया।

सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें ख़िताब की तलाश में हैं।

## उम्मीद है कि कार्यभार प्रबंधन भारतीय किकेट के शब्दकोश से गायब हो जायेगा : गावस्कर

लंदन। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उम्मीद व्यक्त की कि मोहम्मद सिराज के इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद कार्यभार प्रबंधन जैसा शब्द भारतीय क्रिकेट के शब्दकोष से हमेशा के लिए गायब हो जाएगा। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ सभी पांच टेस्ट खेले और कुल 185.3 ओवर फेंके, जिसमें उन्होंने 23 विकेट लिए। दूसरी तरफ मुख्य तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह केवल तीन मैचों के लिए ही उपलब्ध रहे और अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए। गावस्कर ने स्पष्ट किया कि वह बुमराह की आलोचना नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह किसी और चीज से ज्यादा चोट प्रबंधन का मामला था। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा जब आप अपने देश के लिए खेल रहे हों, तो दर्द और तकलीफ़ों को भूल जाइए।

## राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप सात से ग्रेटर नोएडा में

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने मंगलवार को कहा कि ग्रेटर नोएडा में सात से 13 अगस्त तक होने वाली सब-जूनियर (अंडर-15) राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 400 लड़के और 300 लड़कियों सहित 700 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 भार वर्ग में किया जाएगा। हरियाणा लड़कियों के वर्ग में जबकि चंडीगढ़ लड़कों के वर्ग में गत विजेता है।

राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप से पहले इस साल के शुरू में पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी नियमों के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 1.5 मिनट के तीन राउंड होंगे तथा राउंड के बीच में एक मिनट का विश्राम होगा। प्रतियोगिता में 10 अंकों की स्कोरिंग प्रणाली अपनाई जाएगी। हरियाणा लड़कियों के वर्ग में जबकि चंडीगढ़ लड़कों के वर्ग में गत विजेता है।

# एशियाई कप 2026 की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत 22 से 30 नवंबर तब होने वाले एएफसी अंडर-17 एशिया कप फुटबॉल क्वालीफायर की मेजबानी करने वाले सात मेजबानों में शामिल है। अहमदाबाद के द एरेना में सभी मैचों का आयोजन किया जाएगा। क्वालीफायर के ड्रॉ सात अगस्त को होंगे। क्वालीफायर में हिस्सा ले रहे 38 देशों को सात ग्रुप (छह टीम के तीन ग्रुप, पांच टीम के चार ग्रुप) में बांटा गया है।

प्रत्येक ग्रुप का विजेता एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 के लिए क्वालीफाई करेगा। फीफा अंडर-17 विश्व कप कतर 2025 में खेलने वाली नौ टीम पहले ही सऊदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश कर चुकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर के मेजबान देशों में शामिल होना भारत के लिए बेहद गर्व की बात है और अहमदाबाद में आयोजन को



लेकर मैं काफी खुश हूं। क्वालीफायर में भाग लेने वाली 38 टीम को वरीयता और पॉट आवंटन सिद्धांत के आधार पर छह पॉट में विभाजित किया गया है जो पिछले तीन टूर्नामेंट (2025, 2023 और 2018) में टीम के प्रदर्शन के आधार पर है।

भारत पॉट दो में है लेकिन ड्रॉ के उद्देश्य से उसे एक अतिरिक्त मेजबान पॉट में रखा जाएगा जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी मेजबान अलग-अलग समूहों में हों। चीन, वियतनाम, थाईलैंड, म्यांमार, किर्गिस्तान और जोर्डन अन्य छह मेजबान हैं जिन्हें भारत के समूह में नहीं रखा जा सकता।

**भारतीय सेना एफटी ने त्रिभुवन सेना एफसी को हराया**

जमशेदपुर। पी क्रिस्टोफर कामेइ के पहले हाफ में किये एकमात्र गोल की मदद से भारतीय सेना एफटी ने दस खिलाड़ियों तक सिमटी त्रिभुवन सेना एफसी को डूरंड कप फुटबॉल ग्रुप सी के मैच में 1 . 0 से हरा दिया। नेपाल की त्रिभुवन सेना एफसी के तीन मैचों में एक ही अंक रहा जबकि भारतीय सेना के दो मैचों में तीन अंक हैं। भारतीय सेना के लिये क्रिस्टोफर ने 21वें मिनट में गोल दागा।

# ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदल दी : पहलवान

एजेंसी

लखनऊ । पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए ज़िंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक

**मैं इसे भूल चुका हूं: पहलवान अमन सहरावत**

ज़िम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं। लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया। विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने पीटीआई से कहा, ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था,



लेकिन पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है।

उन्होंने कहा ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज़्यादा थीं। ये तो भगवान का दिया प्रसाद ही है। अमन ने कहा, इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। लोग अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं। शीर्ष स्तर पर सफलता ने किस प्रकार उनके जीवन को बदल दिया, इस बारे में उन्होंने कहा अब मैं जो चाहूं खरीद सकता हूं। पहले मुझ पर दबाव था कि भविष्य में मुझे अपनी छोटी बहन को पढ़ाना है और उसकी शादी करनी है। अब मैं निश्चिंत होकर अभ्यास कर सकता हूं। अब मुझे पैसों की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।

अमन ने कहा ऐसा नहीं है कि हमारा ध्यान नहीं रखा गया। मेरे चाचा ने हमेशा हमारा साथ दिया है, लेकिन एक बड़े भाई की जिम्मेदारी क्या होती है इसके बारे में तो सभी सोचते हैं। पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया। अमन ने कहा, ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था।

# फिलीपीन के सशस्त्र बलों से तालमेल बढ़ाने पर जोर

## भारत और फिलीपीन ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और फिलीपीन अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की, जब दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाते हुए अपने सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी और फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर के बीच यहां संपन्न द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की। इससे एक दिन पहले दोनों देशों की नौसेनाओं ने फिलीपीन तट पर संयुक्त अभ्यास किया था। मोदी ने मार्कोस की मौजूदगी में कहा, भारत और फिलीपीन अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं। हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक, हम साझा मूल्यों के तहत एकजुट हैं। हमारी दोस्ती केवल अतीत की साझेदारी नहीं है, यह भविष्य के लिए एक वादा है। भारत और फिलीपीन ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रणनीतिक साझेदारी की घोषणा एवं कार्यान्वयन, दोनों देशों की सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच वार्ता के लिए संदर्भ की शर्तें तथा बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग शामिल है। मोदी ने कहा कि फिलीपीन भारत की एक्ट ईस्ट नीति और महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) दृष्टिकोण में



एक अहम साझेदार है। उन्होंने कहा कि हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस साझेदारी की संभावनाओं को नतीजों में बदलने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी तैयार की गई है। भारत और फिलीपीन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस अवसर पर मोदी और मार्कोस ने एक डाक टिकट जारी किया। मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने के लिए फिलीपीन सरकार का आभार जताया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान गई थी। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंध गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र से घिरे देशों के रूप में, भारत और फिलीपीन के बीच समुद्री सहयोग स्वाभाविक और आवश्यक दोनों है। हम मानवीय सहायता, आपदा राहत, खोज एवं बचाव के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी के तहत भारत फिलीपीन में त्वरित प्रभाव परियोजनाओं की संख्या बढ़ाएगा और संप्रभु डेटा क्लाउड अवसंरचना के विकास में भी सहयोग करेगा। उन्होंने कहा, आज जब (फिलीपीन के) राष्ट्रपति भारत में हैं, तब भारतीय नौसेना के तीन जहाज पहली बार फिलीपीन में किसी नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और तीन अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि व्यापार संबंधों को और मजबूत करने के लिए, भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की जल्द से जल्द समीक्षा करना हमारी प्राथमिकता है।

# जून तक मुद्रा तरुण प्लस के तहत 34 हजार से अधिक लेनदारों के लिए 4,930 करोड़ रुपये मंजूर

नयी दिल्ली। बैंकों ने मुद्रा योजना की तरुण प्लस श्रेणी के तहत 34,697 लेनदारों के लिए 4,930 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए हैं।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां मंगलवार को राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत सफल उधारकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2024-25 में तरुण प्लस श्रेणी की शुरुआत की गई। यह श्रेणी उन उधारकर्ताओं के लिए है, जिन्होंने तरुण श्रेणी के तहत लिए गए ऋण का समय पर पुनर्भुगतान किया है। सीतारमण ने कहा कि तरुण प्लस के तहत अधिकतम 20 लाख रुपये तक के गारंटी-मुक्त ऋण प्रदान किए जा रहे हैं। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त मंत्री ने बताया, पीएमएमवाई दिशा-निर्देशों के अनुसार, जून 2025 तक तरुण प्लस श्रेणी के तहत 34,697 ज ण खातों को कुल 4,930 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक अपनी शाखा नेटवर्क के माध्यम से मुद्रा उधारकर्ताओं तक सक्रिय रूप से पहुंच बना रहे हैं और ज ण स्वीकृति के बाद इकाइयों की प्रगति की निगरानी भी कर रहे हैं, जिसमें स्टॉक विवरण, खाता लेनदेन, क्रेडिट सीमा का नवीनीकरण आदि शामिल हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सीतारमण ने कहा कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन के तहत प्रधानमंत्री जन धन योजना को अगस्त 2014 में शुरू किया गया था। सरकार की वित्तीय समावेशन पहलों को गति देने के लिए 14 अगस्त, 2018 के बाद योजना को और आकर्षक बनाकर विस्तारित किया गया।

## संक्षेप

### साइबर गिरोह का भंडाफोड़ पांच आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड पर इनाम का लालच देकर लोगों को ठगने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस गिरोह का पता तब चला जब पालम कॉलोनी के एक निवासी ने 20 जून को शिकायत दर्ज कराई कि एक व्यक्ति ने खुद को एक निजी बैंक का कर्मचारी बताकर फोन करके उसके साथ 96,000 रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस के अनुसार, गिरोह बैंक कर्मचारियों का रूप धारण कर क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड प्वाइंट्स भुनाने के बहाने पीड़ितों से संपर्क करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले ने शिकायतकर्ता को उसके क्रेडिट कार्ड की आंशिक जानकारी दी और रिवॉर्ड पॉइंट रिडेम्पशन के नाम पर ओटीपी शेयर करने के लिए राजी किया। इसके बाद मोबाइल ऐप्लिकेशन के जरिए धोखाधड़ी से आरोपी के बैंक खाते में पैसे हस्तांतरित कर लिए गए। अधिकारी ने कहा कि वे अनजान लोगों से क्रेडिट कार्ड का विवरण और ओटीपी एकत्र करते थे और धोखाधड़ी से प्राप्त धन को बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित कर देते थे। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शिबू सोरेन का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

एजेंसी

नेमरा (झारखंड)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का रामगढ़ जिले में स्थित उनके पैतृक गांव नेमरा में मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

इस दौरान देश के शीर्ष नेताओं से लेकर बड़ी संख्या में आम लोगों ने नम आंखों से दिशोम गुरु को अंतिम विदाई दी। सोरेन को जनता प्यार से दिशोम गुरु कहती थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सह-संस्थापक के पैतृक गांव नेमरा में हर कोई अपने प्रिय नेता के निधन से गमजदा था। उनके बड़े बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैसे ही मुखाग्नि दी, लोगों ने गुरुजी अमर रहें के नारे लगाए।

झामुमो के सह-संस्थापक का सोमवार को दिल्ली के एक अस्पताल में गुर्दे संबंधी बीमारी के इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

# अमेरिका में प्रवेश के लिए कुछ विदेशी पर्यटकों को 15,000 डॉलर तक का बांड देना होगा

न्यूयॉर्क। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन एक प्रायोगिक कार्यक्रम लागू कर रहा है जिसके तहत पर्यटक या व्यावसायिक वीजा पर अमेरिका आने वाले विदेशी आगंतुकों को 15,000 अमेरिकी डॉलर तक का बांड भरना पड़ेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपनी वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में न रुकें।

इस कार्यक्रम के दायरे में आने वाले देशों की घोषणा अभी नहीं की गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक अस्थायी अंतिम नियम जारी किया है जिसके तहत 12 महीने का वीजा बांड प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस प्रायोगिक कार्यक्रम के तहत व्यवसाय या पर्यटन के वास्ते अमेरिका आने के लिए बी- ।बी-2 वीजा का आवेदन करने वाले विदेशियों को 15,000 अमेरिकी डॉलर तक का बांड भरना पड़ सकता है। मंत्रालय ने कहा कि इस नियम को वीजा अवधि से अधिक समय तक रुकने और अपर्याप्त जांच-पड़ताल से उत्पन्न स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे से अमेरिका की रक्षा के लिए ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ बताया गया है। मंत्रालय ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, व्यापार या मौज मस्ती के लिए अस्थायी आगंतुक (बी- ।बी-2) के रूप में वीजा का आवेदन करने वाले व्यक्ति और मंत्रालय द्वारा चिह्नित ऐसे विदेशी नागरिक जिनका उच्च वीजा अवधि से अधिक दिन तक ठहरने का इतिहास रहा है, अथवा निवेश के जरिए नागरिकता की पेशकश करने वाले व्यक्ति और ऐसे विदेशी जिन्होंने बिना किसी निवास आवश्यकता के नागरिकता प्राप्त की हो, वे इस प्रायोगिक कार्यक्रम के अधीन हो सकते हैं।

# केरल में भारी बारिश से नदियां उफान पर, रेड अलर्ट जारी

तिरुवनंतपुरम। केरल में सोमवार एवं मंगलवार की दरमियानी रात हुई भारी बारिश के कारण सड़कों और निचले इलाकों में व्यापक जलभराव हो गया, जिससे कई जिलों में नदियां और बांध उफान पर आ गए। मौसम विभाग ने चार जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुऐ बेहद भारी बारिशै की चेतावनी दी है।

एर्णाकुलम, त्रिशूर और पलक्कड़ के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश के कारण सड़कों और घरों में पानी भर गया है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस तीव्र मौसम के लिए दक्षिणी केरल में चक्रवाती परिसंचरण और बंगाल की खाड़ी से तमिलनाडु तट तक फैली ऊपरी स्तर की प्रणालियों को जिम्मेदार ठहराया है। परिणामस्वरूप, राज्य में अगले कुछ दिनों में भारी वर्षा और तेज हवाएं चलने की संभावना है। एर्णाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों के लिए 24 घंटे में 20 सेंटीमीटर से अधिक अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया। आईएमडी ने तीन अतिरिक्त जिलों में चेतावनी के स्तर को येलो से बढ़ाकर ऑरेंज कर दिया है, जिससे ऑरेंज अलर्ट (11-20 सेमी बारिश) वाले जिलों की कुल संख्या आठ हो गई है। शेष दो जिले येलो अलर्ट (6-11 सेमी बारिश) के अंतर्गत हैं। पथनमथिट्टा, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़ और वायनाड में बिजली उत्पादन और सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले कई बांध वर्तमान में बढ़ते जल स्तर के कारण अलर्ट के तीसरे चरण पर हैं। कोच्चि में एक निजी टैक्सी भारी बारिश के कारण जलमग्न सड़क से सटी एक खुली नहर में गिर गई। पुलिस ने बताया कि नेविगेशन ऐप इस्तेमाल कर रहा चालक नहर को देख नहीं पाया, क्योंकि सड़क पूरी तरह से पानी से भरी हुई थी।

### चुनावी ड्यूटी के कर्मचारियों को नहीं मिला यात्रा भत्ता

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय रेलवेकर्मी महासंघ (एआईआरएफ) ने 2024 के लोकसभा चुनाव और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान मंडल रेलवे, उत्पादन इकाइयों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों से चुनावी ड्यूटी पर गए कर्मचारियों को यात्रा भत्ता देने की मांग की है। एआईआरएफ के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली के साथ-साथ केंद्र सरकार, स्वायत्त निकायों और रेलवे बोर्ड के कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान चुनावी ड्यूटी करने के लिए यात्रा भत्ता मिला है।

# इंटरनेट सेंसर के जरिये अपने लोगों को दुनिया से अलग-थलग कर रहा रूस

टालीन। रूस में यूट्यूब वीडियो का डाउनलोड नहीं होना, किसी लोकप्रिय स्वतंत्र मीडिया वेबसाइट पर जाने पर सिर्फ खाली पेज दिखाई देना, मोबाइल फोन का इंटरनेट घंटों या दिनों तक बंद रहना अब सामान्य बात हो गई है।

ये सब किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की लोगों को स्वतंत्र जानकारी तक पंहुचने से रोकने की कार्वाई का नतीजा है। अधिकार समूहों और विशेषज्ञों ने यह आरोप लगाया है। अधिकार समूहों के मुताबिक रूस में ऑनलाइन जानकारी एकत्र करना निराशाजनक, जटिल और यहां तक कि खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुचारु इंटरनेट तक पहुंच और कई साइट के बाधित होने की वजह इन मंचों को क्रेमलिन के पूर्ण नियंत्रण में लाने के लिए अधिकारियों द्वारा जानबूझकर किया गया बहुआयामी और दीर्घकालिक प्रयास है। अधिकार समूहों के मुताबिक अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कानून बनाए और उन वेबसाइट और मंच पर प्रतिबंध लगा दिया जो उनके निर्देशों का पालन नहीं करते। ऑनलाइन ट्रैफिक की निगरानी और उसमें हेरफेर करने के लिए तकनीक को और भी बेहतर बनाया गया है। हालांकि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) ऐप्स का उपयोग करके प्रतिबंधों को दरकिनार करना अब भी संभव है, परंतु उन्हें भी नियमित रूप से ब्लॉक कर दिया जाता है। अधिकारियों ने इस साल गर्मियों के मौसम में इंटरनेट तक पहुंच को और अधिक जटिल बना दिया था और इसके तहत मोबाइल फोन के इंटरनेट कनेक्शनों को व्यापक रूप से बंद कर दिया गया तथा उपयोगकर्ताओं को अवैध सामग्री खोजने पर दंडित करने का कानून पारित किया गया। रूसी अधिकारी लोकप्रिय मंच व्हाट्सऐप को भी निशाना बनाने की धमकी दे रहे हैं और साथ ही एक नया राष्ट्रीय मैसेंजर भी ला रहे हैं, जिस पर व्यापक रूप से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सरकार से विदेशी इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का आह्वान किया है और अधिकारियों को विरोधी राष्ट्रों के ऐप या वेबसाइट की एक सूची तैयार करने का आदेश दिया, जिन्हें प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि प्रतिबंधों का पैमाना और उनका असर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। ह्यूमन राइट्स वॉच की शोधकर्ता अनास्तासिया क्रूप ने इंटरनेट पर लगाम लगाने के मॉस्को के दृष्टिकोण को हजारों घावों से मौत के रूप में वर्णित किया है। उन्होंने कहा कि थोड़ा-थोड़ा करके, आप एक ऐसे बिंदु पर आने की कोशिश कर रहे हैं जहां सब कुछ नियंत्रित हो।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म '120 बहादुर' का टीजर मंगलवार को रिलीज किया गया है। यह जज्बा और देशभक्ति से भरपूर है। फिल्म में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह भाटी का किरदार निभा रहे हैं। फर्स्ट लुक से ही साफ है कि ये फिल्म जंग के मैदान में साहस और बलिदान की गाथा कहेगी। टीजर में 1962 की रेजांग ला की लड़ाई दिखाई गई है। इसमें 120 भारतीय सैनिकों ने हजारों दुश्मनों के सामने मोर्चा संभाला था। टीजर में गूंजती एक दमदार लाइन झ 'हम पीछे नहीं हटेंगे !' झ फिल्म की असली भावना को दर्शाती है। मेजर शैतान सिंह भाटी को साल 1963 में मरणोपरांत परमवीर चक्र का सम्मान दिया गया था। मेकर्स ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ‍‍‍ध्यह वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है। बर्फ से ढकी जंग और बलिदान से जुड़ी एक सच्ची कहानी पर 120 बहादुर बनी है। इसका टीजर अब रिलीज हो चुका है। फिल्म 21 नवंबर 2025 को नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में फरहान अख्तर के साथ विवान भटेना, अंकित सिवाच जैसे कलाकार भी हैं।

> मेजर शैतान सिंह के रोल में दिखे फरहान अख्तर, दमदार डायलॉग्स ने ध्यान खींचा




टीजर में फरहान अख्तर गंभीर और शांत दिख रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लद्दाख, राजस्थान और मुम्बई में हुई है। इसे अब तक के सबसे बड़े स्तर पर तैयार किया गया है। जमी हुई बर्फ से लेकर रणभूमि की खामोशी तक, हर फ्रेम में रोंगटे खड़ें हो जाते हैं। बता दें कि फिल्म को करीब 14,000 फीट की ऊंचाई पर लद्दाख में शूट किया, जहां तापमान कई बार -5 से लेकर -10 डिग्री तक चला जाता था। फिल्म का डायरेक्शन रजनीश घई ने किया है। इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर (एक्सेल एंटरटेनमेंट) और अमित चंद्रा (ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज) ने प्रोड्यूस किया है।

### बिग बॉस : शैलेश लोढ़ा को ऑफर हुआ शो

मुंबई। टेलीविजन के पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन की शुरूआत 24 अगस्त से हो रही है। इसी के साथ शो में हिस्सा लेने वाले कंटेस्टेंट्स के नाम भी लगातार सामने आ रहे हैं। इस सीजन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में तारक मेहता का किरदार निभाने वाले शैलेश लोढ़ा को शो ऑफर हुआ है। उनके अलावा इसी शो में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण से भी मेकर्स की बातचीत जारी है। कंटेस्टेंट्स के अलावा शो के फॉर्मेट से जुड़ी खबरें भी लगातार सामने आ रही हैं। बिग बॉस खबरी पेज के अनुसार, शैलेश लोढ़ा को बिग बॉस की टीम की तरफ से अप्रोच किया गया है। इसे हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट द्वारा कन्फर्म किया गया है, हालांकि उनकी तरफ से मेकर्स को अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

# पश्चिम बंगाल में 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर होगा लॉन्च

**मुंबई।** डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री इन दिनों अमेरिका में अपनी अगली फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का प्रमोशन कर रहे हैं। वह वहां कई शहरों में वर्ल्ड प्रीमियर आयोजित कर रहे हैं। हालांकि, रिलीज से पहले विवेक की फिल्म विवादों में घिरी है। विवेक रंजन ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज कराई हैं। जरूरी और अहम : मेरे खिलाफ 'द बंगाल फाइल्स' बनाने पर पश्चिम बंगाल सरकार ने कई एफआईआर दर्ज की हैं। माननीय हाई कोर्ट ने इन पर रोक



लगा दी है। वे हमें चुप क्यों कराना चाहते हैं? सच से इतनी डर क्यों लग रही है? मैं चुप नहीं रहूंगा। कृपया देखें और शेयर करें। वीडियो में विवेक ने कहा कि वो 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर पश्चिम बंगाल में रिलीज करेंगे। विवेक ने जोर देकर कहा कि इस फिल्म के पीछे कई सालों की मेहनत और रिसर्च है और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

# शाहरुख खान के नेशनल अवॉर्ड जीतने पर सवाल

**मुंबई।** शाहरुख खान को फिल्म जवान के लिए करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड मिला है। हालांकि मलयाली सिनेमा की लीजेंड्री एक्ट्रेस उर्वशी ने इस पर सवाल खड़े किए हैं, जिन्हें खुद बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला है। उनका कहना है कि साउथ एक्टर विजय राघवन डिजर्विंग एक्टर थे, लेकिन उन्हें सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड दिया गया, जबकि शाहरुख को बेस्ट एक्टर का। उन्होंने सवाल उठाया कि किस पैरामीटर में शाहरुख को विजय से बेहतर पाया गया है। एक्ट्रेस उर्वशी ने हाल ही में एशिया नेट को दिए इंटरव्यू में नेशनल अवॉर्ड पर सवाल उठाते हुए कहा है, शाहरुख को बेस्ट एक्टर बनाने के पैरामीटर्स क्या थे। विजय राघवन को सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड कैसे मिला। विजय राघवन वेटरन एक्टर हैं। उन्हें स्पेशल ज्यूरी मेंशन ही क्यों नहीं दिया गया।

> मलयाली एक्ट्रेस उर्वशी बोलीं- विजय राघवन की जगह उन्हें किस आधार पर बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया



विजय राघवन को फिल्म पूक्कालम के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। फिल्म में उन्होंने 100 साल के आदमी का रोल निभाया है। बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें विजय राघवन के साथ फिल्म पूक्कालम में रोल ऑफर हुआ था, लेकिन उस रोल में फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन की डिमांड थी, इस वजह से उन्होंने फिल्म में काम करने से इनकार कर दिया था। एक्ट्रेस ने कहा, मैं करोड़ों के लिए भी ऐसा नहीं कर सकी, लेकिन विजय राघवन ने ऐसा किया था। तो उनकी परफॉर्मेंस को सपोर्टिंग रोल कैसे कहा जा सकता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com